हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

www.naisochlive.com | पटना, गुरुवार, 28 मई 2026, वर्ष- 09, अंक- 93, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

पेज : 08

आईपीएल के पहले क्वालिफायर में शुभमन ने हार के लिए खराब...



# देश में कहीं आग उगल रही गर्मी तो कहीं भारी बारिश की चेतावनी

## मौसमः उधर 90 किमी की रफ्तार वाले तूफान का अलर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली



देश इस समय मौसम के सबसे अनोखे और खतरनाक दौर से गुजर रहा है। एक तरफ उत्तर और मध्य भारत के कई हिस्से भीषण गर्मी से तप रहे हैं, तो दूसरी तरफ मौसम विभाग ने सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के चलते देश के 17 राज्यों में तेज आंधी, मूसलाधार बारिश और वज्रपात का बड़ा अलर्ट जारी किया है। अगले 72 घंटे देश के कई हिस्सों के लिए बेहद संवेदनशील माने जा रहे हैं, जहां 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चल सकती हैं। मौसम का यह बदला हुआ रूप सिर्फ राहत नहीं देगा बल्कि कई जगह तबाही भी मचा सकता है। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि गर्म हवाओं और सक्रिय वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के टकराव की वजह से उत्तर और पूर्वी भारत में मौसम बेहद अस्थिर हो गया है। बिहार, झारखंड, यूपी और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में हालात ज्यादा गंभीर हो सकते हैं। वहीं पहाड़ी इलाकों में ओलावृष्टि और अचानक बर्फबारी तक की चेतावनी जारी की गई है। वहीं मौसम विभाग ने आंधी और बिजली चमकने के दौरान लोगों को खुले मैदानों, पेड़ों, कमजोर संरचनाओं और बिजली के खंभों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी है। तेज हवाओं और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान होने की आशंका को देखते हुए किसानों को भी खेतों में न जाने और लगातार मौसम अपडेट देखते रहने को कहा गया है।

**उत्तर और मध्य भारतः लू के बीच बारिश की उम्मीद** : दिल्ली-एनसीआरः अगले दो दिन तक भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा और तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। हालांकि, 28 मई से मौसम करवट लेगा और 29 मई को तेज हवाओं (50-60 किमी/घंटा) के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने से तापमान में 6 से 7 डिग्री तक की भारी गिरावट आएगी।

**उत्तर प्रदेशः** पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों के सहारनपुर, मेरठ, नोएडा, गोरखपुर, प्रयागराज, आगरा और अयोध्या समेत कई जिलों में आंधी-बारिश का डबल अटैक देखने को मिलेगा। यहां 75 किमी/घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और बिजली गिरने का अलर्ट है। राजस्थानः फिलहाल बीकानेर, कोटा और शेखावाटी क्षेत्रों में तापमान 46 से 47 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, 28 मई से आंधी और हल्की बारिश के साथ मौसम धीरे-धीरे बदलना शुरू होगा।

## प्रचंड गर्मी से बचाव के लिए पीएम ने की अपील



**नई दिल्ली।** देश के अधिकांश हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से सतर्क रहने और एक-दूसरे की मदद करने की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को गर्मी से बचाव के उपाय बताते हुए खास तौर पर बुजुर्गों, बच्चों और धूप में काम करने वाले लोगों का ध्यान रखने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे लोगों के दैनिक जीवन में कठिनाइयां बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक सावधानी बरतने, शरीर को हाइड्रेटेड रखने और घर से बाहर निकलते समय पानी साथ रखने की सलाह दी। पीएम मोदी ने कहा कि इस मौसम में संवेदनशीलता और मानवीय सहयोग बहुत बड़ा सहारा बन सकता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि यदि संभव हो तो किसी प्यासे व्यक्ति को एक गिलास पानी अवश्य दें। साथ ही उन्होंने उन लोगों की सराहना की, जो अपने घरों और दुकानों के बाहर राहगीरों के लिए मटकों में पानी रखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसी छोटी-छोटी पहलें भीषण गर्मी में लोगों के लिए राहत का कारण बन सकती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हीटस्ट्रोक और गर्मी से होने वाली अन्य समस्याओं को लेकर भी लोगों को सचेत किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को चक्कर आए, अत्यधिक थकान महसूस हो, मतली हो या वह बेहोश जैसा लगे तो इसे नजरअंदाज न करें। ऐसे व्यक्ति को तुरंत किसी ठंडी और छायादार जगह पर ले जाकर पानी, ओआरएस या अन्य तरल पदार्थ देने चाहिए। उन्होंने कहा कि समय रहते ध्यान न देने पर यह स्थिति गंभीर रूप ले सकती है।

# देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी। नई दिल्ली

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर बुधवार को कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने शांतिवन पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान नेताओं ने नेहरू को आधुनिक भारत का निर्माता बताते हुए उनकी दूरदर्शी सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को याद किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पंडित नेहरू ने मजबूत लोकतांत्रिक संस्थाओं और आधुनिक भारत के निर्माण की बुनियाद रखी। उन्होंने कहा कि नेहरू द्वारा स्थापित औद्योगिक, वैज्ञानिक और शैक्षणिक संस्थानों ने देश को नई दिशा दी और उनकी विरासत आज भी देश का मार्गदर्शन कर रही है। खरगे ने कहा कि स्वतंत्रता, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और वैज्ञानिक सोच के प्रति नेहरू का समर्पण भारत की आत्मा में आज भी जीवित है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पंडित नेहरू को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समावेशी, सौहार्दपूर्ण और प्रगतिशील भारत के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। राहुल गांधी ने कहा कि स्वतंत्रता, लोकतांत्रिक सिद्धांतों, संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और वैज्ञानिक सोच पर आधारित नेहरू का नेतृत्व सदैव प्रेरणा देता रहेगा। कांग्रेस महासचिव व लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि किसी भी काम का वास्तविक पैमाना यह है कि समाज के कितने लोगों के आंसू पोंछे गए और कितनों के जीवन में खुशहाली लाई गई। उन्होंने कहा कि नेहरू का मानना था कि देश तभी आगे बढ़ सकता है जब करोड़ों लोग तरक्की करें और खुशहाल हों। इसी सोच के तहत उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान, तकनीक, उद्योग और कृषि से जुड़े बड़े संस्थानों की स्थापना की, जिनकी बदौलत भारत मजबूत हुआ। कांग्रेस के संगठन महासचिव व लोकसभा सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि नेहरू ने उपनिवेशवाद से जर्जर भारत को एक मजबूत और आधुनिक लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में स्थापित किया।



## पीएम ने नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा,'' पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। उल्लेखनीय है कि 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में जन्मे नेहरू ने 27 मई 1964 को अंतिम सांस ली। उन्होंने 15 अगस्त 1947 से अपने निधन तक लगातार 16 वर्ष और 286 दिन तक देश का नेतृत्व किया। उनकी पुस्तकों में ' भारत की खोज' महत्वपूर्ण कृति है। नेहरू का समाधि स्थल शांति वन है। यह नई दिल्ली में महात्मा गांधी के समाधि स्थल (राजघाट) के ठीक उत्तर में रिंग रोड पर यमुना नदी के किनारे स्थित है।

## संक्षिप्त समाचार

### रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा देश का खाद्यान्न उत्पादन, 3765.63 लाख टन का अनुमान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2025-26 के लिए प्रमुख कृषि फसलों के तीसरे अग्रिम अनुमान जारी करते हुए कहा कि देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन 3765.63 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के 3577.32 लाख टन की तुलना में लगभग 188 लाख टन यानी 5.3 प्रतिशत अधिक है, यह अबतक का सर्वाधिक उत्पादन भी है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार खेती को मजबूत करने और किसानों की खुशहाली बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। यही वजह है कि कृषि उत्पादन में निरंतर सुधार हो रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने बुधवार को मीडिया को बताया कि फसलवार सारांश के अनुसार कुल खाद्यान्न उत्पादन 3765.63 लाख टन है। इसमें चावल 1540.24 लाख टन, गेहूं 1206.57 लाख टन और मक्का 550.93 लाख टन के साथ रिकॉर्ड स्तर पर हैं। श्री अन्न 175.84 लाख टन, तूर 35.92 लाख टन, चना 125.14 लाख टन और मसूर 17.62 लाख टन अनुमानित है। इसी तरह, कुल तिलहन उत्पादन 430.59 लाख टन अनुमानित है। इसमें मूंगफली 130.74 लाख टन के साथ रिकॉर्ड स्तर पर है, सोयाबीन 125.96 लाख टन है और रेपसीड एवं सरसों 137.68 लाख टन के साथ रिकॉर्ड स्तर पर है। गन्ना 5000.63 लाख टन के साथ रिकॉर्ड स्तर पर है, जबकि कपास 290.24 लाख गांठें और जूट 91.76 लाख गांठें अनुमानित हैं।

### सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए 25,530 करोड़ रुपये मंजूर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर और किफायती बनाने के लिए सार्थक-पीडीएस योजना को एकीकृत और 31 मार्च 2031 तक जारी रखने को मंजूरी दी है। योजना के तहत खाद्यान्न परिवहन, भंडारण, ई-पॉस स्वचालन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को मजबूत किया जाएगा। इसके लिए 25,530 करोड़ रुपये के केंद्रीय व्यय को स्वीकृति दी गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि "स्कीम फॉर असिस्टेंस इन राशन ट्रांसपोर्ट एंड हैंडलिंग-इनकम विद ऑटोमेशन इन पीडीएस" यानी सार्थक-पीडीएस को एक अम्ब्रेला योजना के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। इसमें खाद्यान्न परिवहन सहायता और स्मार्ट-पीडीएस योजनाओं का एकीकरण किया गया है। योजना का उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक एकीकृत, नागरिक केंद्रित और तकनीक समर्थ बनाना है। योजना के तहत राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को राज्य के भीतर खाद्यान्न परिवहन और हैंडलिंग पर होने वाले खर्च के लिए संशोधित केंद्रीय सहायता दी जाएगी। उचित मूल्य दुकानों के डीलरों के मार्जिन और मौजूदा केंद्रीय वित्तीय सहायता को भी जारी रखा जाएगा। सार्थक-पीडीएस योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आने वाले 81.35 करोड़ लाभार्थियों की खाद्य सुरक्षा को समर्थन देगी। योजना में आधार सीडिंग, ई-पॉस स्वचालन और कंप्यूटरीकृत आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन का विस्तार सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में किया जाएगा।

# भारतीय कोस्ट गार्ड और गुजरात एटीएस ने कच्छ में पकड़ी 100 किलो कोकीन

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) और गुजरात एटीएस ने मुंद्रा तट के पास चलाए गए संयुक्त समुद्री तस्करी-रोधी अभियान में 115 किलोग्राम कोकीन जब्त की है, जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य लगभग 1150 करोड़ रुपये बताया गया है। जहाज को आगे की जांच के लिए बंदरगाह पर लाया गया है। आईसीजी, गुजरात एटीएस और अन्य संबंधित एजेंसियां संयुक्त रूप से इस मामले की जांच कर रही हैं। समुद्री मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ आईसीजी पांच वर्षों से अभियान चला रहा है। गुजरात एटीएस के साथ संयुक्त रूप से चलाया गया यह पंद्रहवां नशीले पदार्थ विरोधी ऑपरेशन है, जो समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने और नशा मुक्त भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इसी क्रम में आईसीजी ने गुजरात एटीएस के समन्वय से 25-26 मई की रात के समय मुंद्रा तट के पास संयुक्त खुफिया आधारित तस्करी रोधी अभियान चलाया। आईसीजी के कमांडर अमित उनियाल ने बताया कि इंटरसेप्टर नावों पर एटीएस के जवान भी सवार थे। अभियान के दौरान मुंद्रा से लगभग पांच नॉटिकल मील की दूरी पर लंगर डाले हुए कंटेनर जहाज 'एमवी यूरोप' पर कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं।

**बरामद नशीले पदार्थ का अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य लगभग 1150 करोड़ बताया गया**



# श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर से हीरे के आभूषण और सोना गायब

नई सोच एक्सप्रेस। तिरुवनंतपुरम

## सुरक्षा पर उठे बड़े सवाल, मचा हड़कंप



दुनिया के सबसे रहस्यमयी और अमीर मंदिरों में शुमार केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर से एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है। सदियों पुराने खजाने और अपनी अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था के लिए मशहूर इस ऐतिहासिक मंदिर से वैर नाम नामक एक अत्यंत कीमती व दुर्लभ हीरे का आभूषण पिछले छह महीनों से गायब है। इसके साथ ही, भक्तों द्वारा श्रद्धा से दान किए गए करीब 78 ग्राम सोने का भी कोई आधिकारिक हिसाब-किताब नहीं मिल रहा है। यह गंभीर मामला तब और ज्यादा गर्मा गया जब पुलिस महानिदेशक की हालिया रिपोर्ट में इन बड़ी प्रशासनिक गड़बड़ियों और सुरक्षा चूकों का स्पष्ट रूप से जिक्र किया गया। इस खुलासे के बाद अब मंदिर की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक निगरानी और इसके अरबों के खजाने की देखरेख पर बेहद गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पद्मनाभस्वामी मंदिर सिर्फ एक धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं है, बल्कि इसे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक संपदा का अद्वितीय प्रतीक माना जाता है। इसके बंद और रहस्यमयी तहखानों में अरबों-खरबों रुपये की अकूत संपत्ति होने के दावे हमेशा वैश्विक सुर्खियों में रहे हैं। ऐसे संवेदनशील स्थान के गर्भगृह से जुड़े कीमती आभूषणों और भक्तों के चढ़ावे की गुमशुदगी ने सबको हैरत में डाल दिया है।

**रिपेयर के बहाने ले जाए जाते हैं पर वापस नहीं आते** : जानकारी के मुताबिक, वैर नाम नामक इस हीरे के आभूषण को कुछ समय पहले मरम्मत के लिए भेजा गया था, लेकिन वह वापस आकर मंदिर के रिकॉर्ड में दर्ज ही नहीं हुआ। ठीक इसी तरह, मंदिर का एक पारंपरिक सोने का दीपक भी मरम्मत के नाम पर बाहर भेजा गया था, जो छह महीने बीत जाने के बाद भी अब तक वापस नहीं लौटा है। पुलिस प्रशासन ने इसे एक बेहद गंभीर सुरक्षा चूक माना है और डीजीपी ने राज्य सरकार को सख्त कदम उठाते हुए सभी कीमती वस्तुओं को तुरंत हाई-सिक्योरिटी स्ट्रॉन्ग रूम में शिफ्ट करने की हिदायत दी है।

**आंतरिक मिलीभगत के बड़े नेटवर्क की आशंका** : मंदिर प्रशासन के मौजूदा आधिकारिक रिकॉर्ड में कई अन्य कीमती वस्तुओं का हिसाब-किताब भी मेल नहीं खा रहा है। चूंकि इस मंदिर के तहखानों और खजाने की सुरक्षा के लिए बेहद कड़े प्रोटोकॉल लागू हैं, इसलिए रिकॉर्ड और वास्तविक संपत्ति में इतना बड़ा अंतर पाया जाना किसी गहरी प्रशासनिक लापरवाही या फिर किसी आंतरिक मिलीभगत के बड़े नेटवर्क की आशंका को जन्म देता है।

## भारत में इबोला का कोई खतरा नहीं, युगांडा से आई महिला की रिपोर्ट नेगेटिव

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने बुधवार को साफ कर दिया कि देश में इबोला वायरस से जुड़ा एक भी मामला सामने नहीं आया है। यह घोषणा युगांडा से भारत आई एक महिला में इबोला जैसे हल्के लक्षण दिखने के बाद की गई थी, हालांकि महिला की टेस्ट रिपोर्ट नकारात्मक आई है। यह महिला 23 मई बेंगलुरु एयरपोर्ट पहुंची थी, इसके बाद एहतियातन महिला को सरकारी अस्पताल में आइसोलेशन में रखा गया। शुरुआती तौर पर उसमें हल्का शारीरिक दर्द था, लेकिन अब वह पूरी तरह स्वस्थ है। अधिकारियों ने घबराने की आवश्यकता से इंकार करते हुए एहतियात के तौर पर निगरानी बढ़ा दी है। महिला के संपर्क में आए लोगों की पहचान की जा रही है। गौरतलब है कि अफ्रीकी देश युगांडा में इबोला के 8 मामले दर्ज किए गए हैं। इबोला वायरस डिसीज (ईवीडी) पहली बार 1976 में अफ्रीका में सामने आई थी और यह संक्रमित व्यक्ति के रक्त, उल्टी और अन्य शारीरिक तरल पदार्थों के सीधे संपर्क से फैलती है। इस जानलेवा बीमारी से पीड़ित 25 से 90 प्रतिशत मरीजों की मौत हो सकती है।



# बिहार में एसआईआर प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन' (एसआईआर) को लेकर दायर याचिकाओं पर महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए चुनाव आयोग की प्रक्रिया को वैध और संवैधानिक करार दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि सिर्फ इस आधार पर एसआईआर प्रक्रिया को अवैध नहीं कहा जा सकता कि यह सामान्य मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया से अलग है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि संविधान और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत निर्वाचन आयोग को मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण करने का अधिकार प्राप्त है। अदालत ने कहा कि चुनाव आयोग का यह कदम कानूनी रूप से सही है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि चुनाव आयोग को यह अधिकार है कि वह मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने संबंधी प्रक्रिया अपनाए, लेकिन इसका अर्थ किसी व्यक्ति की नागरिकता तय करना नहीं है। अदालत ने कहा कि मतदाता सूची से नाम हटने मात्र से किसी व्यक्ति की नागरिकता समाप्त नहीं होती।

# नीट परीक्षा लीक मामले में दो लोग गिरफ्तार, इन समेत 13 पकड़े गए

नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली



सीबीआई ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच के दौरान दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। इनको मिलाकर इस मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या 13 हो गई है। गिरफ्तार किए गए लातूर के रहने वाले डॉक्टर मनोज शिरुरे पर तीन छात्रों की मदद करने में अहम भूमिका है। इनमें एक कोचिंग सेंटर के मालिक का बेटा भी है। उन्होंने आरोपित पी.वी. कुलकर्णी से केमिस्ट्री के प्रश्न हासिल करने में इन छात्रों की मदद की। सीबीआई ने तेजस हर्षदकुमार शाह को भी गिरफ्तार किया है। वह पुणे स्थित एक कोचिंग सेंट, डॉ. अभंग प्रभु मेडिकल एकेडमी (एपीएमए) में फिजिक्स का फैकल्टी है। जांच में खुलासा हुआ है कि उसे लीक हुए फिजिक्स के प्रश्न मनीषा हवलदार से मिले थे। मनीषा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई ने विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा कि पूरी कड़ी और साज़िश का पता लगाने के लिए जांच जारी है। अब तक अलग-अलग जगहों पर 49 स्थानों पर तलाशी ली गई है। कई लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इनका विश्लेषण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने 12 मई को शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की लिखित शिकायत पर यह मामला दर्ज किया था। मामला दर्ज होने के तुरंत बाद विशेष टीमें बनाई गईं और पूरे देश में अलग-अलग जगहों पर तलाशी ली गई। कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की गई। अब तक इस मामले में दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे, लातूर और अहल्यानगर से कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# देश में स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च तीन गुना बढ़ा, जेब से इलाज का खर्च घटा : राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा रिपोर्ट

नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली




केंद्र सरकार ने बुधवार को भारत के राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा (नेशनल हेल्थ अकाउंट्स-एनएचए) 2022-23 की रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक दशक में देश में स्वास्थ्य क्षेत्र पर सरकारी खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जबकि लोगों की जेब से होने वाला इलाज खर्च लगातार कम हुआ है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट में बताया गया कि वर्ष 2013-14 से 2022-23 के बीच सरकारी स्वास्थ्य व्यय (जीएचई) तीन गुना बढ़कर 1.30 लाख करोड़ रुपये से 3.85 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। इसी अवधि में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च की हिस्सेदारी 1.15 प्रतिशत से बढ़कर 1.43 प्रतिशत हो गई। नई जीडीपी श्रृंखला के आधार पर यह आंकड़ा 1.48 प्रतिशत बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार कुल स्वास्थ्य व्यय (टीएचई) में सरकार की हिस्सेदारी भी लगातार बढ़ी है। वर्ष 2013-14 में यह 28.6 प्रतिशत थी, जो 2022-23 में बढ़कर 43.7 प्रतिशत पहुंच गई। वहीं, आम लोगों द्वारा अपनी जेब से इलाज पर किया जाने वाला खर्च (आउट-ऑफ-पॉकेट एक्सपेंडिचर) घटकर 64.2 प्रतिशत से 43.4 प्रतिशत रह गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम9 जे एवाई), सामाजिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के प्रयासों से लोगों पर आर्थिक बोझ कम हुआ है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि कोविड-19 महामारी के दौरान सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में अतिरिक्त निवेश किया। वर्ष 2021-22 में सरकारी स्वास्थ्य व्यय जीडीपी के 1.84 प्रतिशत तक पहुंच गया था।

इसमें इमरजेंसी कोविड रिस्पॉन्स पैकेज और दुनिया के सबसे बड़े कोविड टीकाकरण अभियान पर हुआ खर्च शामिल था। इसी दौरान लोगों की जेब से इलाज पर खर्च घटकर 39.4 प्रतिशत तक आ गया था। सामाजिक सुरक्षा आधारित स्वास्थ्य खर्च में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कुल स्वास्थ्य व्यय में इसकी हिस्सेदारी 2013-14 के 6 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 9.9 प्रतिशत हो गई। वहीं, निजी स्वास्थ्य बीमा का हिस्सा भी 3.4 प्रतिशत से बढ़कर 9.2 प्रतिशत पहुंच गया है। सरकार द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च भी दोगुने से अधिक बढ़ा है।

## व्यापार समझौते के लिए भारत आएगी अमेरिकी टीम

**नई दिल्ली।** पारस्परिक और परस्पर लाभकारी व्यापार संबंधित अंतरिम समझौते के लिए मुख्य वार्ताकार के नेतृत्व में अमेरिकी टीम 1 से 4 जून तक भारत दौरे पर आएगी। वाणिज्य मंत्रालय ने आज इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार अंतरिम समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने और बाजार पहुंच, गैर-टैरिफ उपाय, सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा, निवेश प्रोत्साहन, आर्थिक सुरक्षा संरेखण जैसे कई क्षेत्रों पर व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के तहत बातचीत को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव है। उल्लेखनीय है कि भारत और अमेरिका ने 7 फरवरी को संयुक्त वक्तव्य जारी कर पारस्परिक और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित एक अंतरिम समझौते के ढांचे पर सहमति व्यक्त की थी। इस ढांचे ने व्यापक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता की पुष्टि की थी।



## क्वाड बैठक के बाद भारत-ऑस्ट्रेलिया रिश्तों को नई मजबूती

**नई दिल्ली।** क्वाड देशों की विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वॉंग के साथ द्विपक्षीय बैठक कर व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और क्रिटिकल मिनरल्स समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंध लगातार नई ऊंचाइयों तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की पिछली मुलाकात के बाद विभिन्न मंत्रालयों और संस्थानों के बीच सहयोग तेज हुआ है। व्यापार और निवेश के क्षेत्र में दोनों देश आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (ईसीटीए) को आगे बढ़ाकर व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते की दिशा में बातचीत कर रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच साझेदारी मजबूत हो रही है। उन्होंने संकेत दिया कि भारत ऑस्ट्रेलिया से यूरेनियम आपूर्ति बढ़ाने का इच्छुक है, क्योंकि देश में परमाणु ऊर्जा के विस्तार की दिशा में सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने राज्य कर्मियों को दिया बड़ी तोहफा:राज्य कर्मियों एवं उनके आश्रितों को मिलेगी कैशलेस इलाज की सुविधा

नई सोच एक्सप्रेस



» मंत्रिपरिषद् की बैठक में 27 एजेंडों पर निर्णय लिया गया

**पटना।**मंत्रिपरिषद् की बैठक में 27 (सताईस) एजेंडों पर निर्णय लिया गया। इस सन्दर्भ में मंत्रिपरिषद् की बैठक के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव, अरविन्द कुमार चौधरी ने प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग के तहत बिहार विधान मंडल के वर्तमान एवं पूर्व सदस्यों तथा उनके आश्रित ,अखिल भारतीय सेवा के सेवारत एवं सेवानिवृत्त पदाधिकारियों तथा उनके आश्रित ,राज्य सरकार के नियमित पदाधिकारियों,कर्मियों एवं उनके आश्रित ,सेवानिवृत्त पेंशनधारी राज्य कर्मी (पति-पत्नी) तथा पारिवारिक पेंशनर को बिहार सरकार स्वास्थ्य योजना के अधीन अंतर्वासी चिकित्सा हेतु कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गई। श्री चौधरी ने बताया कि उक्त एजेंडे के तहत माननीय मुख्यमंत्री ने राज्य कर्मियों को स्वास्थ्य का बड़ा तोहफा दिया है क्योंकि अब राज्य कर्मियों एवं उनके आश्रितों को आई०पी०डी० में कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की जायेगी। श्री चौधरी ने कैबिनेट द्वारा लिये गये अन्य निर्णयों की जानकारी देते हुए आगे बताया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अन्तर्गत शेखपुरा जिलान्तर्गत अंचल शेखपुरा में आई०बी० के कार्यालय/आवासीय परिसर के निर्माण हेतु मौजा गिरिहिण्डा, थाना सं०-191, खाता सं०-109, खेसरा सं०- 07, रकवा-27.48 डी० गैरमजरूआ आम भूमि सशुल्क आधार पर कुल राशि-6,24,02,487/- (छः करोड़ चौबीस लाख दो हजार चार सौ सत्तासी) रूपये के भुगतान पर एस०आई०बी०, भारत सरकार को हस्तान्तरण की स्वीकृति दी गई। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के ही तहत बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त (संशोधन) नियमावली, 2026 की स्वीकृति दी गई। विधि विभाग के अन्तर्गत उच्च न्यायालय, पटना के न्यायाधीशगण के उपयोग हेतु 10 नये E.V./Hybrid वाहनों के क्रय के निमित्त वित्तीय वर्ष 2026-27 में बिहार राज्य आकस्मिकता निधि से कुल 3,70,00,000/- (तीन करोड़ सत्तर लाख) रूपये के अग्रिम की स्वीकृति दी गई। सामान्य प्रशासन विभाग के अन्तर्गत पूर्णियाँ, भागलपुर एवं गया न्यायमंडल में NDPS Act. के अन्तर्गत दायर वादों के त्वरित विचारण हेतु जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश स्तर के एक-एक अर्थात् कुल तीन अनन्य विशेष न्यायालयों (Exclusive Special Courts) के गठनPDF reader के निमित्त जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के एक-एक अर्थात् कुल 03 (तीन) पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। सामान्य प्रशासन विभाग के ही तहत बिहार मद्य निषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 के अन्तर्गत मधुबनी (सदर) न्यायमंडल में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के एक अतिरिक्त न्यायालय एवं दरभंगा न्यायमंडल के अधीन बेनीपुर अनुमंडलीय न्यायालय में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के एक न्यायालय की स्थापना हेतु जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के एक-एक अर्थात् कुल 02 (दो) पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अन्तर्गत "बिहार स्टेट काउंसिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग" के संकल्प 1185 एवं "बिहार राज्य समुद्रपार नियोजन ब्यूरो के संकल्प-34 तथा 1167 में "श्रम संसाधन विभाग" के स्थान पर "युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग", बिहार, पटना को प्रतिस्थापित करने की स्वीकृति दी गई। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के ही तहत युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के अंतर्गत विशेष नियोजन निदेशालय के 06 नये प्रशाखाओं के लिए विभिन्न कोटि के कुल 57 (सत्तावन) पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के ही तहत युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के अंतर्गत पूर्व से गठित "छात्र एवं युवा कल्याण निदेशालय" के 06 नये प्रशाखाओं के लिए पूर्व से स्वीकृत 07 (सात) पदों को प्रत्यार्पित करते हुए विभिन्न कोटि के कुल 55 (पचपन) पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। लघु जल संसाधन विभाग के अन्तर्गत लघु जल संसाधन विभाग के भूगर्भ शास्त्री संवर्ग की नियुक्ति एवं सेवा शर्तों के विनियमन हेतु "लघु जल संसाधन विभाग भूगर्भ शास्त्री संवर्ग (भर्ती एवं सेवा शर्त) नियमावली, 2026" की स्वीकृति दी गई। लघु जल संसाधन विभाग के ही तहत विभागीय संकल्प संख्या 992 दिनांक 04.02.2019 द्वारा पंचायतों को हस्तांतरित सभी राजकीय नलकूपों की मरम्मती, संचालन एवं रख-रखाव का कार्य लघु जल संसाधन विभाग द्वारा किये जाने की स्वीकृति दी गई। जल संसाधन विभाग के अन्तर्गत जल संसाधन विभाग अन्तर्गत कार्यान्वित की जा रही विश्व बैंक संपोषित (बाह्य संपोषित परियोजना) "बिहार जल सुरक्षा एवं सिंचाई आधुनिकीकरण परियोजना (बी०डब्लू० एस०आई०एम०पी०)" हेतु बिहार आकस्मिकता निधि से विभिन्न विपत्र कोड अन्तर्गत कुल रू० 102.98 करोड़ (एक सौ दो करोड़ अन्ठानवे लाख) मात्र की राशि के अग्रिम की स्वीकृति दी गई। खान एवं भूतत्व विभाग के अन्तर्गत राज्यान्तर्गत अनुमोदित जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन में चिन्हित बालूघाटों की नीलामी से पूर्व खनन योजना तैयार कराने एवं पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु बिहार राज्य खनन निगम लिमिटेड को एजेंसी नामित किये जाने की स्वीकृति दी गई। योजना एवं विकास विभाग के अन्तर्गत सात निश्चय कार्यक्रम अंतर्गत राज्य के 38 जिले में अवस्थित जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्रों के संचालन एवं रख-रखाव के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में कुल 65.00 (पैंसठ) करोड़ रू० मात्र के अनुमानित व्यय (अनु०-1 के अनुसार) की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। पथ निर्माण विभाग के अन्तर्गत BSHP-IV (Bihar State Highway IV Project) के अन्तर्गत मधुबनी राजनगर बाबूबरही खुटौना पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य (लम्बाई-38.872 कि०मी०) हेतु कुल 63272.00 लाख (छः सौ बत्तीस करोड़ बहत्तर लाख) रूपये के प्राक्कलित राशि पर प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। पथ निर्माण विभाग के ही तहत BSHP-IV (Bihar State Highway IV Project) के अन्तर्गत राज्य उच्च पथ संख्या-52 (सीतामढ़ी-पुपरी-बेनीपट्टी) पथ लम्बाई 51.261 कि०मी० में चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य हेतु कुल 43437.00 लाख (चार सौ चौंतीस करोड़ सैतीस लाख) रूपये के प्राक्कलित राशि पर प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। पथ निर्माण विभाग के ही तहत BSHP-IV (Bihar State Highway IV Project) के अन्तर्गत राज्य उच्च पथ संख्या-97 (विशनपुर-अतरबेल (NH-57) जाले घोघरचट्टी (SH-52) पथ परियोजना का उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई-47.875 कि०मी०) हेतु कुल 99003.50 लाख (नौ सौ नब्बे करोड़ तीन लाख पचास हजार) रूपये के प्राक्कलित राशि पर प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### नीतीश कुमार के सुशासन की मजबूत नींव पर एआई आधारित विकसित बिहार का निर्माण - अंजुम आरा

**पटना।**जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती अंजुम आरा ने जारी बयान में कहा कि माननीय श्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व, सुशासन और प्रशासनिक सुधारों के वर्षों के प्रयासों ने बिहार में डिजिटल मॉनिटरिंग, प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही की जो मजबूत आधारशिला रखी, उसी का परिणाम है कि आज बिहार नई तकनीकों और आधुनिक प्रशासनिक व्यवस्थाओं को तेजी से अपनाने में सक्षम हुआ है। बिहार के विकास, सुशासन और युवा शक्ति को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने के लिए मुख्यमंत्री श्री सम्राट चैधरी का यह संकल्प अत्यंत सराहनीय और दूरदर्शी है कि बिहार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल किया जाए। यह केवल एक तकनीकी पहल नहीं, बल्कि बिहार के सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक ढाँचे में व्यापक परिवर्तन लाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। एआई आधारित तकनीकों के माध्यम से कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिसिंग, प्रशासन और उद्योग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिलेंगे, जिससे आम जनता के जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार आएगा। इसी प्रकार पुलिसिंग और प्रशासनिक व्यवस्था में एआई आधारित मॉनिटरिंग एवं डेटा विश्लेषण से पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यकुशलता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे अपराध नियंत्रण, जन शिकायत निवारण तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में तेजी आएगी। उद्योग और स्टार्टअप के क्षेत्र में यह पहल बिहार के युवाओं को नए अवसर प्रदान करेगी तथा राज्य को नवाचार और निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने में सहायक सिद्ध होगी। एआई समिट जैसी पहलें इस बात का स्पष्ट प्रमाण हैं कि एनडीए सरकार बिहार को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी ने जिस सक्रियता, गंभीरता और दूरदृष्टि के साथ इस पहल को आगे बढ़ाया है, वह निश्चित रूप से बिहार के प्रशासनिक ढाँचे को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी, आधुनिक तथा जनोन्मुख बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आज बिहार परिवर्तन के एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है, जहाँ युवा शक्ति, तकनीक, नवाचार और सुशासन मिलकर राज्य को विकास के नए शिखर तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। यह पहल केवल वर्तमान को सशक्त नहीं करेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक समृद्ध, आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सक्षम बिहार का निर्माण करेगी।

### बहुत जल्द होगी सभी जिलों के सिविल सर्जन और डीपीएम के साथ समीक्षा बैठक किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं -निशांत कुमार

» जनसुनवाई में मा. स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत कुमार ने सुनीं आमजन की समस्याएँ, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

» मा0 परिवहन मंत्री श्री दामोदर रावत ने भी सुनीं विभागीय समस्याएँ

**पटना।**जदयू मुख्यालय, पटना में बुधवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर पहुँचे। कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत कुमार ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके विधिसम्मत एवं त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत कुमार ने कहा कि बहुत जल्द सभी जिलों के सिविल सर्जन एवं डीपीएम की समीक्षा बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं को मानकों के अनुरूप और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि स्वास्थ्य विभाग में किसी भी प्रकार की अनियमितता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। इस अवसर पर पटना के वरिष्ठ चिकित्सकों की एक टीम ने माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक में आमजन को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। मुलाकात करने वालों में पद्मश्री डॉ0 आर0 एन0 सिंह, डॉ0 अब्दुल हई, डॉ0 सहजानंद, डॉ0 अखिलेश, डॉ0 दिनेश एवं डॉ0 रमेश प्रसाद सिंह आदि प्रमुख हैं। जनसुनवाई कार्यक्रम में माननीय परिवहन मंत्री श्री दामोदर रावत ने भी विभागीय समस्याओं को सुनकर उनके निष्पादन हेतु आवश्यक पहल की।

### नीतीश कुमार का विजन, सम्राट चैधरी का एक्शन - नवल शर्मा

**पटना।**जेडीयू प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि नीतीश कुमार ने जिस विकसित और खुशहाल बिहार के लिए बीस वर्षों तक अथक परिश्रम किया, सुशासन की मजबूत नींव रखी और विकास का नया अध्याय लिखा, उस विजन को सम्राट चैधरी नई ऊर्जा और तेज कार्यशैली के साथ मजबूती से आगे बढ़ा रहे हैं। अनुभव और ऊर्जावान नेतृत्व का यह संगम बिहार को विकास, निवेश, रोजगार और जनकल्याण की नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है।आज बिहार में विकास की जो रफ्तार दिख रही है, वह मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट नीति का परिणाम है।

# अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के उत्थान के लिये सरकार प्रतिबद्ध हैः मुख्यमंत्री

नई सोच एक्सप्रेस



» वाल्मीकिनगर तथा कैमूर में हेलीपोर्ट बनाये जायेंगे, इससे इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा

» आदिवासी समाज के बीच पर्यटकों के लिये होम स्टे को बढ़ावा दिया जायेगा

**पटना।**मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद सभागार में जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के अन्तर्गत 'बिरसा लिब्स इन न्यू भारत' थीम के तहत प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति के लाभुकों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि विकसित भारत-समृद्ध बिहार की कल्पना के साथ 'बिरसा लिब्स इन न्यू भारत' थीम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना का आज शुभारंभ किया गया है। यह अपने आप में ऐतिहासिक है। यह वर्ष भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं वर्षगांठ के रूप में मनाया जा रहा है ,जिसकी शुरूआत पिछले वर्ष 15 नवम्बर को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था। भगवान बिरसा मुंडा का देश की आजादी और आदिवासी समाज के उत्थान में बड़ा योगदान रहा है। जब वे अंग्रेजों के खिलाफ आन्दोलन कर रहे थे तो उन्हें जेल में डाल कर प्रताड़ित किया गया। वे आदिवासी समाज के नायक थे, जिन्होंने जनजातीय समाज के उत्थान के लिये संघर्ष किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के बंटवारे के बाद झारखण्ड राज्य की स्थापना हुई और बिहार का हरित आवरण क्षेत्र 8 से 9 प्रतिशत ही शेष रह गया। पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वन क्षेत्र के आच्छादन में वृद्धि के लिये काम किया और राज्य का वन क्षेत्र 15 प्रतिशत हो गया। हमलोगों का लक्ष्य इसे 17 प्रतिशत करने का है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा को याद कर अनुसूचित जनजाति समाज के छात्र-छात्राओं को मुख्य धारा में लाने के लिये काम कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर भी उसके लिये काम किया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा बिहार में एकलव्य स्कूलों की स्थापना की गयी है जिसमें बिहार बोर्ड के साथ सी०बी०एस०ई० बोर्ड के सिलेबस की पढ़ायी करायी जायेगी जिससे अनुसूचित जनजाति समाज के बच्चे आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत लगभग 1 लाख 4 हजार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को लाभ दिया गया है जिसमें 4 हजार 155 अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्रा हैं। प्री-मैट्रिक छात्रवृति के तहत इस वर्ष 20 लाख 46 हजार छात्र-छात्राओं को लाभ दिया गया है, जिसमें 1 लाख 41 हजार अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्रा हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में भी आदिवासी समाज के लोगों की आबादी करीब 20 हजार है। आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने के लिये हमलोग काम कर रहे हैं। प्रत्येक प्रखण्ड में मॉडल स्कूल खोला जा रहा है। जुलाई महीने में डिग्री कॉलेज की शुरूआत करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत तथा श्री नीतीश कुमार जी के समृद्ध बिहार बनाने के सपने को साकार करने के लिये हमलोग काम कर रहे हैं। ज्ञानार्जन सभी के लिये जरूरी है। ज्ञानार्जन से ही धनार्जन किया जा सकता है, वही सही रास्ता है। जीवन में सफलता के लिये ज्ञानार्जन जरूरी है। अनुसूचित जनजाति के लिये थरूहट विकास योजना के तहत पश्चिम चम्पारण में 180 करोड़ रूपये के विकास कार्य कराये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में मैराथन का आयोजन होगा। इसमें प्रथम विजेता को 1 लाख, द्वितीय विजेता को 75 हजार एवं तृतीय विजेता को 50 हजार रूपये का इनाम मिलेगा। कैमूर के अधौरा में जहां आदिवासी समाज के लोग संघर्ष का जीवन जी रहे हैं, वहां भी डिग्री कॉलेज खोला जायेगा। वाल्मीकिनगर तथा कैमूर में हेलीपोर्ट बनाये जायेंगे, इससे इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। आदिवासी समाज के बीच पर्यटकों के लिये होम स्टे को बढ़ावा दिया जायेगा, इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लोग आदिवासी संस्कृति को भी बेहतर ढंग से समझ सकेंगे। आदिवासी समाज की उन्नति एवं समृद्धि के लिये हमलोग काम कर रहे हैं। यहां उपस्थित छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की हम कामना करते हैं। कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, शिक्षा मंत्री श्री मिथिलेश तिवारी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री श्री लखेन्द्र कुमार रौशन ने भी संबोधित किया।

## शिक्षकों के बाद अब नर्स बहनों और महिला कर्मियों के लिए भी निर्णय की उम्मीद : लोकमंच

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**भारतीय लोकमंच पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव कुणाल सिकंद ने बिहार सरकार द्वारा शिक्षकों के गृह जिला स्थानांतरण से जुड़े फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने इसे शिक्षकों के हित, सम्मान और पारिवारिक जीवन को ध्यान में रखते हुए लिया गया महत्वपूर्ण एवं सराहनीय निर्णय बताया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और बिहार सरकार के मुख्य सचिव के प्रति धन्यवाद प्रकट किया। कुणाल सिकंद ने कहा कि भारतीय लोकमंच पार्टी ने पहले भी महिला शिक्षिकाओं, नर्सों और गृह विभाग में कार्यरत महिला कर्मचारियों की समस्याओं को सरकार के सामने प्रमुखता से रखा था। पार्टी ने लगातार कई महीनों तक इस विषय को जनहित से जुड़ा मुद्दा मानते हुए उठाया और उसके समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कई शिक्षक और शिक्षिकाएं अपने गृह जिलों से दूर रहकर कार्य कर रहे थे, जिससे उन्हें पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में सरकार का यह निर्णय न केवल शिक्षकों को राहत देगा, बल्कि उनके कार्य वातावरण और पारिवारिक संतुलन को भी बेहतर बनाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर सरकार द्वारा सकारात्मक निर्णय लेना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का संकेत है। भले ही इस प्रक्रिया में समय लगा हो, लेकिन इससे हजारों परिवारों को लाभ मिलने की संभावना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिस प्रकार शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है, उसी तरह स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत नर्सों और गृह विभाग की महिला कर्मचारियों को भी गृह जिला अथवा नजदीकी जिलों में पदस्थापन को लेकर सकारात्मक निर्णय जल्द लिया जाएगा।

## सामाजिक न्याय व वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित दूरदर्शी नेतृत्व के प्रतीक थे पंडित नेहरूः राजेश राम

नई सोच एक्सप्रेस

» 62वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को दी श्रद्धांजलि

**पटना।**प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आज देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 62 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के अध्यक्षता में कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने पंडित नेहरू के योगदान को याद करते हुए कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू का जीवन ही वैश्विक आदर्श है। सामाजिक न्याय व वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित दूरदर्शी नेतृत्व के प्रतीक के रूप में पंडित नेहरू को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत की जिस मजबूत नींव को स्थापित किया और एक समावेशी, सौहार्दपूर्ण व प्रगतिशील भारत के निर्माण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया वो हम सब के लिए प्रेरणादायक है। स्वतंत्रता, लोकतांत्रिक सिद्धांतों, संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित नेहरू का दूरदर्शी नेतृत्व हमेशा देश को उन्नति के मार्ग पर प्रशस्त करता है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने देश की सामूहिक चेतना को प्रेरित किया और समावेशी व प्रगतिशील राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत किया। इस मौके पर अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव, कुमार आशीष, डा0 संजय यादव, करूणा सागर, चन्द्रप्रकाश सिंह, स्नेहाशीष वर्द्धन पाण्डेय, वैद्यनाथ शर्मा, मनोज शर्मा, कमलदेव नारायण शुक्ला, संजय कुमार पाण्डेय, अरविन्द लाल रजक, मंजीत आनन्द साहू, विनीता भगत, नदीम अख्तर अंसारी, विमलेश तिवारी, विशाल यादव, रंजीत कुमार बाल्मीकी, राहुल भारद्वाज, सत्येन्द्र प्रसाद, अभय कुमार, अखिलेश्वर सिंह, मृत्यंजय कुमार सिंह, इन्द्रदेव प्रसाद, शशि भूषण प्रसाद वर्मा, निशांत करपटने, रौशन कुमार सहित अन्य नेताओं ने पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सही अवसर और उचित मार्गदर्शन से युवाओं के लिए रोजगार का मार्ग होगा प्रशस्त : मंत्री अरुण शंकर प्रसाद

नई सोच एक्सप्रेस



» कौशल, अवसर और संकल्प के बल पर युवा करेगा राज्य की प्रगति का नेतृत्व : सचिव डॉ. कौशल किशोर

» राज्य स्तरीय स्वास्थ्य एवं सम्बद्ध क्षेत्र रोजगार मेला-2026 में 10,882 युवाओं को रोजगार

» 1,984 प्रतिभागी विदेशों में रोजगार के लिए शॉर्टलिस्ट

» डॉ. कृष्णा एवं डॉ. शताक्षी को 18-18 लाख रुपये वार्षिक पैकेज

**पटना।**युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा ज्ञान भवन, पटना में आयोजित तीन दिवसीय "राज्य स्तरीय स्वास्थ्य एवं सम्बद्ध क्षेत्र रोजगार मेला-2026" का समापन बुधवार को विभागीय मंत्री श्री अरुण शंकर प्रसाद एवं सचिव डॉ. कौशल किशोर की उपस्थिति में हुआ। मेले में जयप्रभा मेदांता सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल, रूबन हॉस्पिटल, मेडिवर्सल सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों ने भाग लिया। तीन दिनों में कुल 10,882 युवाओं को रोजगार के अवसर मिले, जबकि 1,984 प्रतिभागियों को जर्मनी, जापान, यूएई, कतर, बहरीन एवं ओमान सहित विभिन्न देशों में रोजगार के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। अंतिम दिन 3,446 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। मेले में सबसे आकर्षक नियुक्ति जयप्रभा मेदांता सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा की गई, जहां डॉ. कृष्णा एवं डॉ. शताक्षी का 18-18 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर चयन हुआ। वहीं, अपर्णा कुमारी को एचआर पद पर लगभग 88 हजार रुपये मासिक वेतन तथा महेश कुमार एवं प्रिंस कुमार को दिल्ली-एनसीआर में 45 हजार रुपये मासिक वेतन पर अवसर मिला। मंत्री श्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि बिहार के युवाओं में प्रतिभा और क्षमता की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल सही अवसर और उचित मार्गदर्शन की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार "सात निश्चय-3" के तहत कौशल विकास एवं रोजगार सृजन के लिए लगातार कार्य कर रही है। विभागीय सचिव डॉ. कौशल किशोर ने कहा कि यह रोजगार मेला युवाओं के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने युवाओं से बदलती वैश्विक जरूरतों के अनुरूप अपने कौशल को निरंतर विकसित करने का आह्वान किया।

संक्षिप्त समाचार

## कांग्रेस नेता मृणाल अनामय की माता के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने जताया शोक

**पटना।**बिहार कांग्रेस के नेता मृणाल अनामय की माता इंदू सिन्हा का 78 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने शोक जताते हुए कहा कि स्व. सिन्हा धर्मपरायण महिला थी और उनका परिवार कांग्रेस के प्रति समर्पित रहा है। उनके निधन पर उनके पुत्र मृणाल अनामय और पूरे परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। उन्होंने कहा कि मृत आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव , मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन , प्रवक्ता डॉ. स्नेहाशीष वर्धन, नदीम अख्तर अंसारी सहित अन्य नेतागण प्रमुख रहें।

## डिजिटल प्लेटफार्मों पर नकली एवं अपंजीकृत कीटनाशकों की बिक्री पर कृषि विभाग सख्त

» केवल पंजीकृत कीटनाशकों की ऑनलाइन बिक्री सुनिश्चित करें ई-कॉमर्स कंपनियां : कृषि निदेशक

**पटना।**कृषि निदेशक, कृषि विभाग, बिहार, श्री सौरभ सुमन यादव के निर्देशानुसार राज्य के किसानों, उपभोक्ताओं एवं पर्यावरण की सुरक्षा के मद्देनज़र नकली, संदिग्ध एवं अपंजीकृत कीटनाशकों की बिक्री एवं प्रचार-प्रसार पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। विभाग के संज्ञान में लगातार यह तथ्य आ रहा है कि विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफार्म, सोशल मीडिया, यूट्यूब चैनलों एवं अन्य डिजिटल माध्यमों के जरिए अपंजीकृत कीटनाशकों, फफूंदनाशकों, खरपतवारनाशकों एवं चूहानाशकों का अवैध रूप से प्रचार एवं विक्रय किया जा रहा है, जो अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक विषय है। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि देश एवं राज्य में केवल उन्हीं कीटनाशियों के निर्माण, भंडारण, वितरण एवं बिक्री की अनुमति है, जो कीटनाशक अधिनियम, 1968 के तहत विधिवत पंजीकृत हैं। अपंजीकृत अथवा नकली कीटनाशकों का उपयोग किसानों की फसल, भूमि की उर्वरता, मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। इसके अतिरिक्त किसानों को आर्थिक क्षति का भी सामना करना पड़ता है। इस संदर्भ में कृषि निदेशालय द्वारा सभी ई-कॉमर्स कंपनियों, डिजिटल विपणन प्लेटफार्मों, सोशल मीडिया संचालकों एवं यूट्यूब चैनलों को निर्देशित किया गया है कि वे केवल पंजीकृत एवं वैध कीटनाशकों के प्रचार एवं बिक्री की अनुमति सुनिश्चित करें। किसी भी परिस्थिति में अपंजीकृत या संदिग्ध उत्पादों के प्रचार-प्रसार अथवा बिक्री को बढ़ावा न दिया जाए। यदि किसी विपणन कंपनी, वितरक अथवा विक्रेता द्वारा डिजिटल माध्यमों के जरिए अपंजीकृत कीटनाशकों की आपूर्ति अथवा बिक्री किए जाने की जानकारी प्राप्त होती है, तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित जिला के सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण को उपलब्ध कराई जाए। प्राप्त शिकायतों एवं सूचनाओं के आधार पर संबंधित विक्रेताओं एवं कंपनियों के विरुद्ध कीटनाशक अधिनियम, 1968 एवं प्रासंगिक नियमों के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कृषि विभाग ने किसानों से भी अपील की है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही पंजीकृत कीटनाशक खरीदें तथा किसी भी संदिग्ध उत्पाद की सूचना विभाग को तुरंत दें। विभाग किसानों के हितों की रक्षा एवं सुरक्षित कृषि व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## "मैनहोल नहीं, मशीन होल" - आधुनिक तकनीक से होगी सफाई -नीतीश मिश्रा

**पटना।**मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार श्री नीतीश मिश्रा ने पटना नगर निगम के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में जल-जमाव, नाला निर्माण, पेयजल व्यवस्था, आपदा प्रबंधन तथा आपातकालीन तैयारियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की। मंत्री ने निर्देश दिया कि "मैनहोल" को अब "मशीन होल" कहा जाए तथा उनकी सफाई एवं मॉनिटरिंग के लिए आधुनिक मशीनों की समुचित व्यवस्था की जाए। "मैनहोल नहीं, मशीन होल" की सोच के साथ अब शहरों में सीवर एवं नालों की सफाई आधुनिक मशीनों के माध्यम से की जाएगी। मंत्री ने स्पष्ट किया है कि सफाई कार्यों में मानव जीवन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। आधुनिक जेटिंग मशीन, सक्शन मशीन जैसे उपकरणों के उपयोग से सफाई व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, तेज और प्रभावी बनाया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य तकनीक आधारित स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक शहरी व्यवस्था विकसित करना है, जिससे आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लंबित नाला निर्माण एवं सफाई कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी संवेदकों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जनता के कष्ट को समझें और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ करें। बैठक में मंत्री ने निर्देश दिया कि पिछले वर्ष जलजमाव वाले क्षेत्रों का विस्तृत आकलन कर उसी आधार पर इस वर्ष की तैयारी सुनिश्चित की जाए। अनुमंडल पदाधिकारियों सहित सभी संबंधित विभागों के साथ इंटरडिपार्टमेंटल समन्वय स्थापित कर समस्याओं का त्वरित समाधान करने को कहा गया। इसके साथ ही संभावित खतरों वाले स्थानों पर अनिवार्य रूप से साइनेज लगाने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यों के लिए एक विस्तृत SOP (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) तैयार कर उसी के अनुरूप कार्य किया जाए। साथ ही कमांड सेंटर में मॉनिटरिंग के लिए अलग टीम गठित करने तथा मोटर, पंप एवं सम्प से संबंधित आपातकालीन परिस्थितियों हेतु अलग से कंटिंजेंसी प्लान तैयार रखने के निर्देश दिए। मंत्री ने यह भी कहा कि संकट की स्थिति में अन्य नगर निकायों की सहायता के लिए भी पूरी तैयारी रखी जाए। पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मंत्री ने निर्देश दिया कि पिछले वर्ष की समस्याओं एवं आंकड़ों का विश्लेषण कर इस वर्ष बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि हर परिस्थिति में लोगों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचना चाहिए तथा आपातकालीन स्थिति में भी जलापूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर बुडको के एम डी श्री अनिमेष कुमार पराशर एवं पटना नगर निगम के आयुक्त श्री यशपाल मीणा मौजूद थे।

## गया जी में बाइक सवार झपटमारों का आतंक, राहगीरों में दहशत

**गया जी।** रामपुर थाना क्षेत्र के सिकरिया मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के पास 12वीं के छात्र से बदमाशों ने सरेआम स्मार्ट मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। बताया जाता है कि जैसे ही सिकरिया मोड़ होते हुए छात्र पेट्रोल पंप के पास मोबाइल फोन पर बात करते हुए पहुंचता है तभी पीछे से दो बाइक सवार आया और छात्र के हाथ से स्मार्ट मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार16 वर्षीय आयुष कुमार गया शहर में किराये के मकान में रहकर पढ़ाई करता था। बुधवार को वह रामपुर थाना के सामने स्थित कोटा केमेस्ट्री क्लासेस में कोचिंग करने जा रहा था इसी बीच बाइक सवार बदमाशों ने घटना के अंजाम देकर फरार हो गया। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।घटना से परेशान छात्र रामपुर थाना पहुंचा जहाँ उसने पूरा मामला पुलिस के सामने रखा। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुट गयी।

# एम्स पटना ने देश की सबसे बड़ी स्कल बोन ट्यूमर सर्जरी कर रचा इतिहास

नई सोच एक्सप्रेस



» लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम
» भारत में अब तक की सबसे बड़ी स्कल बोन ट्यूमर सर्जरी

**पटना।**एम्स पटना ने न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए प्रतिष्ठित लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। संस्थान के न्यूरोसर्जरी विभाग के अतिरिक्त प्राध्यापक डॉ. सरोज कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने भारत में अब तक की सबसे बड़ी स्कल बोन ट्यूमर सर्जरी सफलतापूर्वक कर यह गौरव प्राप्त किया है। यह जटिल सर्जरी एम्स पटना में 29 वर्षीय पुरुष मरीज पर की गई जिसके सिर में 22 सेमी × 16 सेमी × 7 सेमी आकार तथा लगभग 830 ग्राम वजन का विशाल स्कल बोन ट्यूमर था। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा जारी आधिकारिक प्रमाणन के अनुसार यह सर्जरी 21 फरवरी 2024 को की गई थी। सर्जरी सुबह 9 बजे शुरू हुई थी और शाम 4:45 बजे तक चली थी। लगभग 7 घंटे 45 मिनट तक चली इस चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया को चिकित्सकों ने सफलतापूर्वक पूरा किया था। विशेषज्ञों के अनुसार ट्यूमर का असाधारण आकार और वजन इस सर्जरी को अत्यंत संवेदनशील और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण बना रहा था। अत्याधुनिक तकनीक, सूक्ष्म योजना तथा बहु विषयक चिकित्सकीय विशेषज्ञता के कारण इस दुर्लभ ऑपरेशन को सफल बनाया जा सका। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर डॉ. सरोज कुमार सिंह एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज यह उपलब्धि न केवल एम्स पटना बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि एम्स पटना लगातार उन्नत एवं विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस उपलब्धि के साथ एम्स पटना ने पूर्वी भारत में उन्नत न्यूरोसर्जरी सेवाओं के प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी पहचान और मजबूत की है। चिकित्सा जगत में इस सफलता को बिहार के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है जो राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा उत्कृष्टता के नए आयाम तक पहुंचाने में सहायक होगी।

# प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवक चला रहे है समर कैम्प

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**प्रेम यूथ फाउंडेशन में छात्र छात्राए 30 घँटा का वॉलेंट्रीयरशिप कर रहे है । वॉलेंट्रीयर गांव में समर कैम्प लगाकर बच्चों को अंग्रेजी और गणित का अतिरिक्त वर्ग चला रहे हैं । समर कैम्प चलाने में 12 हजार स्वयंसेवक अहम भूमिका निभा रहे है ।फाउंडेशन के निदेशक देवानंद ने कहा कि वॉलेंट्रीयरशिप छात्राओं के सर्वांगीण विकाश के लिए जरूरी है । इससे वॉलेंट्रीयर को समुदायों से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा साथ ही समस्या की पहचान और उसका निराकरण का समझ बनाने पर बल मिलेगा । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई शिक्षा नीति में वॉलेंट्रीयरशिप को अनिवार्य कर बहुत सराहनीय कार्य किया है । उन्होंने छात्राओं से अपील किया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ सोसल मीडिया पर दोस्ती नही बढ़ाये । मौके पर उपस्थित फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने वॉलेंट्रीयर को संबोधित करते हुये कहा कि आप अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे तथा परिश्रम करें । शॉटकट के चक्कर मे कदापि न पड़े अपराधी एवं अराजक तत्वों से सतर्क रहें । शिक्षा हमारी सबसे बड़ी ताकत है । फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर दिलीप कुमार ने कहा कि नई शिक्षानिति 2020 के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए वॉलेंट्रीयरशिप अनिवार्य किया गया।यह छात्राओं के सर्वानिंग विकाश के लिए मिल का पत्थर साबित हो रहा है।अब समय आ गया है कि मैकॉले शिक्षा पद्दिुत को जड़ से समाप्त किया जाए। उन्होंने ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। शिक्षा का मतलब सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं है। इंटरशिप कार्यक्रम में छात्रों को जीवन कौशल युवा नेता नेतृत्व एवम वयक्तित्व विकाश जलवायु परिवर्तन साइबर सुरक्षा आपदप्रबन्धन की जानकारी दी जा रही है।उन्होंने बताया की वॉलेंट्रीयर को श्री कृष्ण विज्ञान केंद्र गांधी संग्रहालय प्राणी सर्वक्षण विभाग साइबर थाना का एक्सपसेर विजिट कराया जा रहा है।उन्होंने कहा कि विकशित भारत 2047 को साकार करने में युवायों का महत्वपूर्ण भूमिका है। योगाचार्य ह्रदय नारायण झा कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारे साथ वॉलेंट्रीयरशिप करना एक महत्वपूर्ण अवसर है । युवाओं के प्रतिभा को पहचान कर हम उन्हें राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाने का अवसर देते है । हमारे वॉलेंटियर अमृतसर एवं वर्धा तक का एक्सपोजर विजिट किया है । प्रोग्राम ऑफ़िसर अविनाश पांडेय ने बताया कि देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के हजारों छात्र छात्राओं इंटर्नशिप एवं वॉलेंट्रीयरशिप कर रहे है उन्हें रोजगार का भी अवसर प्राप्त हो रहा है । मौके पर रंजन कुमार, सुनील कुमार , ऋतिक राज वर्मा समेत सैंकड़ो छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

# होमियोपैथी से सौंदर्य वृद्धि,फतुहा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा।**होमियोपैथी अस्पताल स्टेशन रोड फतुहा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसका मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध होमियोपैथी चिकित्सक डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल। डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि शारीरिक सुंदरता प्रकृति का अनमोल उपहार है, किंतु सही देखभाल और स्वस्थ जीवनशैली से इसे और अधिक आकर्षक बनाया जा सकता है। होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति शरीर को भीतर से संतुलित कर प्राकृतिक सौन्दर्य को उभारने का कार्य करती है। यह केवल चेहरे की चमक ही नहीं, बल्कि बाल, त्वचा, शरीर की बनावट तथा मानसिक प्रसन्नता को भी बेहतर बनाने में सहायक मानी जाती है। होमियोपैथी की विशेषता यह है कि यह रोग के मूल कारण पर कार्य करती है और शरीर की प्राकृतिक शक्ति को बढ़ाकर स्वास्थ्य एवं सौन्दर्य दोनों को संतुलित करती है। इसी कारण आज अनेक लोग सौन्दर्य वृद्धि और व्यक्तित्व निखार के लिए होमियोपैथी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। जिस प्रकार एक मुर्तिकार अपने शिल्पा को आकर्षक आकर देता है। उसी प्रकार होमियोपैथी भी दवाइयों के द्वारा शरीर को सुडौल बनाकर आकर्षिक व्यक्तित्व प्रदान कर सकता है। बच्चों को (1) ऊंचाई बढाने के लिए होमियोपैथी दवा बबुंशा देते हैं।( 2 )यदि समुचे वदन मोटापा हो तो दवा कैलकेरिया कार्व देना चाहिए। (3) यदि स्तनों को समुचित विकास नहीं हुआ है तो दवा ओनोस्मोडियम देना चाहिए। (4) इसके विपरीत स्तन ज्यादा आकर मे बड़ा हो गया तथा लटक गया हो तो कैलकेरिया कार्व उस अंदर कि ओर खींच कर सुंदर और सुडौल बना देगा। ( 5) यदि दोनों जाघं बहुत मोटी होकर आपस मे रगडती हो तो उसे पतला करने के लिए दवा मर्क स्टानेम देना चाहिए। इसी प्रकार शरीर के आकार को सुडौल बनाने के बाद चेहरे के सुंदरता निखारना आवश्यक है। (6)यदि हंसते समय मसुढ़े दिखते होतो दवा लाईकोपोडियम देना चाहिए। (7) ओठ बहुत मोटे तो दवा लैकेसिस देने से पतले और सुंदर होगें। ( 8) यदि चेहरे की चमड़ी लटक गई हो और झुड़ीदार हो जाए तो कैलोट्रौपिस देने से चेहरा सुंदर हो जाएगा। ( 9) तिल मुंहासों के दाग मिटाने के लिए दवा एक्वीफोलियम देना चाहिए। सुंदर चेहरा भी धुप से धुएं से झुलस जाने पर एक्वीफोलियम लेना चाहिए। इस दवा से काली त्वचा को फिर निखार देगा। ,(10)चेहरे तथा होठ पर अनावश्यक बाल को हटाने के लिए ओलंपिक जैक लेना चाहिए। यदि बाल बहुत झड़ते है तो एसिड फ्लोर लेने से झडंना रुक जाएगी। कौई भी दवा चिकित्सक के सलाह से ही इस्तेमाल करें। इस अवसर पर सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# दंडाधिकारी की मौजूदगी में खुला दान पात्र, कड़ी सुरक्षा में बैंक में जमा हुआ रकम

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक प्राचीन धार्मिक स्थल श्री गौरी शंकर बैकुंठ धाम मंदिर को गत एक साल में 4 लाख 42 हजार रूपए दान से प्राप्त हुआ। चढ़ाए गए दान में 15 /हजार 400/रूपये कटे फटे पाए गए। दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी में दान पात्र खोला गया। लगातार तीन दिनों तक चले मैराथन गिनती कार्यक्रम 22 मई से प्रारंभ हुई जो 25 मई को समाप्त हुआ । श्री गौरी शंकर बैकुंठ धाम न्यास समिति के कोषाध्यक्ष विजय कुमार सिंह एलिस श्याम नाथ सिंह ने यह जानकारी दी। इस व्यवस्था की कमान खुसरूपुर की बी डी ओ पूजा कुमारी जो मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात थी ने किया। बी डी ओ की उपस्थिति में रकम को पंजाब नेशनल बैंक खुसरूपुर में जमा किया गया ।मंदिर परिसर से बैंक तक खुसरूपुर के थाना अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस पेट्रोलिंग कार और राइफल धारी जवानों ने सुरक्षा प्रदान किया प्रदान किया । रकम को एस्कॉर्ट किया गया । बी डी ओ पूजा कुमारी की हूटर लगी सरकारी वाहन इस सुरक्षा दस्ता में शामिल था। जिसका नेतृत्व पूजा कुमारी ने खुद किया इसके साथ ही लाठी धारी पुलिस के जवानों को भी तैनात किया गया था। रकम जमा करने वालों में न्यास समिति के सचिव राजाराम सिंह एवं समिति के सदस्य झूलन पासवान कई घंटे तक बैंक में मौजूद रहे।

# अराजकता से कोई समझौता नहीं, बिहार में चलेगा सिर्फ सुशासन, सुशासन से आएगी समृद्धि-विजय कुमार सिन्हा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**बिहार के माननीय कृषि मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने राज्य में सुशासन, पारदर्शिता और किसानों की समृद्धि के संकल्प को दोहराते हुए कहा है कि भ्रष्टाचार, अपराध और बिचौलिया तंत्र के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी । उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बिहार को अब भय, भ्रष्टाचार और अपराध की राजनीति से बहुत आगे निकालना है तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार जनता के विश्वास से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ करने वालों को समझौता नहीं करेगी। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार की वर्तमान सरकार "जीरो टॉलरेंस" की नीति पर कार्य कर रही है, जहाँ अपराध, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और गरीबों के अधिकारों की लूट के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने पूर्ववर्ती व्यवस्थाओं पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि एक समय ऐसा था जब किसानों की मेहनत की कमाई बिचौलियों और भ्रष्ट तंत्र की भेंट चढ़ जाती थी, लेकिन आज डबल इंजन की सरकार में व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन लाकर गरीब, किसान, मजदूर और युवाओं के अधिकारों को सुरक्षित करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में लगभग 2 करोड़ 18 लाख से अधिक निबंधित किसान हैं और लगभग 4 करोड़ से अधिक जमाबंदी है। सरकार के लिए बड़ी चुनौती है जिसे कृषि और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग मिलकर बिहारियों के हित में सामाधान का प्रयास करेगी। खेतों में तपती धूप और बरसात में मेहनत करने वाले किसानों के पसीने की हर बूंद बिहार की असली पूंजी है। यदि कोई व्यक्ति किसानों के हक पर डाका डालने की कोशिश करेगा, तो चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई किया जायेगा। उन्होंने कहा कि "अन्नदाता का अपमान अब बिहार में किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। किसानों की मेहनत पर चोट करने वालों के लिए सरकार ससमय कार्रवाई के लिए तैयार है। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए खाद, बीज, कृषि यंत्र एवं कृषि इनपुट सब्सिडी से संबंधित प्रक्रियाओं को बड़े पैमाने पर डिजिटल किया गया है, ताकि बिचौलियों और भ्रष्ट तत्वों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो सके। उन्होंने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रखंड या जिला स्तर पर किसानों से अवैध वसूली अथवा रिश्वत मांगने की शिकायत प्राप्त हुई, तो दोषियों पर केवल विभागीय कार्रवाई नहीं बल्कि सीधे कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजने तक की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार का किसान केवल अन्नदाता नहीं बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। जब तक गांव मजबूत नहीं होंगे, किसान समृद्ध नहीं होंगे और युवाओं को रोजगार नहीं मिलेगा, तब तक विकसित बिहार का सपना अधूरा रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भय और अपराध का वातावरण फैलाने वाले तत्वों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र को आत्मसात करते हुए बिहार सरकार सुशासन को जनआंदोलन का स्वरूप दे रही है। यह सरकार सत्ता को सेवा का माध्यम मानती है और अंतिम पंक्ति में खड़े गरीब, किसान, मजदूर और नौजवान के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए संकल्पित है। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार अव्यवस्था की पहचान नहीं बल्कि विकास, सुशासन और आत्मविश्वास का नया प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि "जनता ही लोकतंत्र की असली मालिक है, और जनता के जनादेष के विश्वास की रक्षा के लिए मैं अपने अंतिम सांस तक संघर्ष करता रहूंगा। विकसित बिहार और समृद्ध किसान ही हमारे राजनीतिक और सामाजिक संकल्प का मूल आधार हैं।

# पुलिस-अपराधी मुठभेड़, अंतरराज्यीय कुख्यात के पैर में लगी गोली, दूसरा गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**मसौढ़ी।**मसौढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत चरमा मोड़ के पास बुधवार को पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में अंतरराज्यीय कुख्यात अपराधी अजय पासवान घायल हो गया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी, जबकि उसके साथी अजय यादव को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों अपराधियों पर हत्या, लूट, डकैती और रंगदारी समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। बीते छह महीनों में यह क्षेत्र की दूसरी बड़ी पुलिस मुठभेड़ बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो अपराधी बाइक से मसौढ़ी क्षेत्र में बड़ी लूट की वारदात को अंजाम देने की तैयारी में रेकी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने चरमा मोड़ के पास घेराबंदी की। जैसे ही पुलिस ने दोनों को रोकने की कोशिश की, अपराधियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। हालांकि पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए।इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए एक राउंड फायरिंग की, जिसमें अजय पासवान के पैर में गोली लग गई। घायल होने के बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया, जबकि उसका साथी अजय यादव भी गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से एक पिस्टल, एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और दो खोखा बरामद किए हैं। घायल अजय पासवान को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूर्वी सिटी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि घायल अपराधी अजय पासवान, स्वर्गीय रामप्रवेश पासवान का पुत्र है और मनेर थाना क्षेत्र के दरवेशपुर का निवासी है। उसके खिलाफ डकैती के आठ मामले दर्ज हैं। वहीं गिरफ्तार अजय यादव, अभिमन्यु यादव का पुत्र है और औरंगाबाद जिले के दरवा उपहरा गांव का रहने वाला है। उस पर लगभग 20 आपराधिक मामले दर्ज हैं।पुलिस के अनुसार अजय पासवान हाल ही में पटना के गोपालपुर थाना क्षेत्र में सीएमएस कैश वैन से 27 लाख रुपये की लूट की घटना में भी शामिल रहा है। दोनों अपराधी बैंक डकैती, ज्वेलरी शॉप लूट, रंगदारी और हत्या जैसी कई घटनाओं में सक्रिय रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। मुठभेड़ का नेतृत्व डीएसपी-2 कन्हैया कुमार कर रहे थे। टीम में मसौढ़ी थानाध्यक्ष विवेक भारती एवं राहुल कुमार भी शामिल थे। एफएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने में लगी है। पुलिस पूरे आपराधिक नेटवर्क और इनके अन्य सहयोगियों की तलाश में जुट गई है।

# विश्व आपातकाल दिवस : खासकर हीट स्ट्रोक से बचाव के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया

नई सोच एक्सप्रेस



» कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों के साथ संवेदनशील एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार अपनाने की सलाह दी

**पटना।**विश्व आपातकाल दिवस 2026 के अवसर पर एम्स पटना के आपातकालीन चिकित्सा विभाग द्वारा बुधवार को जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को आपातकालीन परिस्थितियों के प्रति जागरूक करना, जीवनरक्षक कौशल को बढ़ावा देना तथा हीट स्ट्रोक से बचाव के प्रति जनजागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. प्रशांत कुमार सिंह तथा उपनिदेशक (प्रशासन) नीलोत्पल बल मौजूद रहे। इस अवसर पर विभाग की ओर से दो दिवसीय बीएलएस (बेसिक लाइफ सपोर्ट) एवं एसीएलएस (एडवांस्ड कार्डियक लाइफ सपोर्ट) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान 20 स्वास्थ्यकर्मियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया देने की तकनीकों की जानकारी दी गई। आपातकालीन चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. दिवेंदु भूषण के नेतृत्व में जनजागरूकता अभियान भी चलाया गया। एम्स पटना के ओपीडी फोयर क्षेत्र में हीट स्ट्रोक से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। साथ ही लोगों के बीच गमछे का वितरण कर अत्यधिक गर्मी से बचाव का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों के साथ संवेदनशील एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार अपनाने की सलाह दी। वहीं उपनिदेशक (प्रशासन) नीलोत्पल बल ने आपातकालीन परिस्थितियों में जनजागरूकता और तैयारी के महत्व पर बल दिया। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. प्रशांत कुमार सिंह ने विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए लोगों से गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की अपील की। कार्यक्रम के माध्यम से एम्स पटना के आपातकालीन चिकित्सा विभाग ने सामुदायिक जागरूकता, आपातकालीन तैयारी एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

## संक्षिप्त समाचार

### आँधी-तूफान में युवक की मौत, पीड़ित परिवार से मिले विधायक बब्लू गुप्ता व विकास शर्मा



**मोतिहारी**।सुगौली नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या-12 में बीती रात आए भीषण आँधी-तूफान ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। वार्ड निवासी रामपुजन ओझा के पुत्र अजीत ओझा की घर का मलबा गिरने से दबकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक बब्लू गुप्ता तथा भाजपा जिला उपाध्यक्ष व उपमुख्य पार्षद पति विकाश शर्मा पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। दोनों नेताओं ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।इस दौरान विधायक बब्लू गुप्ता ने घटना को अत्यंत हृदयविदारक बताते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में वे पूरी तरह पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आपदा राहत योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि एवं अन्य सरकारी लाभ शीघ्र पीड़ित परिवार तक पहुंचाई जाए। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुटी रही। लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को जल्द आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की।

### बकरीद को लेकर मजिस्ट्रेट की तैनाती

**वैशाली**। राजापाकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न भागों में कल गुरुवार को आयोजित होने वाले मुसलमान भाइयों के बकरीद को लेकर मजिस्ट्रेट की तैनाती राजापाकर, संवाद सूत्र।प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न भागों में कल गुरुवार को आयोजित होने वाले मुसलमान भाइयों के बकरीद त्यौहार को लेकर शांतिपूर्ण व्यवस्था काम करने के लिए विभिन्न पंचायतों के मस्जिद परिसर में मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह सेंगर ने बताया कि प्रखंड के सभी मस्जिदों पर मजिस्ट्रेट व सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। सभी मुसलमान भाई शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद का त्योहार मनाएं।असामाजिक तत्वों द्वारा किसी प्रकार की अशांति फैलाने की कोशिश की जाती है तो इस संबंध में पुलिस प्रशासन को सूचित करें।वहीं थानाध्यक्ष गौरी शंकर बैठा ने बताया कि कल आयोजित होने वाले बकरीद त्यौहार को लेकर सभी थाना क्षेत्र के मस्जिदों पर चौकीदार व पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।वहीं पुलिस पदाधिकारी भी सभी ईदगाहों मस्जिदों पर गस्ती में तैनात होंगे। उन्होंने कहा कि जहां अति संवेदनशील क्षेत्र है वहां विशेष निगरानी की जाएगी। बकरीद त्यौहार को लेकर शांतिपूर्ण व्यवस्था काम करने के लिए विभिन्न पंचायतों के मस्जिद परिसर में मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह सेंगर ने बताया कि प्रखंड के सभी मस्जिदों पर मजिस्ट्रेट व सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। सभी मुसलमान भाई शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद का त्योहार मनाएं।असामाजिक तत्वों द्वारा किसी प्रकार की अशांति फैलाने की कोशिश की जाती है तो इस संबंध में पुलिस प्रशासन को सूचित करें।वहीं थानाध्यक्ष गौरी शंकर बैठा ने बताया कि कल आयोजित होने वाले बकरीद त्यौहार को लेकर सभी थाना क्षेत्र के मस्जिदों पर चौकीदार व पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।वहीं पुलिस पदाधिकारी भी सभी ईदगाहों मस्जिदों पर गस्ती में तैनात होंगे। उन्होंने कहा कि जहां अति संवेदनशील क्षेत्र है वहां विशेष निगरानी की जाएगी।

### रामगढ़वा में ठेकेदार पर जानलेवा हमलाः सीने में लगी गोली, पटना में चल रहा इलाज

**मोतिहारी**।रामगढ़वा प्रखंड के सिंहासनी पंचायत अंतर्गत नंदलाली टोला में मंगलवार की रात्रि में अपराधियों ने संजीव कुमार को घर से महज दस कदम की दूरी पर गोली मार दी। अपाचे बाइक पर सवार दो अज्ञात अपराधियों ने अचानक हमला कर दिया, जिसमें एक गोली संजीव के सीने में जा लगी और वे घटनास्थल पर ही गिर पड़े। वारदात के दौरान पास में मौजूद दो बच्चों को भी अपराधियों ने डराया-धमकाया और फिर बीच गांव से होकर वे आसानी से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने घायल को आनन-फानन में रामगढ़वा पीएचसी पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मोतिहारी रेफर कर दिया। हालांकि, परिजन बेहतर इलाज के लिए उन्हें पटना के एक निजी नर्सिंग होम ले गए, जहां सफल ऑपरेशन कर उनके शरीर से गोली निकाल दी गई है। ज्ञात हो कि घायल संजीव कुमार तमिलनाडु में ठेकेदारी का कार्य करते हैं और करीब 25 दिन पहले ही एक शादी समारोह में शामिल होने अपने गांव आए थे। संजीव के परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है, जबकि इस सनसनीखेज वारदात से क्षेत्र के लोग दहशत में हैं और पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

### महंथ बजेश मुनि की अगुआई में साधू संतों ने किया शाही स्नान

#### अनुमंडल पुलिस प्रशासन रही मुस्तैद



**राजगीर**। राजगीर मलमास मेला का दूसरा शाही स्नान आज बुधवार को राजगीर अनुमंडल प्रशासन की व्यवस्था में सम्पन्न हुआ। अनुमंडल दण्डाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्र के नेतृत्व में राजगीर अनुमण्डल का पुलिस प्रशासन महंत ब्रजेश मुनि की अगुआई में संत अशोक दास हंस, महंत धर्मदेव दास, संत दिवाकर दास, महंत गजेंद्र दास, महंत, सरदार त्रिलोक सिंह निषाद, साध्वी रूबी, साधना किरण, नैन्सी सहित शताधिक संतों को सर्वप्रथम गुरु नानक देव निर्मित शीतल कुंड में शाही स्नान कराया। तत्पश्चात सूर्यकुण्ड और फिर ब्रह्मकुण्ड में शाही स्नान सम्पन्न कराया। इस संबंध में बताते हुए महंथ ब्रजेश मुनि ने कहा कि शाही स्नान के समय सिर्फ साधु संतों के लिए इन कुंडों में स्नान की व्यवस्था की गयी थी। शाही स्नान के बाद श्रद्धालुओं के लिए कुण्ड में स्नान की अनुमति दी गयी। अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर का आभार व्यक्त करते हुए महंथ ब्रजेश मुनि ने कहा पहली-बार ऐसा देखा गया कि राजगीर मलमास मेला के शाही स्नान में कबीरपंथी साधू संतों को पहले स्नान करने की प्राथमिकता दी गयी। राजगीर सर्वधर्म समन्वय का पुण्य तीर्थ है। यहाँ आठ कबीर मठ है जो एक छोटे शहर में सर्वाधिक कबीर मठ का कीर्तिमान है 1 यहाँ के सभी कबीरमठो में राजगीर मलमास मेला अवधि के लिए अन्नक्षेत्र, आवासन, सत्संग, शिविर आदि का सेवा प्रकल्प चलाया जा रहा है। मूलगादी कबीरपंथी आश्रम निचली बाजार ही राजगीर का ऐसा मठ है जहाँ प्राचीन पांडुलिपियाँ भी है 1 इस मठ के संरक्षक रूप में मेरी कोशिश रहेगी कि यहाँ के कबीरपंथी मठों में समन्वय स्थापित हो ताकि वर्तमान में सार्वजनिक हित के लिए इन मठों की उपयोगिता सुनिश्चित हो।

# डीएम ने भीषण गर्मी को देखते हुए 102 एम्बुलेंस सेवा का लिया जायजा

नई सोच एक्सप्रेस




**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। जिले में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने 102 एम्बुलेंस हेल्पलाइन सेवा की त्वरित प्रतिक्रिया एवं कार्यक्षमता का औचक जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं 102 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर कॉलर का नाम एवं सामान्य बीमारी से संबंधित अन्य जानकारी साझा की। कॉल प्राप्त होने के मात्र 2 मिनट के भीतर कॉल का सफलतापूर्वक निबंधन कर लिया गया तथा अगले 2 मिनट के अंदर एम्बुलेंस समाहरणालय परिसर पहुंच गई। मौके पर चालक राजेश कुमार शर्मा एवं इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन उपेन्द्र कुमार उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने एम्बुलेंस सेवा की त्वरित प्रतिक्रिया एवं तत्परता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जहानाबाद जिले में कार्यरत 102 एम्बुलेंस सेवा पूरी तरह निःशुल्क सेवा है। उन्होंने कहा कि 102 हेल्पलाइन पर कॉल करने के दौरान आमजन को केवल कॉलर का नाम, मोबाइल नंबर, मरीज से संबंध, मरीज की सामान्य स्थिति, बीमारी संबंधी समस्या का संक्षिप्त विवरण तथा एम्बुलेंस बुलाने का सही स्थान बताना होता है। इन आवश्यक जानकारियों के प्राप्त होते ही कंट्रोल रूम द्वारा नजदीकी उपलब्ध एम्बुलेंस को तुरंत संबंधित स्थान के लिए रवाना किया जाता है, ताकि मरीज को शीघ्र स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेषकर भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति में समय पर चिकित्सकीय सहायता जीवनरक्षक साबित हो सकती है, इसलिए आवश्यकता पड़ने पर आमजन तुरंत इस सेवा का लाभ अवश्य लें। उन्होंने जिलेवासियों से यह भी अपील की कि लू एवं बढ़ते तापमान के दौरान बार-बार पानी पीते रहें, सिर को गमछा, टोपी या छाते से ढककर बाहर निकलें तथा दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक अनावश्यक रूप से धूप में निकलने से बचें और किसी व्यक्ति को चक्कर आना, अत्यधिक कमजोरी, तेज बुखार, उल्टी-दस्त, मुंह सूखना अथवा डिहाइड्रेशन जैसे लक्षण महसूस हों तो तुरंत छांव में जाएं एवं तत्काल 102 एम्बुलेंस सेवा का उपयोग कर चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करें। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि किसी भी आपातकालीन सहायता अथवा संकट की स्थिति में एम्बुलेंस सेवा के अतिरिक्त किसी अन्य आपातकालीन सहायता के लिए आमजन जिला प्रशासन के जिला आपातकालीन संचालन केंद्र के दूरभाष संख्या 9431805088, 06114- 295071, 06114-295072 के साथ साथ अनुमंडल स्तरीय नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या 06114-223013 पर संपर्क कर आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# एसपी के निर्देशन में रैंडम चेकिंग अभियान चलाया गया



नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मध्य रात्रि ज़िले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ विशेष रैंडम होटल चेकिंग अभियान चलाया गया। आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और असामाजिक व संदेहास्पद तत्वों पर नकेल कसने के उद्देश्य से खुद पुलिस अधीक्षक , अपर पुलिस अधीक्षक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी घोसी ने इस पूरे सर्च ऑपरेशन का नेतृत्व किया। विभिन्न होटलों के कमरों, एंट्री रजिस्टरों और वहां ठहरे मुसाफिरों के पहचान पत्रों की बारीकी से जांच की गई। होटल और ढाबा संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि किसी भी संदेहास्पद व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। दूसरी ओर अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत, पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में नगर थाना अंतर्गत अम्बेडकर नगर में हत्या के मामले के फरार अभियुक्त की त्वरित गिरफ्तारी के लिए खुद पुलिस अधीक्षक ने कमान संभाली और नगर थाना के पुलिस पदाधिकारियों एवं बल के साथ संदेहास्पद ठिकानों पर सघन छापेमारी की गई। इस अभियान में नगर थाना के पुलिस पदाधिकारी और कर्मी भी शामिल थे। जिन्होंने पूरे इलाके की घेराबंदी कर संदेहास्पद ठिकानों की जाँच की गई। पुलिस अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

# सुगौली नगर पंचायत की सशक्त स्थायी समिति का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, अकरम रेजा, राजकुमार सराफ व आरफा खातून विजयी

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी**।सुगौली नगर पंचायत की सशक्त स्थायी समिति के गठन को लेकर बुधवार को प्रखंड परिसर में चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया एलआरडीसी प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में कराई गई। चुनाव में अकरम रेजा, राजकुमार सराफ एवं आरफा खातून ने जीत दर्ज कर समिति में अपनी जगह बनाई। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के कुल 20 पार्षदों ने मतदान में हिस्सा लिया। तीन सदस्यीय समिति के लिए कुल छह पार्षदों ने नामांकन दाखिल किया था। मतदान के बाद मतगणना में अकरम रेजा को 12 मत प्राप्त हुए, जबकि उनकी प्रतिद्वंदी मदीना खातून को 5 मत मिले। इस पद पर 3 मत रद्द घोषित किए गए।वहीं आरफा खातून को 12 मत प्राप्त हुए, जबकि रोबिन पासवान को 5 मत मिले और 3 मत रद्द हुए। दूसरी ओर राजकुमार सराफ ने 11 मत हासिल कर जीत दर्ज की, जबकि नजमा खातून को 6 मत मिले। इस पद पर भी 3 मत रद्द घोषित किए गए।चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद एलआरडीसी प्रीति कुमारी ने विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। जीत की घोषणा होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। समर्थकों ने विजयी प्रत्याशियों को माला पहनाकर, रंग-गुलाल लगाकर तथा मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।इसके बाद विजयी प्रत्याशियों के समर्थन में प्रखंड परिसर से स्टेशन चौक होते हुए नगर पंचायत कार्यालय तक जुलूस निकाला गया। पूरे रास्ते समर्थकों ने नारेबाजी करते हुए जीत का जश्न मनाया।विजयी पार्षद राजकुमार सराफ, अकरम रेजा एवं आरफा खातून ने कहा कि उनका लक्ष्य नगर पंचायत को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना और अधूरे विकास कार्यों को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि नगर के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी।मौके पर पार्षद श्याम शर्मा, जितेंद्र सिंह, शैलेश पटेल,वे प्रकाश श्रीवास्तव, शिवराम, राइस प्रसाद, दीपक कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने काको प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन पिंजौरा का निरीक्षण किया

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। सबका सम्मान - जीवन आसान के तहत आयोजित होने वाले सहयोग शिविर की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने काको प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन, पिंजौरा का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री आगामी 2 जून को जिले के 15 पंचायतों में आयोजित होने वाला है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिविर स्थल की तैयारियों, प्राप्त आवेदनों की स्थिति एवं विभागीय समन्वय की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आमजनों को एक ही स्थान पर बिना कार्यालयों में भाग दौड़ किए विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराना एवं उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। जिला पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीएचईडी, पंचायती राज, आईसीडीएस, ग्रामीण कार्य विभाग, राशन कार्ड एवं आवास योजना, मनरेगा, श्रम विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा शिविर प्रभारी को निर्देश दिया कि शिविर तिथि से पूर्व प्राप्त सभी आवेदनों की समुचित जांच कर उन्हें अनिवार्य रूप से सहयोग पोर्टल पर अपलोड किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग एवं कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग को शिविर स्थल पर लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने पीएचईडी विभाग को सभी वार्डों एवं पंचायतों में पेयजल समस्याओं का समाधान 24 घंटे के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की गई है कि आगामी सहयोग शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। उक्त स्थल भ्रमण के दौरान जिलास्तरीय पदाधिकारी के साथ साथ जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकार, प्रखंड विकास पदाधिकारी काको, अंचल अधिकारी काको सहित अन्य पंचायत स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने को लेकर, विधायक माधव आनंद सक्रिय

नई सोच एक्सप्रेस



» निधि चौक-स्टेशन सड़क और रिंग रोड परियोजना पर हुई चर्चा
» शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने को लेकर विधायक माधव आनंद सक्रिय
» निधि चौक-स्टेशन सड़क और रिंग रोड परियोजना पर हुई चर्चा

**मधुबनी/बिहार**।मधुबनी विधानसभा क्षेत्र-36 के विधायक एवं बिहार विधानसभा शून्यकाल समिति के सभापति माधव आनंद ने बुधवार को बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेन्द्र से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न लंबित सड़क परियोजनाओं एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। मुलाकात के दौरान विधायक ने निधि चौक से रेलवे स्टेशन तक सड़क निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य को शीघ्र शुरू कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से शहर की यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी तथा लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। इसके अलावा मधुबनी रिंग रोड परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि बढ़ते शहरी विस्तार और यातायात दबाव को देखते हुए रिंग रोड का निर्माण मधुबनी के समग्र विकास के लिए आवश्यक है।माधव आनंद ने मंत्री को यह भी बताया कि 25 मई को शून्यकाल समिति के सभापति के रूप में उन्होंने समिति के अन्य सदस्यों के साथ पथ निर्माण विभाग की योजनाओं एवं कार्यो की समीक्षा की थी। समीक्षा बैठक में उठाए गए विभिन्न मुद्दों और जनप्रतिनिधियों की चिंताओं से भी मंत्री को अवगत कराया गया। पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेन्द्र ने लंबित परियोजनाओं के शीघ्र निष्पादन एवं आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई का आश्वासन दिया। माधव आनंद ने जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक पहल और विकास कार्यों को गति देने के लिए मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मध्य रात्रि ज़िले के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष रैंडम चेकिंग अभियान चलाया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मध्य रात्रि ज़िले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ विशेष रैंडम होटल चेकिंग अभियान चलाया गया। आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और असामाजिक व संदेहास्पद तत्वों पर नकेल कसने के उद्देश्य से खुद पुलिस अधीक्षक , अपर पुलिस अधीक्षक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी घोसी ने इस पूरे सर्च ऑपरेशन का नेतृत्व किया। विभिन्न होटलों के कमरों, एंट्री रजिस्टरों और वहां ठहरे मुसाफिरों के पहचान पत्रों की बारीकी से जांच की गई। होटल और ढाबा संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि किसी भी संदेहास्पद व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। दूसरी ओर अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत, पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में नगर थाना अंतर्गत अम्बेडकर नगर में हत्या के मामले के फरार अभियुक्त की त्वरित गिरफ्तारी के लिए खुद पुलिस अधीक्षक ने कमान संभाली और नगर थाना के पुलिस पदाधिकारियों एवं बल के साथ संदेहास्पद ठिकानों पर सघन छापेमारी की गई। इस अभियान में नगर थाना के पुलिस पदाधिकारी और कर्मी भी शामिल थे। जिन्होंने पूरे इलाके की घेराबंदी कर संदेहास्पद ठिकानों की जाँच की गई। पुलिस अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

# मुजफ्फरपुर जिले के मुरौल प्रखंड अंतर्गत बिशनपुर बखरी पंचायत स्थित बसंतपुर बखर के आदर्श कुमार ने बिहार पुलिस में पाई सफलता, परिवार में खुशी की लहर

नई सोच एक्सप्रेस



**मुजफ्फरपुर**।जिले के मुरौल प्रखंड अंतर्गत बिशनपुर बखरी पंचायत स्थित बसंतपुर बखरी निवासी महेश्वरी नंदन त्रिवेदी एवं पुनीता देवी के 24 वर्षीय छोटे पुत्र आदर्श कुमार ने बिहार पुलिस में सफलता प्राप्त कर परिवार और क्षेत्र का नाम रौशन किया है। इस उपलब्धि के बाद पूरे परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल है। आदर्श कुमार की इस सफलता पर शिक्षा विभाग मुजफ्फरपुर में कार्यरत उनके अग्रज केशव कुमार, प्रधान शिक्षक, प्राथमिक विद्यालय मोहनपुर उर्दू, मुरौल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आदर्श को बचपन से ही देश सेवा करने का सपना था। इसी उद्देश्य को लेकर वह लगातार मेहनत और प्रयास करते रहे। कई प्रयासों और कठिन संघर्ष के बाद आज उनकी मेहनत रंग लाई और यह खुशी का दिन देखने को मिला। उन्होंने कहा कि यह सफलता आदर्श की मेहनत, लगन और संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आदर्श जीवन में निरंतर सफलता की नई ऊँचाइयों को छुएँगे तथा समाज और देश की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। आदर्श कुमार की इस उपलब्धि पर बड़े भाई अनिकेत कुमार, भाभी खुशी कुमारी, बहन मनीषा कुमारी, बहनोई नीतीश कुमार, चाचा मारुत नंदन त्रिवेदी, चाची रेणु देवी, बहन भरती कुमारी, बहनोई चंद्रजीत पाण्डेय, भाई केशव कुमार, भाभी ज्योति कुमारी, बड़े भाई हेमचंद्र प्रभाकर, भाभी वैदेही कुमारी, भतीजा देवेश राज, विशाल राज एवं भतीजी सलोनी कुमारी सहित परिवार के अन्य सदस्यों और शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सफलता न केवल परिवार के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है।

# भारत-नेपाल सहयोग का मजबूत उदाहरण, भारत ने नेपाल को दिए 10 आधुनिक कैदी वाहन

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी**।भारत और नेपाल के बीच गहरे मैत्रीपूर्ण संबंधों को एक बार फिर मजबूती मिली है। भारतीय महावाणिज्य दूतावास बिरगंज द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भारत सरकार ने नेपाल को 10 अत्याधुनिक कैदी वाहन (ट्रक) उपहार स्वरूप भेंट किए।कार्यक्रम में भारत के महावाणिज्यदूत देवी सहाय मीना ने पर्सा जिले के मुख्य जिला अधिकारी भोला दहल को औपचारिक रूप से वाहन सौंपे।भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए इन वाहनों का उद्देश्य नेपाल की कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कार्यक्षमता को और अधिक मजबूत करना है। इस अवसर पर मुख्य जिला अधिकारी भोला दहल ने भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की यह सहायता दोनों देशों के बीच पारस्परिक सहयोग, विश्वास और मित्रता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत लगातार नेपाल की जरूरतों में सहयोगी भूमिका निभाता रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले भी भारत सरकार नेपाल की सुरक्षा और प्रशासनिक जरूरतों में सहयोग करती रही है। हाल ही में 5 मार्च 2026 को सम्पन्न प्रतिनिधि सभा चुनाव के दौरान नेपाल सरकार के विशेष अनुरोध पर भारत ने एसयूवी, पिकअप और ट्रकों सहित लगभग 640 वाहन नेपाल को उपलब्ध कराए थे। महावाणिज्यदूत देवी सहाय मीना ने बताया कि भारत अब तक नेपाल पुलिस, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाली सेना को 2,000 से अधिक वाहन उपलब्ध करा चुका है। उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल संबंध केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और जनस्तर पर मजबूत रिश्तों पर आधारित हैं।विशेषज्ञों के अनुसार, भारत द्वारा दी जा रही यह निरंतर सहायता दोनों देशों के बीच बहुआयामी विकास साझेदारी और आपसी भरोसे को और मजबूत करती है।कार्यक्रम में वाणिज्यदूत मनीष दास, पर्सा जिला एसपी सुदीप राज पाठक, एपीएफ एसपी मोहन क्षेत्री, नेपाल भारत सहयोग मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक बैध सहित कई अधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद

## संक्षिप्त समाचार

### दानापुर में बदमाशों ने दो महिला के गले से सोने का चेन झपट कर हुआ फरार

**दानापुर**। नगर के सगुना मोड़ के करीब बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने का चेन झपट कर फरार हो गए। इस संबंध में पीड़ित महिला सब्जपुरा मोड़, फुलवारी शरीफ की रहने वाली प्रियंका किरण ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ दानापुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि ऑटो से अपने घर जा रही थी तभी सगुना मोड़ पहुंचने पर पीछे से बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके गले से सोने के चेन झपट लिया। वह अपने आप को संभल पाती तब तक बदमाश बाइक तेज रफ्तार से चलाते हुए फरार हो गया। हालांकि झपटमारी की घटना में शामिल बदमाशों की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई है। वहीं दूसरी तरफ खगौल रोड में अपने बेटे को कोचिंग से लेकर लौट रही ममता सिंह को भी बाइक सवार बदमाशों ने निशाना बनाते हुए झपट्टा मारकर उनके गले से सोने का चेन छीन ली, जिससे उनके गले में जख्म हो गया। इस संबंध में अपर थाना अध्यक्ष सिंटू झा ने बताया कि उक्त आवेदक के आधार पर घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी एवं आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए आगे की करवाई की जा रही है।

### खगौल के एक होटल में शराब पार्टी कर रहे 5 लोग गिरफ्तार, विदेशी शराब बरामद



**पटना**।त्रिभुवन मोड़ स्थित होटल सूर्या-इन में शराब की पार्टी कर रहे पांच लोगों को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने होटल के कमरे से विदेशी शराब की भरी हुई बोतलें बरामद किया है। गिरफ्तारी के वक्त सभी लोग शराब के नशे में धुत थे। वहीं पुलिस की छापेमारी की खबर मिलते ही होटल बिल्डिंग का मालिक मौके से फरार हो गया। एएसपी शिवम धाकड़ ने बताया कि विगत रात विशेष समकालिन अभियान में थानाध्यक्ष रंजन कुमार के नेतृत्व में नगर स्थित होटलों में छापेमारी किया जा रहा था। इसी क्रम में गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि होटल सूर्या-इन जो त्रिभुवन मोड़,खगौल के पास होटल में विनोद राय अपने दोस्तों के साथ शराब का पार्टी कर रहा है। इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए हेतु होटल में पहुंच कर पुलिस ने तलाशी लेना प्रारंभ किया। तलाशी के क्रम में नशे के हालत में मोहम्मदपुर, भोजपुर का विनोद कुमार सिंह, मुस्तफापुर, खगौल का अरविन्द सिंह, होटल का मैनेजर नेउरा का रहने वाला अंकित कुमार, फुलवारी रानीपुर का अभिषेक कुमार, शाहपुर का दीपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं होटल के कमरे से कुल 6.5 लिटर विदेशी शराब बरामद किया गया। एएसपी ने बताया कि फरार आदित्या इण्टरप्राईजेज के मालिक एवं होटल के बिल्डिंग के मालिक विनोद राय की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इसके अलावा गिरफ्तार सभी आरोपी के ऊपर कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### बुडको के एमडी व एसडीओ ने नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश



**दानापुर**। बुडको के प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पराशर, एसडीएम अनिरूद्ध पाण्डेय एवं अन्य अधिकारियों ने मानसून-पूर्व तैयारियों और जलजमाव की समस्या को लेकर दानापुर, खगौल इलाकों का सघन निरीक्षण किया है। इस दौरान उन्होंने पम्पिंग स्टेशनों की व्यवस्था और जलनिकासी योजनाओं का जायजा लिया। बुधवार को बुडको की टीम दानापुर के बाजार समिति, घुड़दौड़ रोड ,रूपसपुर ओवर ब्रिज के नीचे एवं खगौल के कोथवां मोड़ पर पहुंच कर निरिक्षण किया। उन्होंने पंपिंग स्टेशनों की जांच करते हुए सभी स्थायी और अस्थायी ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशनों की मरम्मत और ट्रायल रन पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि समय पर नाला निर्माण पूरा नहीं होने पर बारिश के दौरान जल निकासी बाधित होगी और शहर में जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। कई इलाकों में नाले अधूरे रहने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार बुडको, मेट्रो परियोजना और नगर परिषद के बीच समन्वय की कमी के कारण निर्माण कार्यों में देरी हो रही है। इससे मानसून में परेशानी बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। पंप ऑपरेटरों और इंजीनियरों को पम्पिंग स्टेशनों पर 24 घंटे कैंप करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा बुडको की टीम ने सड़क, व मैट्रो परियोजना का का भी जायजा लिया। विदित हो कि पिछले सप्ताह अनुमंडल सभागार में बिहार सरकार के मंत्री रामकृपाल यादव की अध्यक्षता में जल जमाव को लेकर एक समीक्षा बैठक की गई थी। जिसमें अनुमंडल अधिकारी बुडको के अधिकारी नगर परिषद के कार्यपालक समेत कई अधिकारी शामिल थे इस बैठक में बुडको को सख्त निर्देश दिया गया था कि इस बार मानसून के पूर्व बुडको के द्वारा बनाए गए बड़े नाले को पूरा करना अनिवार्य होगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि बुडको, मेट्रो और नप सामंजस्य बनाकर कार्य नहीं किया जा रहा है। जिससे नाला निर्माण कार्यों पूरा होने में बिलंब हो रहा है। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार, सिटी मैनेजर अमरेन्द्र कुमार, अभियंता दिवाकर कुमार, संजीव कुमार,सफाई निरीक्षक संजय कुमार, रंजीत कुमार आदि शामिल थे।

### VPLसीजन-2क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल चकिया बेहरावाँ मुसहरी टीम चैंपियन बना



**पुनपुन**। पुनपुन प्रखंड के राजघाट नवादा में आयोजित VPL सीजन-2 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में चकिया बेहरावाँ मुसहरी की टीम चैंपियन बनी है। फाइनल मैच में चकिया बेहरावाँ की टीम ने शोरमपुर टीम को तैतीस रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की और चमचमाती ट्राफी पर कब्जा किया।मैन ऑफ द सीरीज एवं मैन ऑफ द मैच विजेता टीम के जयमंगल मांझी को पुरस्कार एवं मेडल दी गई।प्रतियोगिता में विजेता चकिया बेहरावाँ मुसहरी टीम को ट्रॉफी के साथ पाँच हजार राशि एवं उपविजेता शोरमपुर टीम को ट्रॉफी के साथ दो हजार पाँच सौ राशि पुरस्कार दी गई।आयोजककर्ता राहुल पासवान एवं विकास कुमार के लगन और हौसले से इस टूनार्मेंट का पुनपुन,नौबतपुर एवं फुलवारी प्रखंडो में नई पहचान दी।इनके साथ उमेश सिंह,रितेश कुमार,विक्की कुमार ने दिन-रात एक कर इस टूनार्मेंट को सफल बनाया।तेज पुरवाई हवा के बीच मैदान पर सैकड़ो की संख्या में दर्शकों ने फाइनल मैच का लुफ्त उठाया।आयोजककर्ता राहुल एवं विकास ने कहा ऐसे खेल आयोजनों का मकसद सिर्फ ट्रॉफी नहीं है।हम समाज में प्रेम एवं मैत्री बढाना चाहते हैं और युवाओं को टीम भावना से काम करने की प्रेरणा देना चाहते है।मौके पर भाकपा माले के सम्मानित नेता सत्यनारायण प्रसाद,जय प्रकाश पासवान,साधुशरण साहनी,उमेश सिंह, मुखिया रवि कुमार, पंचायत समिति सदस्य खुशुब कुमारी, नवीन साहनी,सतेंद्र साहनी, सूरज कुमार सहित गणमान्य ब्यक्ति एवं ग्रामीणों उपस्थित रहे।

# ‘सार्क स्टूडेंट्स एंड रिसर्चर्स फोरम’ के पदाधिकारियों की घोषणा

नई सोच एक्सप्रेस



**नई दिल्ली**।अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय मीडिया संगठन सार्क जर्नलिस्ट फोरम के अभिन्न अंग सार्क जर्नलिस्ट फोरम इंडिया चैप्टर की एक वैश्विक व दूरगामी पहल ‘सार्क स्टूडेंट्स एंड रिसर्चर्स फोरम’ के ओरिएंटेशन दिवस का भव्य आयोजन दिल्ली स्थित एसजेएफ (SJF) इंडिया चैप्टर के केंद्रीय मुख्यालय में किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय मंच की स्थापना का मुख्य उद्देश्य दक्षिण एशियाई देशों के छात्र समुदाय और शोधार्थियों को एक साझा वैश्विक पटल पर लाना है। इस विशेष गरिमामयी समारोह की अध्यक्षता मुख्य अतिथि और दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के विद्वान असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार वर्मा ने की। उनके गरिमामयी नेतृत्व में यह पूरा आयोजन संपन्न हुआ। समारोह के दौरान अध्यक्षीय आसन से डॉ. सुनील कुमार वर्मा, सुधांशु अनिरुद्ध ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छात्रों और शोधकर्ताओं के बीच अकादमिक समन्वय स्थापित करने के लिए सार्क स्टूडेंट्स एंड रिसर्चर्स फोरम के नए पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। घोषित की गई है । अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारिणी में दिल्ली विश्वविद्यालय के शोधार्थी, हर्ष (भारत) को अध्यक्ष , तो हंसिनी,(श्रीलंका ) को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि सचिव विश्वजीत वर्मा,दिल्ली विश्वविद्यालय (भारत) और महासचिव,अमन राज श्रीवास्तव, रसायन विज्ञान विभाग,दिल्ली विश्वविद्यालय (भारत) को बनाया गया है। साहिल, स्नातकोत्तर विभाग,दक्षिणी परिसर ,दिल्ली विश्वविद्यालय (भारत) और विपिन कुमार,शोधार्थी, जामिया मिल्लिया विश्वविद्यालय को संयुक्त रूप से सह सचिव बनाया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए डॉ. सुनील कुमार वर्मा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, सार्क (SAARC) देशों की भौगोलिक और सांस्कृतिक सीमाएं भले ही अलग हों, लेकिन हमारी अकादमिक और सामाजिक चुनौतियां एक जैसी हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय मंच के माध्यम से दक्षिण एशियाई देशों के युवा शोधकर्ता न केवल अपनी संस्कृतियों और साहित्यों को करीब से समझ पाएंगे, बल्कि वैश्विक स्तर पर ज्ञान-विज्ञान के नए प्रतिमान भी स्थापित करेंगे। आज के समय में शोध को केवल पुस्तकालयों तक सीमित न रखकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संवाद का माध्यम बनाना बेहद जरूरी है और यह फोरम उस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। एसजेएफ इंडिया चैप्टर के अध्यक्ष सुधांशु अनिरुद्ध ने भी सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय फोरम सार्क देशों के बीच शैक्षणिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर साबित होगा। अतिथि वक्ताओं डॉ. लवकुश और डॉ. अनिल ने भी नए पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने इस अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी के लिए शीर्ष नेतृत्व और अध्यक्ष मंडल का आभार व्यक्त किया और सार्क देशों के छात्र समुदाय को जोड़ने तथा फोरम के उद्देश्यों को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### गर्मी के मौसम में श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के पूर्व प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता ने लगाया अनोखा आइसक्रीम भंडारा




आइसक्रीम भंडारे के अवसर पर लोग

नई सोच एक्सप्रेस

» श्री बाला जी फिलिंग स्टेशन पर भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों को बांटी आइसक्रीम

**कुरुक्षेत्र**।भीषण गर्मी का मौसम चल रहा है तो लोग भोजन एवं जलसेवा के अलग अलग तरीके से भंडारे लगा रहे हैं। बुधवार को श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के पूर्व प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता एवं उनके पुत्र महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) के पूर्व प्रधान विनय गुप्ता ने लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए सौ फूटा रोड़ पर स्थित श्री बाला जी फिलिंग स्टेशन पर अनोखे तरीके से आइसक्रीम का विशाल भंडारा लगाया। विनय गुप्ता ने बताया कि भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों ने अलग अलग फ्लेवर की आइसक्रीम ग्रहण की। इस अवसर पर लोगों ने भी गुप्ता परिवार की सराहना की। आइसक्रीम भंडारे में विनय गुप्ता का मुनीश मित्तल, राजेश सिंगला, अशोक गर्ग, अभिषेक सिंगला, संदीप अरोड़ा, दीपक बंसल, सुशील कुमार, पुनीत गुप्ता, विंकल गुप्ता, मयूर गुप्ता, प्रवीण अरोड़ा, राजीव कुमार इत्यादि ने उत्साह के साथ सहयोग किया।

# बकरीद आज,शालीनता और भाईचारा से मनाने की अपील

नई सोच एक्सप्रेस



**जबलपुर**।ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व आज 28 मई, गुरूवार को पूरे मुल्क में अकीदत,उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में विशेष तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुस्लिम समुदाय के लोग ईद की नमाज अदा करेंगे और मुल्क में अमन,चैन और खुशहाली की दुआ मांगेंगे। रानीताल ईदगाह में ईद-उल-अजहा के मौके पर मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना डॉ. मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी मुस्लिम समुदाय को संबोधित करेंगे। इसके बाद प्रातः 10:30 बजे नायब मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना सूफी जियाउल हक कादरी ईद की नमाज अदा कराएंगे। **शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाएं ईद-उल-अजहाः** ईद-उल-अजहा के पावन अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रिजवान अली कोटी, छात्र नेता शफी खान, अदनान अंसारी, एजाज अंसारी, शाहनवाज अंसारी, वकार खान,जफर खान आदि ने समस्त मुस्लिम समाज को ईद की मुबारकबाद दी है। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि कुर्बानी के दौरान साफ-सफाई एवं सामाजिक जिम्मेदारी का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के जो अवशेष उपयोग में नहीं आते, उन्हें सड़कों अथवा सार्वजनिक स्थानों पर न फेंका जाए, बल्कि नगर निगम की गाड़ियों अथवा निर्धारित स्थानों पर उचित तरीके से पैक कर डालें। साथ ही पर्व को शालीनता, अदब-ए-एहतराम तथा आपसी भाईचारे के साथ मनाएं एवं जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। **आम रास्तों पर कुर्बानी कतई न करें**:प्रवक्ता रिजवान अली कोटी एवं छात्र नेता शफी खान ने कहा कि जबलपुर संस्कारधानी गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल रहा है, जहां हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सहित सभी धर्मों के लोग मिल-जुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहते हैं। इसलिए हमारी यह जिम्मेदारी है कि हमारे किसी भी कार्य से किसी अन्य व्यक्ति को असुविधा या ठेस न पहुंचे। उन्होंने मुस्लिम समाज से यह भी आग्रह किया कि कुर्बानी से संबंधित फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करने से बचें, ताकि समाज में सौहार्द और भाईचारे का वातावरण कायम रहे।

# पंडित नेहरू पुण्यतिथि पर किए गए याद

नई सोच एक्सप्रेस



**जंदाहा**।जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की 62वीं पुण्यतिथि के मौके पर वर्तमान भारत में पंडित नेहरू जी के विचार एवं उनकी प्रासंगिकता के विषय पर संगोष्ठी सह संगठन सृजन अभियान समीक्षा बैठक जंदाहा बाजार स्थित शाहू धर्मशाला में आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार राजू, संचालन उत्तम ठाकुर जबकि धन्यवाद ज्ञापन चंदन झा ने किया. बैठक में ज़िला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष ग्रामीण रंजीत पंडित ने कहा कि पंडित नेहरू वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आधुनिक शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने आईआईटी, एम्स, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग और सार्वजानिक संस्थानों की स्थापना कर आधुनिक भारत की आधारशिला रखी। आज जब भारत तकनीक, विज्ञान और डिजिटल युग की ओर तेजी से बढ़ रहा है, तब नेहरू की वैज्ञानिक सोच देश के विकास की दिशा तय करने में मार्गदर्शक बनती है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक अशोक कुमार प्रियदर्शी ने कहा कि कांग्रेस की असली पहचान उसके समर्पित जमीनी कार्यकर्ताओं से है. आज जरूरत है कि पार्टी का हर कार्यकर्ता जनता के मुद्दों को उठाएं. उन्होंने कहा कि हर गांव, हर बूथ अभियान संगठन को नई ऊर्जा देगा. मजबूत संगठन ही किसी भी राजनीतिक दल की वास्तविक ताकत होता है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रघुवंश प्रसाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा संविधान, सामाजिक न्याय और आम लोगों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है. संगठन सृजन अभियान केवल संगठन विस्तार का कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के सम्मान, सहभागिता और कांग्रेस के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान है. बैठक के दौरान संगठन विस्तार तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई. पंचायत स्तर तक संगठन को और अधिक प्रभावी व जनसंपर्क आधारित बनाने पर भी विचार-विमर्श हुआ. बैठक में कांग्रेस नेता रघुवंश प्रसाद सिंह, चन्दन झा,अजीत सिंह, मो ताज, मो सलमान अहमद, मुकेश चौधरी, राकेश कुमार, बिपिन कुमार, राजा बिहारी, सतीश कुमार, अन्नू कुमार आदि सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे.

# स्टड्स ने पेश किया हेलियोस इफेक् डेकल एडिशन, फुल-फेस हेलमेट श्रृंखला को मिला नया अंदाज़

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**।वैश्विक स्तर पर दोपहिया वाहनों के लिए हेलमेट बनाने वाली मशहूर कंपनियों में से एक, स्टड्स एक्सेसरीज़ लिमिटेड ने अपने प्रमुख फुल-फेस (पूरे चेहरे को ढंकने वाले) हेलमेट के ताज़ातरीन संस्करण, हेलियोस इफेक्ट के लॉन्च की घोषणा की। हेलियोस इफेक्ट ऐसे मॉडल को रंग-रूप से लिहाज़ से नई विजुअल पहचान प्रदान करता है, जिसने अलग-अलग जगहों पर खुद को प्रमाणित किया है। यह अपेक्षाकृत अधिक उल्लेखनीय ग्राफिक कैरेक्टर पेश करता है, साथ ही उन सुरक्षा और आराम की विशिष्टताओं को भी बनाए रखता है जिनकी वजह से यह भारत और अन्य बाज़ारों में शानदार ब्रांड के रूप में लोकप्रिय हुआ है। हेलियोस इफेक्ट एक्सेसरीज़ लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री सिद्धार्थ भूषण खुराना ने इस लॉन्च अपनी टिप्पणी में कहा, “हेलियोस दोनों बाज़ारों में हमारे लिए महत्वपूर्ण मॉडल रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में इसे सबसे पहले ग्राहक मिले और भारत में इसने वाक़ई रफ्तार पकड़ी। इसे उन राइडरों के लिए तैयार किया गया है जो ऐसा फुल-फेस हेलमेट चाहते हैं जिसमें फीचर या सुरक्षा से कोई समझौता न किया गया हो। कंपनी ने निरंतर ऐसे ही उत्पाद पेश किये हैं। हेलियोस इफेक्ट उसी उत्पाद को अधिक आकर्षक ग्राफिक पहचान प्रदान करता है। स्टड्स को दरअसल एसईए सवारों (राइडर) को ध्यान में रखकर बनाया गया था और सबसे पहले इसे फिलीपींस में लॉन्च किया गया था, जहां इसने एक प्रतिस्पर्धी फुल-फेस खंड में अपनी मज़बूत पकड़ बनाई। उसके बाद से, इसने कोलंबिया, मेक्सिको और कई अन्य देशों में अपने-आप को स्थापित किया। स्टड्स ने उन बाज़ारों में लोकप्रियता से उत्साहित होकर, हेलियोस को भारतीय बाज़ार में पेश किया, जहां यह कंपनी की सबसे अधिक लोकप्रिय फुल-फेस पेशकशों में से एक बन गया है। मॉडल की परिपक्वता के साथ ये नए डेकल इस श्रृंखला का स्वाभाविक विस्तार बन गए। यूनिकलर, डी1 एस्फाल्ट, डी2 सर्किट और सुपरमैन एडिशन के बाद, इफेक्ट इस प्रक्रिया का नवीनतम अंग है। हेलियोस इफेक्ट भारतीय मानक ब्यूरे से आईएस 4151 के तहत आईएसआई प्रमाणन और एफएमवीएसएस नंबर - 218 के तहत डीओटी से प्रमाणित है, जिससे क्रमशः भारतीय और अमेरिकी सुरक्षा मानकों की अनिवार्यताएं पूरी होती हैं। स्टड्स हेलियोस इफेक्ट तीन हेड साइज़ (सर के आकार) - मीडियम (57 सेंटीमीटर), लार्ज (58 सेंटीमीटर) और एक्स्ट्रा लार्ज (60 सेंटीमीटर) और यह छह रंगों में उपलब्ध है। इसकी शुरुआती कीमत 3,445 रुपये है। ऑफलाइन रिटेल आउटलेट और हेलियोस इफेक्ट के एक्सक्लूसिव स्टोर पर इन्हें खरीदा जा सकता है। ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर भी इसे उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है।

### पुनपुन पुलिस की त्वरित कार्रवाई, चालक से लूट की घटना में 04 अभियुक्त गिरफ्तार



नई सोच एक्सप्रेस

**पुनपुन**।पुनपुन थाना क्षेत्र में चालक से लूट की घटना का पटना पुलिस ने त्वरित उद्भेदन करते हुए 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में घटना में प्रत्यक्ष रूप से शामिल 03 अपराधी एवं 01 लाइनर शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 10 मई 2026 को पुनपुन थाना क्षेत्र में एक स्विफ्ट डिजायर कार को भाड़े पर बुक कर तीन अपराधियों ने चालक का मोबाइल फोन एवं 1000 नकद लूट लिया था। हालांकि अपराधी वाहन लूटने में असफल रहे।मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, पटना के निर्देश पर कांड के शीघ्र उद्भेदन के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने तकनीकी विश्लेषण एवं मानवीय अनुसंधान के आधार पर कार्रवाई करते हुए चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त सिम कार्ड, वाहन बुक करने में उपयोग किया गया मोबाइल सिम, लूटे गए मोबाइल का सिम, 05 अन्य मोबाइल फोन तथा लूट की 1000 राशि बरामद की है। साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन को भी जप्त कर लिया गया है।इस संबंध में नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पटना श्री परिचय कुमार ने प्रेस वार्ता कर मामले के सफल उद्भेदन की जानकारी दी। पुलिस द्वारा आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# वाराणसी जिला कैरम लीग में अश्वनी शिवदयाल की जोड़ी का दबदबा,लगातार दूसरी जीत दर्ज

नई सोच एक्सप्रेस



» स्वर्गीय रामाज्ञा सिंह स्मृति कैरम प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले, रितम्भरा-सौम्या ने भी दिखाया दम

**वाराणसी**।वाराणसी जिला कैरम एसोसिएशन के तत्वावधान ईंगलिसिया लाइन स्थित श्रीमती चन्द्रा त्रिपाठी स्मृति क्रीडा कक्ष में चल रही | पांचवी स्वर्गीय रामाज्ञा सिंह स्मृति जिला कैरम लीग प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गए पुरुष वर्ग के युगल मुकाबले में अश्वनी चक्रवाल एवं शिवदयाल यादव की अनुभवी और मजबूत जोड़ी ने नूरैन खान और वैभव नारायण सिंह की युवा जोड़ी को सीधे मुकाबले में 25-5 और 25- 7 से पराजित करके लीग की दूसरी जीत के साथ अपनी स्थिति को मजबूत बना लिया तो वहीं पुरुष वर्ग के दूसरे डबल्स मुकाबले में अश्वनी मौर्य और प्रियांशु यादव की जोड़ी शाहिद जमाल और सूरज प्रसाद की जोड़ी को तीन संघर्ष पूर्ण सेटों में 22-5,13-22 और 19-10 से पराजित कर पहली जीत अर्जित करने में सफल रहे वहीं आज ही खेले गये महिला वर्ग के एक मात्र युगल मुकाबले में सीनियर खिलाड़ी रितम्भरा और युवा खिलाड़ी सौम्या यादव की मजबूत जोड़ी ने जागृति सोनी और काब्या सेठ की अपेक्षा कृत कम अनुभवी जोड़ी को दो सीधे सेटों में 25-5 और 24-6 से पराजित कर पूर्ण अंक अर्जित किया | मैंचों का संचालन अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक और प्रतियोगिता के प्रधान निर्णायक रमेश कुमार वर्मा और आयोजन सचिव अश्विनी चक्रवाला की देखरेख में मैच अंपायर जमुनाधर गुप्ता,हर्षित केसरी,प्रसाद सोनी,गौरव गुप्ता और कृष्ण दयाल यादव ने किया ||

# दानापुर स्टेशन पर मेगा टिकट चेकिंग अभियान

नई सोच एक्सप्रेस



» बिना टिकट/उचित प्राधिकार के 1015 से अधिक यात्री पकड़े गए, मंडल को लगभग 5 लाख रुपये राजस्व प्राप्त

**दानापुर**।पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल द्वारा बिना टिकट एवं बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वालों के विरुद्ध बुधवार, 27 मई 2026 को दानापुर स्टेशन पर विशेष मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान 1015 से अधिक अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया तथा उनसे जुर्माने के रूप में लगभग 5.07 लाख रुपये रेल राजस्व की प्राप्ति हुई। पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल वैध टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर निरंतर सजग एवं प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मंडल में लगातार सघन टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अभिनव सिद्धार्थ के निर्देश पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अभिषेक कुमार तिवारी के नेतृत्व में तथा सहायक सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ श्री हरिकांत प्रसाद सिंह की उपस्थिति में दानापुर स्टेशन पर किलेबंदी (फोर्ट्रेस चेकिंग) अभियान चलाया गया। अभियान के लिए वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की संयुक्त विशेष टीम गठित की गई थी। इस दौरान दानापुर स्टेशन से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों — 12792 सिकंदराबाद एक्सप्रेस, 12395 जियारत एक्सप्रेस, 13250 भभुआ इंटरसिटी एक्सप्रेस, 20801 मगध एक्सप्रेस, 15126 जनशताब्दी एक्सप्रेस, 13038 कुंभ एक्सप्रेस, 13240 कोटा–पटना एक्सप्रेस, 12393 संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, 20934 दानापुर–उधना सुपरफास्ट एक्सप्रेस एवं 12296 संघमित्रा एक्सप्रेस — सहित दानापुर से झाझा एवं बक्सर की ओर जाने वाली पैसेंजर ट्रेनों में सघन टिकट जांच की गई। विशेष अभियान के परिणामस्वरूप दानापुर स्टेशन के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की बढ़ी हुई भीड़ देखी गई तथा लोगों में वैध टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूकता बढ़ी है। दानापुर मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे सदैव वैध टिकट लेकर एवं उचित श्रेणी में ही यात्रा करें तथा भारतीय रेल की सेवाओं का नियमों के अनुरूप लाभ उठाएं।

# विजय के उदय की पृष्ठभूमि

टीवीके के संस्थापक विजय खुद को पेरियार की विरासत से जोड़ते हैं और भारतीय संविधान को अपनी आस्था का दस्तावेज मानते हैं! इस रूप कहा जा सकता है कि तमिलनाडु ने सिर्फ चेहरा बदला है, राजनीतिक विचारधारा नहीं। तमिलनाडु में 59 साल बाद ऐसा हुआ है, जब वहां द्रविड़ मुनेत्र कड़गम या अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के अलावा कोई पार्टी कोई सत्ता की दावेदार बनी है। 1967 में पहली बार डीएमके सत्ता में आई। 1972 में एमजी रामचंद्रन ने इससे अलग होकर एडीएमके का गठन किया। 1967 से 2021 तक डीएमके ने सात बार और एडीएमके ने पांच बार सरकार बनाई। मगर 2026 में ये सिलसिला टूटने जा रहा है। चंद्रशेखर जोसेफ विजय पहले ही दांव में अपनी पार्टी टीवीके- तमिल वेट्री कड़गम (तमिल विजय संघ)- को सबसे बड़ा दल बनवाने में सफल रहे हैं। फिल्म अभिनेता के रूप में सफल करियर के बाद राजनीति में आए 51 वर्षीय विजय ने 2024 में टीवीके का गठन किया। वे खुद को ईवी रामासामी नायकर पेरियार की विरासत से जोड़ते हैं और भारतीय संविधान को अपनी आस्था का दस्तावेज मानते हैं। इस रूप कहा जा सकता है कि तमिलनाडु ने सिर्फ चेहरा बदला है, राजनीतिक विचारधारा नहीं। जयललिता की मृत्यु के बाद एडीएमके के पास वैसे भी कोई लोकलुभावन चेहरा नहीं बचा है। इसके बावजूद इस चुनाव में पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया है, तो यह संभवतः राज्य में मौजूद एंटी इनकंबेंसी (डीएमके सरकार से असंतोष) का परिणाम है। लंबे समय से परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आरोपों के दाग डीएमके की छवि पर रहे हैं। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुजरे पांच साल में अपनी राजनीति को हिंदुत्व और हिंदी विरोध पर केंद्रित रखा। मगर जन आकांक्षाओं के मोर्चे पर वे खरे नहीं उतरे। इससे विजय के उदय की पृष्ठभूमि बनी। बड़ी संख्या में मतदाताओं ने नए चेहरे पर दांव लगाने का मन बनाया। वैसे नीति या कार्यक्रम के मामले में विजय ने भी कुछ नया पेश नहीं किया है। उनका चुनाव घोषणापत्र भी प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण, दुल्हनों को आठ ग्राम सोना जड़ित सिल्क साड़ी देने, 200 यूनिट फ्री बिजली, किसानों की पांच लाख रुपये तक की कर्ज माफी और तमिलनाडु को 2023 तक 1.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने जैसे बड़बोले वादों से भरा-पड़ा है। यानी तमिलनाडु में नए चेहरे की सदारत में भी लोकलुभावन- यानी वोट खरीदी- की पुरानी सियासत जारी रहेगी।

# शिक्षा और चिकित्सा : सेवा से व्यापार तक का सफर और नए भारत की चुनौती



आरती कुमारी

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब नए भारत की नींव रखी जा रही थी, तब जिन मूलभूत क्षेत्रों को राष्ट्र निर्माण का आधार माना गया, उनमें शिक्षा और चिकित्सा सर्वोच्च प्राथमिकता पर थे। संविधान निर्माताओं और तत्कालीन नीति निर्माताओं की यह स्पष्ट सोच थी कि एक शिक्षित, स्वस्थ और जागरूक नागरिक ही लोकतंत्र को मजबूत बना सकता है, सामाजिक असमानताओं को कम करेगा और देश को विकास की दिशा में आगे ले जाएगा। शिक्षा को व्यक्ति निर्माण और सामाजिक चेतना का माध्यम माना गया, जबकि चिकित्सा को जीवन रक्षा और मानवीय सेवा का सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र समझा गया। लेकिन स्वतंत्रता के लगभग आठ दशक बाद आज यह प्रश्न गंभीरता से सामने खड़ा है कि क्या शिक्षा और चिकित्सा अपने मूल उद्देश्य से भटक कर बाजार और व्यवसाय के प्रभाव में नहीं आ गए हैं? जिन क्षेत्रों को समाज सेवा और सार्वजनिक कल्याण का केंद्र होना चाहिए था, वे अब धीरे-धीरे आर्थिक प्रतिस्पर्धा, निजी लाभ और व्यावसायिक हितों के दायरे में सिमटते दिखाई देते हैं। यह केवल प्रशासनिक या व्यवस्थागत संकट नहीं, बल्कि एक गहरा सामाजिक संकट बनता जा रहा है। शिक्षा का उद्देश्य कभी केवल डिग्री या नौकरी तक सीमित नहीं था। इसका उद्देश्य व्यक्ति के भीतर विचार, विवेक, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना था। लेकिन आज शिक्षा व्यवस्था का बड़ा हिस्सा परीक्षा, अंक, रैंक और रोजगार की प्रतिस्पर्धा में उलझ गया है। विद्यालय और विश्वविद्यालय ज्ञान के केंद्र कम, परिणाम आधारित संस्थान अधिक बनते जा रहे हैं। शिक्षा अब जीवन मूल्यों से अधिक निवेश और प्रतिफल के गणित में सिमटती दिखाई देती है। इस व्यवस्था का सबसे चिंताजनक और दर्दनाक चेहरा कोटा, सीकर और अन्य बड़े कोचिंग नगरों में सामने आया है। कभी देश की शैक्षणिक महत्वाकांक्षाओं का केंद्र माने जाने वाले कोटा में पिछले वर्षों में विद्यार्थियों पर बढ़ते मानसिक दबाव, असफलता के भय, अकेलेपन और प्रतिस्पर्धा के तनाव ने कई परिवारों को गहरे शोक में डाल दिया है। राजस्थान के सीकर में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र की आत्महत्या ने एक बार फिर यह सोचने को मजबूर किया कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था विद्यार्थियों को अवसर देने के साथ-साथ उन्हें मानसिक रूप से सुरक्षित रखने में भी सक्षम है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2024 में देशभर में 14,488 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की। यानी औसतन हर 36 मिनट में एक विद्यार्थी जीवन खो रहा है। यह केवल व्यक्तिगत असफलता नहीं, बल्कि उस सामाजिक और शैक्षणिक ढांचे की सामूहिक विफलता है जिसमें उपलब्धियों का दबाव संवेदनशीलता पर भारी पड़ने लगा है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं नीट, नेट और विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने, परिणामों पर विवाद और अनिश्चितता जैसी घटनाएं सामने आती हैं। लाखों विद्यार्थी वर्षों की मेहनत और उम्मीद के साथ तैयारी करते हैं, लेकिन जब परीक्षा प्रणाली ही भरोसेमंद न दिखे तो स्वाभाविक रूप से निराशा, असुरक्षा और अविश्वास बढ़ता है। शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और विश्वसनीयता का संकट युवाओं के मनोबल पर सीधा असर डाल रहा है। इसके समानांतर शिक्षा का आर्थिक पक्ष भी आम परिवारों के लिए लगातार कठिन होता गया है। निजी विद्यालयों की ऊंची फीस, कोचिंग संस्थानों का विस्तार, प्रतियोगी परीक्षाओं की महंगी तैयारी और उच्च शिक्षा की बढ़ती लागत ने मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर भारी दबाव डाला है। डॉक्टर या इंजीनियर बनाने के सपने अब केवल प्रतिभा के नहीं, बल्कि आर्थिक क्षमता के भी विषय बनते जा रहे हैं। कई अभिभावक बच्चों की पढ़ाई के लिए जीवन भर की बचत खर्च कर देते हैं और कर्ज तक लेने को मजबूर हो जाते हैं।

चिकित्सा क्षेत्र की तस्वीर भी कम चिंताजनक नहीं है। कभी यह सेवा और संवेदना का क्षेत्र माना जाता था, लेकिन अब निजी अस्पतालों की बढ़ती संख्या और चिकित्सा सेवाओं की बढ़ती लागत ने आम नागरिक की चिंता बढ़ा दी है। इलाज, जांच, दवाएं, आईसीयू और अन्य चिकित्सा सेवाओं का खर्च कई बार एक परिवार की आर्थिक स्थिति को पूरी तरह हिला देता है। ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो जाती है, जहां गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं आज भी पर्याप्त नहीं हैं। कई बार अनावश्यक जांच, अत्यधिक शुल्क और व्यावसायिक दृष्टिकोण को लेकर शिकायतें सामने आती रहती हैं। रोगी के लिए चिकित्सा राहत का माध्यम होनी चाहिए, लेकिन कई जगह यह आर्थिक बोझ का कारण बन जाती है। शिक्षा और चिकित्सा की इस बढ़ती व्यावसायिकता का एक व्यापक सामाजिक असर भी दिखाई देता है। आर्थिक दबाव, भविष्य की अनिश्चितता, रोजगार संकट, पढ़ाई का तनाव और महंगे इलाज की चिंता ने मानसिक तनाव और अवसाद की स्थितियों को बढ़ाया है। युवा पीढ़ी उपलब्धियों के दबाव में टूट रही है और परिवार आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं। सामाजिक संतुलन पर इसका प्रभाव दूरगामी हो सकता है। हालांकि यह कहना भी पूरी तरह उचित नहीं होगा कि स्थिति केवल निराशाजनक है। पिछले वर्षों में इन दोनों क्षेत्रों में कुछ महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रयास भी हुए हैं। विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य की बुनियादी संरचनाओं पर अपेक्षाकृत अधिक ध्यान दिया है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा को अधिक व्यावहारिक, कौशल आधारित और बहुआयामी बनाने का प्रयास किया गया है। स्थानीय भाषाओं में शिक्षा, डिजिटल माध्यमों के विस्तार और कौशल विकास पर बल दिया गया है। देश में नए आईआईटी, आईआईएम, केंद्रीय विश्वविद्यालय और मेडिकल कॉलेजों की स्थापना हुई है। स्वास्थ्य क्षेत्र में एम्स संस्थानों के विस्तार और जिला स्तर तक चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में पहल की गई है। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने गरीब और कमजोर वर्ग को राहत पहुंचाने का प्रयास किया है। लेकिन भारत जैसी विशाल आबादी वाले देश में ये प्रयास अभी पर्याप्त नहीं कहे जा सकते। जनसंख्या की गति और जरूरतों के अनुपात में सरकारी शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थानों का विस्तार अभी भी सीमित है। यही कारण है कि निजी क्षेत्र ने तेजी से उस खाली स्थान को भर दिया और धीरे-धीरे प्रमुख भूमिका में आ गया। अब जरूरत केवल नए संस्थान खोलने की नहीं, बल्कि सरकारी संस्थानों को अधिक प्रभावी, आधुनिक और जवाबदेह बनाने की है। शिक्षा मंत्रालय को परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी, सुरक्षित और तकनीक आधारित बनाना होगा। विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य सहायता को भी शिक्षा व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा बनाना होगा। इसी तरह चिकित्सा क्षेत्र में एम्स और बड़े अस्पतालों की संख्या बढ़ाने के साथ यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका लाभ वास्तव में दूरदराज और वंचित वर्ग तक पहुंचे।महानगरों पर निर्भरता कम हो और ग्रामीण भारत भी गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा तक सहज पहुंच बना सके। साथ ही निजी शिक्षा और चिकित्सा संस्थानों पर प्रभावी नियमन भी जरूरी है। इन क्षेत्रों को पूरी तरह बाजार के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता, क्योंकि ये केवल आर्थिक गतिविधियां नहीं बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व हैं। सरकारी विद्यालयों और अस्पतालों की गुणवत्ता, आधुनिक संसाधन, प्रशिक्षित मानवबल और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। आज आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा और चिकित्सा को फिर से सेवा, संवेदनशीलता और राष्ट्र निर्माण के मूल उद्देश्य से जोड़ा जाए। यदि ये दोनों क्षेत्र पूरी तरह व्यापार का स्वरूप ले लेते हैं तो सामाजिक असमानताएं और गहरी होंगी, प्रतिभाएं टूटेंगी और आम नागरिक विकास की मुख्यधारा से दूर होता जाएगा। भारत का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि शिक्षा और चिकित्सा कितनी सुलभ, समान, पारदर्शी और मानवीय बनती हैं। सरकार, समाज, नीति निर्माताओं और निजी क्षेत्र को मिलकर ऐसी व्यवस्था बनानी होगी जिसमें कोई बच्चा आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित न रहे और कोई नागरिक इलाज के अभाव में पीड़ा न झेले। यही स्वतंत्र भारत की मूल भावना थी, यही संविधान का सपना था और यही आने वाले भारत की सबसे बड़ी आवश्यकता भी है।

# भारत की वैश्विक यात्रा - सॉफ्ट पावर से सॉल्यूशन पावर तक



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

"पहले और आज के भारत में एक स्पष्ट अंतर है। कभी दुनिया भारत को केवल एक सॉफ्ट पावर के रूप में देखती थी, लेकिन आज इसे समाधान देने वाली शक्ति के रूप में देखा जाता है।" यह कथन केवल राजनीतिक भाषण की पंक्ति नहीं है, बल्कि 21वीं सदी में भारत की बदलती वैशिक भूमिका का सटीक प्रतिबिंब है। पिछले कुछ दशकों में भारत ने जिस प्रकार अपने राजनीतिक, आर्थिक, तकनीकी और कूटनीतिक स्वरूप को बदला है, उसने विश्व की नजरों में उसकी छवि को पूरी तरह परिवर्तित कर दिया है। एक समय था जब भारत को योग, अध्यात्म, संस्कृति और लोकतंत्र की पहचान वाले देश के रूप में देखा जाता था, पर आज भारत वैश्विक समस्याओं के समाधान प्रस्तुत करने वाले राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। सॉफ्ट पावर का अर्थ है किसी देश की वह क्षमता जिसके माध्यम से वह अपनी संस्कृति, मूल्यों, परंपराओं और विचारधाराओं के बल पर दूसरे देशों को प्रभावित करे। अमेरिका की हॉलीवुड संस्कृति, दक्षिण कोरिया का के-पॉप, जापान की तकनीकी संस्कृति और भारत का योग, आयुर्वेद तथा अध्यात्म। ये सभी सॉफ्ट पावर के उदाहरण हैं।भारत की सॉफ्ट पावर सदियों से अत्यंत मजबूत रही है। भारत ने दुनिया को शून्य दिया, योग दिया, बौद्ध दर्शन दिया और "वसुधैव कुटुंबकम्" का संदेश दिया। महात्मा गांधी की अहिंसा, भारतीय लोकतंत्र और बहुलतावादी संस्कृति ने भारत को वैश्विक सम्मान दिलाया। लंबे समय तक विश्व में भारत की पहचान इसी आधार पर बनी रही। लेकिन आधुनिक दुनिया केवल सांस्कृतिक प्रभाव से नहीं चलती है। अब वैश्विक चुनौतियाँ नई हैं- महामारी, जलवायु संकट, आर्थिक असमानता, आतंकवाद, तकनीकी असंतुलन और ऊर्जा संकट। इन समस्याओं के बीच दुनिया ऐसे देशों को खोज रही है जो केवल विचार न दें बल्कि समाधान भी प्रस्तुत करें। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अपने आप को केवल सांस्कृतिक शक्ति तक सीमित नहीं रखा। उसने तकनीक, कूटनीति, स्वास्थ्य और विकास मॉडल के माध्यम से विश्व समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करना शुरू किया। यह परिवर्तन अचानक नहीं आया है। इसके पीछे कई दशकों की आर्थिक सुधार प्रक्रिया, तकनीकी विकास, युवा जनसंख्या और नीति-निर्माण की भूमिका रही है। भारत ने दुनिया को यह दिखाना शुरू किया कि वह केवल उपदेश देने वाला देश नहीं है बल्कि क्रियान्वयन करने वाला राष्ट्र भी है। यदि किसी एक घटना ने भारत को "सॉल्यूशन पावर" के रूप में स्थापित किया तो वह कोविड-19 महामारी थी। जब पूरी दुनिया संकट में थी, तब कई विकसित देश अपने संसाधनों को बचाने में लगे थे। वहीं भारत ने न केवल अपनी विशाल आबादी के लिए टीकाकरण अभियान चलाया बल्कि अनेक देशों को वैक्सीन भी उपलब्ध कराई। "वैक्सीन मैत्री" कार्यक्रम के अंतर्गत भारत ने अनेक देशों तक जीवनरक्षक टीके पहुँचाए। इससे भारत ने यह संदेश दिया कि उसकी विकास यात्रा केवल अपने लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए है। यह वह क्षण था जब दुनिया ने भारत को अलग नजर से देखना शुरू किया। आज डिजिटल इंडिया भारत की सबसे बड़ी सफलता कहानियों में से एक है। एक समय था जब सरकारी सेवाओं के लिए लंबी कतारें लगती थीं, लेकिन अब मोबाइल आधारित सेवाएँ नागरिकों के जीवन का हिस्सा बन चुकी हैं। यूपीआई प्रणाली इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। भारत ने ऐसा डिजिटल भुगतान मॉडल तैयार किया जिसने छोटे दुकानदार से लेकर बड़े व्यवसाय तक सबको जोड़ दिया। दुनिया के कई देश अब भारत के डिजिटल मॉडल को अपनाने में रुचि दिखा रहे हैं। भारत ने दिखाया कि कम लागत में विशाल आबादी के लिए तकनीकी समाधान तैयार किए जा सकते हैं। यही "सॉल्यूशन पावर" की पहचान है। जब भारत ने जी-20 की अध्यक्षता संभाली, तब दुनिया में युद्ध, आर्थिक संकट और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहे थे। ऐसे समय में भारत ने "एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य" का संदेश दिया। भारत ने वैश्विक दक्षिण यानी विकासशील देशों की आवाज़ को मंच दिया। अफ्रीकी देशों को अधिक प्रतिनिधित्व दिलाने का प्रयास किया गया। इससे भारत ने यह दिखाया कि वह केवल अपने हितों की बात नहीं करता बल्कि सामूहिक समाधान की दिशा में सोचता है। यह भारत की कूटनीति के नए स्वरूप का उदाहरण था। कभी अंतरिक्ष अनुसंधान केवल अमेरिका और रूस जैसी शक्तियों तक सीमित माना जाता था, लेकिन आज भारत ने अपनी अलग पहचान बनाई है। कम लागत में उपग्रह प्रक्षेपण, चंद्र अभियानों की सफलता और अंतरिक्ष तकनीक में तेजी से प्रगति ने भारत को नई ऊँचाइयाँ दी हैं। भारत का मॉडल विकासशील देशों के लिए प्रेरणा बन रहा है कि सीमित संसाधनों में भी विश्वस्तरीय उपलब्धियाँ प्राप्त की जा सकती हैं। यह केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं बल्कि समाधान आधारित दृष्टिकोण भी है। दुनिया जलवायु संकट से जूझ रही है। विकसित देशों पर अधिक कार्बन उत्सर्जन के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन भारत ने वैकल्पिक रास्ते सुझाने का प्रयास किया। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसी पहल इसका उदाहरण है। भारत ने स्वच्छ ऊर्जा और सौर ऊर्जा को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज दुनिया यह समझ रही है कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करना आवश्यक है, और भारत इस दिशा में एक मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। भारत दुनिया की सबसे युवा आबादी वाले देशों में शामिल है। यह केवल जनसंख्या नहीं बल्कि ऊर्जा और संभावनाओं का स्रोत है। तकनीक, स्टार्टअप, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में भारतीय युवाओं ने अपनी क्षमता साबित की है। आज भारतीय मूल के लोग वैश्विक कंपनियों का नेतृत्व कर रहे हैं। भारत की युवा शक्ति ने देश को उपभोक्ता बाजार से आगे बढ़ाकर नवाचार केंद्र में बदलना शुरू किया है। भारत की उपलब्धियाँ महत्वपूर्ण हैं, लेकिन चुनौतियाँ समाप्त नहीं हुई हैं। गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा की असमानता, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और सामाजिक विभाजन अभी भी गंभीर मुद्दे हैं। यदि भारत को स्थायी रूप से "सॉल्यूशन पावर" बने रहना है, तो उसे अपने घरेलू ढाँचे को और मजबूत करना होगा। क्योंकि वैश्विक नेतृत्व केवल बाहरी उपलब्धियों से नहीं बल्कि आंतरिक मजबूती से भी तय होता है। पहले भारत की विदेश नीति अधिक रक्षात्मक मानी जाती थी। लेकिन अब भारत बहुपक्षीय मंचों पर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। भारत आज अमेरिका, यूरोप, रूस, मध्य-पूर्व और एशियाई देशों के साथ संतुलित संबंध बना रहा है। यह संतुलन उसे विशिष्ट बनाता है।




**मेष राशि** : आज आपका दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको महत्वपूर्ण काम मिल सकता है जिससे आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित हो सकते हैं। ऑफिस में आज कार्यभार अधिक हो सकता है। कामकाजी महिलाओं को अपने काम के लिये किसी संस्था से सहयोग मिलेगा। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की मदद से आपकी कार्य योजनाएं सफल हो सकती हैं।

**वृष राशि** : आज के दिन आपके लिए इनोवटिव होने वाला है। आज आपकी कार्यप्रणाली में नवाचार देखने को मिलेगा। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को किसी काम के लिये प्रोत्साहन मिल सकता है। आपको धन लाभ होगा। आपके ज्यादातर काम पूरे होंगे। अचानक आपको अच्छी खबर मिलेगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन राशि**: आज आपके जीवन में नयी-नयी खुशियां आयेंगी और आपका दिन शुभ कार्यों में बीतेगा। मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। धार्मिक स्थानों पर आना जाना लगा रहेगा साथ ही धार्मिक अनुष्ठान करवाने का विचार करेंगे। संतान को करियर में बड़ी सफलता मिल सकती है। आपको किसी काम से अच्छा लाभ मिलेगा। अगर आप नई नौकरी की तलाश में हैं, तो बड़े भाई-बहनों की मदद से आपको नौकरी मिल सकती है।

**कर्क राशि**: आज का दिन आपके लिए काफी व्यस्तता वाला रहेगा। आज आपको अपने पेरेंट्स का सही मूड समझकर उनसे अपनी जरूरी बातें अवश्य शेयर करें। सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है। परिवार में स्थिति ठीक बनी रहेगी। बच्चों की किसी जरूरत को पूरा करने के लिये आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं।

**सिंह राशि**: आज का दिन आपके लिए मिला-जुला अनुभव लेकर आएगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। अन्यथा आपके बहुत से काम अधूरे रह सकते हैं। समय सीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीज़ें अच्छे से पूरी होगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पायेंगे। घर का माहौल ठीक बना रहेगा। घर में किसी रिश्तेदार के आने की संभावना है।

**कन्या राशि**: आज आपका दिन बहुत ही उत्तम रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब के लिए बुलावा आ सकता है। आप सबको अपनी बातों से इम्प्रेस करने में सफल रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, आज उन्हें किसी बड़े राजनेता का सानिध्य मिलेगा साथ ही आपको खूब मान-सम्मान भी मिलेगा। कुछ नये लोग आपसे जुड़ने की कोशिश कर सकते हैं।

**तुला राशि**: आज आपका दिन पहले से बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई संभावनाओं को तलाश करने की कोशिश करेंगे। किसी काम के लिये काफी दिनों से की जा रही मेहनत का फल आपको मिल सकता है। आपको अपने बच्चों से काम में सपोर्ट मिलेगा। संगीत से जुड़े लोगों को किसी अच्छे प्लेटफॉर्म पर जाने का अवसर मिल सकता है। बदलते मौसम में आपको अपने ऊपर थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है।

**वृश्चिक राशि**: आज का आपके लिए सामान्य रहेगा। जीवनसाथी के सहयोग से आपको जीवन में आगे बढ़ने का नया रास्ता मिल सकता है। आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। किसी काम की नए सिरे से शुरुआत कर सकते हैं। आपके मन में नये-नये विचार आयेंगे। ऑफिस में सहयोगियों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। बॉस आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे।जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उन्हें कार्यक्षेत्र में अवॉर्ड मिल सकता है।

**धनु राशि**: आज आपका दिन शानदार रहेगा। पुरानी बिजनेस डील आपको अचानक लाभ दिलवा सकती है। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपको समाज के कुछ अच्छे लोगों से जुड़ने का मौका मिलेगा। आप किसी सरकारी संस्था के काम में अपना सहयोग दे सकते हैं। आपको उस काम के लिये आज सर्टिफिकेट भी मिल सकता है।

**मकर राशि**: आज आपका दिन आपके लिए भाग्यशाली साबित होगा। यदि आज आप बड़ी बिजनेस डील करने जा रहे हैं, तो आपको बहुत ही सोच-समझकर फैसले करने की जरुरत है। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की मदद जरूर लेनी चाहिए। काफी दिनों से पेंडिंग महत्वपूर्ण सरकारी काम आज किसी राजनीतिक हस्ती के सहयोग पूरा हो जाएगा।

**कुंभ राशि**: आज आपका दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। आज के दिन आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसमें सफल जरूर रहेंगे। दोस्तों के साथ आज कहीं घूमने जाने का अवसर आपको मिलेगा। किस बड़ी विदेशी कंपनी से नौकरी के लिये आपको अच्छा ऑफर मिल सकता है। साइंस स्ट्रीम के छात्रों को बड़ा अवसर मिल सकता है। आपको परीक्षा में बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**मीन राशि** : आज आपको जीवन में कुछ खास मौके मिल सकते हैं। आपको किसी ऐसे व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है, जो आपके काम की नई शुरुआत में आपकी मदद कर सकता है। आर्थिक स्तर पर आप मजबूत बने रहेंगे। आपकी व्यवसायिक परियोजना पूरी हो सकती है। आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। जो लोग लोहे के व्यापार से जुड़े हैं, उनका काम आज अच्छा रहेगा।

# "मतदाता सूची का शुद्धिकरणः लोकतंत्र की मजबूती का आधार और 'वोट चोरी' के अभियान को सुप्रीम कोर्ट का करारा जवाब"



आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी
कटिहार बिहार

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी व्यापकता नहीं, बल्कि उसकी विश्वसनीयता है। यह विश्वसनीयता चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और मतदाता के अधिकारों की सुरक्षा पर आधारित होती है। यदि लोकतंत्र को एक विशाल भवन माना जाए, तो उसकी नींव मतदाता सूची है। यही वह आधार है जिस पर चुनावी प्रक्रिया खड़ी होती है। यदि यह आधार कमजोर हो जाए, यदि इसमें अपात्र नाम शामिल हो जाएँ या पात्र नागरिकों के नाम छूट जाएँ, तो लोकतंत्र की पूरी संरचना ही संदिग्ध हो जाती है। बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर उत्पन्न विवाद और उस पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय इसी संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाला है। यह समझना आवश्यक है कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कोई नई या असामान्य प्रक्रिया नहीं है। भारत जैसे विशाल और गतिशील देश में, जहाँ जनसंख्या निरंतर बदलती रहती है, वहाँ मतदाता सूची को अद्यतन बनाए रखना एक सतत प्रक्रिया है। जन्म, मृत्यु, स्थानांतरण, नागरिकता से जुड़े प्रश्न—इन सभी के कारण सूची में निरंतर परिवर्तन आवश्यक हो जाता है। यदि यह परिवर्तन समय-समय पर दर्ज नहीं किए जाएँ, तो सूची में त्रुटियाँ बढ़ने लगती हैं, जो अंततः चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करती हैं। इसलिए समय-समय पर गहन पुनरीक्षण किया जाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य है। यही वह मूल आधार है जिस पर निर्वाचन आयोग की भूमिका स्थापित होती है। मतदाता सूची का शुद्धिकरण केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व है। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि सूची में केवल वही नाम हों जो वास्तविक, पात्र और जीवित नागरिकों के हों। यदि मृत व्यक्तियों के नाम बने रहें, यदि एक ही व्यक्ति के नाम कई स्थानों पर दर्ज हों या यदि ऐसे लोग सूची में शामिल हो जाएँ जिन्हें मतदान का अधिकार नहीं है, तो यह लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के साथ अन्याय होगा। लेकिन बिहार में इस आवश्यक और नियमित प्रक्रिया को जिस प्रकार राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया गया, वह स्वयं में एक गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने इस प्रक्रिया को "वोट चोरी" की संज्ञा देकर एक ऐसा नैरेटिव गढ़ने का प्रयास किया, जिसमें लोकतांत्रिक सुधार को ही संदेह के घेरे में खड़ा कर दिया गया। यह कहा गया कि इस प्रक्रिया के माध्यम से विशेष वर्गों के मतदाताओं को सूची से बाहर किया जाएगा, उनके अधिकारों का हनन होगा और चुनावी परिणामों को प्रभावित करने का प्रयास किया जाएगा। यह केवल एक राजनीतिक आरोप नहीं था, बल्कि यह लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अविश्वास का संकेत भी था। यदि हर सुधार प्रक्रिया को संदेह की दृष्टि से देखा जाएगा, तो लोकतंत्र की प्रगति रुक जाएगी। यहीं पर सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप निर्णायक बनकर सामने आता है। न्यायालय ने इस पूरे विवाद को भावनाओं या राजनीतिक आरोपों के आधार पर नहीं, बल्कि संवैधानिक सिद्धांतों के आधार पर परखा। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण एक वैध, आवश्यक और संवैधानिक प्रक्रिया है। निर्वाचन आयोग को यह अधिकार है कि वह मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन बनाए।यह निर्णय इस बात की पुष्टि करता है कि प्रक्रिया सही है और इसे लागू किया जाना चाहिए।लेकिन इसके साथ ही न्यायालय ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण संतुलन भी स्थापित किया। उसने यह स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया को लागू करते समय किसी भी पात्र नागरिक के अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए। किसी भी मतदाता का नाम बिना उचित कारण और बिना उसे सुनवाई का अवसर दिए हटाया नहीं जा सकता।यहीं इस निर्णय की सबसे बड़ी विशेषता है—संतुलन। यह निर्णय यह बताता है कि लोकतंत्र में सुधार और अधिकार एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। बल्कि दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं।अब यदि इस पूरे घटनाक्रम को राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि विपक्ष द्वारा चलाया गया "वोट चोरी" का अभियान इस निर्णय के बाद कमजोर पड़ गया है। क्योंकि न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि जिस प्रक्रिया को "वोट चोरी" कहा जा रहा था, वह वास्तव में लोकतंत्र को मजबूत करने का एक वैध उपाय है। यह निर्णय विपक्ष के उस नैरेटिव को सीधी चुनौती देता है, जिसमें चुनावी प्रक्रिया को ही संदिग्ध बनाने का प्रयास किया गया था। यहाँ एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि भारत में पहले भी कई बार मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया गया है। यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। विभिन्न राज्यों में समय-समय पर यह प्रक्रिया अपनाई गई है और इसका उद्देश्य हमेशा यही रहा है कि सूची को अधिक सटीक और विश्वसनीय बनाया जाए। फिर प्रश्न उठता है कि इस बार इसे इतना बड़ा राजनीतिक मुद्दा क्यों बनाया गया? इसका उत्तर राजनीति के भीतर ही छिपा है। चुनावी राजनीति में मतदाता सूची का सीधा प्रभाव चुनाव परिणामों पर पड़ता है। यदि सूची शुद्ध होती है, तो वास्तविक मतदाता का प्रभाव बढ़ता है। यदि सूची में त्रुटियाँ होती हैं, तो परिणामों पर भी उसका प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए यह स्वाभाविक है कि इस प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक बहस हो। लेकिन बहस और भ्रम फैलाने में अंतर होता है। पिक्ष द्वारा चलाया गया "वोट चोरी" का अभियान इसी भ्रम को फैलाने का प्रयास था।लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ने इस भ्रम को काफी हद तक दूर कर दिया है।अब बहस इस बात पर केंद्रित होगी कि प्रक्रिया कैसे लागू की जा रही है। यह लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत है, क्योंकि इससे जवाबदेही बढ़ेगी। अब यह आवश्यक है कि इस प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ लागू किया जाए। प्रत्येक नागरिक को यह विश्वास होना चाहिए कि उसका नाम सुरक्षित है और यदि कोई त्रुटि होती है, तो उसे सुधारने का अवसर मिलेगा।यह भी उतना ही आवश्यक है कि कोई भी अवैध व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो। यदि ऐसा होता है, तो यह वास्तविक मतदाताओं के अधिकारों का हनन होगा। इसलिए इस पूरी प्रक्रिया का मूल उद्देश्य स्पष्ट होना चाहिए—सूची शुद्ध हो अधिकार सुरक्षित हों यही लोकतंत्र की आत्मा है।इस पूरे घटनाक्रम से एक और महत्वपूर्ण संदेश निकलकर सामने आता है—लोकतंत्र में संस्थाओं की भूमिका सर्वोपरि है।जब राजनीतिक विवाद उत्पन्न होते हैं, तो अंततः समाधान न्यायपालिका के माध्यम से ही निकलता है। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय इसी प्रक्रिया का एक उदाहरण है। यह निर्णय न केवल एक विवाद का समाधान करता है, बल्कि यह लोकतंत्र की दिशा भी निर्धारित करता है।राजनीतिक दृष्टि से यह निर्णय यह भी बताता है कि केवल आरोप लगाकर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर नहीं किया जा सकता। यदि कोई आरोप लगाया जाता है, तो उसे संवैधानिक कसौटी पर खरा उतरना होगा। विपक्ष द्वारा चलाया गया "वोट चोरी" का अभियान अब उसी कसौटी पर खड़ा दिखाई देता है। अंततः यह कहा जा सकता है कि बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय एक ऐतिहासिक महत्व का निर्णय है। यह निर्णय यह स्थापित करता है कि लोकतंत्र में सुधार की प्रक्रिया आवश्यक है, लेकिन वह नागरिक अधिकारों की रक्षा के साथ होना चाहिए। यदि यह संतुलन बना रहता है, तो यह प्रक्रिया केवल एक प्रशासनिक कार्य नहीं रहेगी, बल्कि यह लोकतंत्र को और अधिक मजबूत, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने का माध्यम बन जाएगी। आज आवश्यकता इस बात की है कि इस निर्णय को केवल राजनीतिक दृष्टि से न देखा जाए, बल्कि इसे लोकतांत्रिक सुधार के रूप में समझा जाए। यदि ऐसा होता है, तो यह न केवल बिहार, बल्कि पूरे देश के लिए एक सकारात्मक उदाहरण बन सकता है। लोकतंत्र की मजबूती केवल चुनाव जीतने से नहीं होती, बल्कि चुनाव की प्रक्रिया को निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाए रखने से होती है। और यही इस पूरे निर्णय का सबसे बड़ा संदेश है।

## संक्षिप्त समाचार

### चतरा में तीन माह से वेतन को तरस रहे हाई स्कूल और +2 शिक्षक, घरों में गहराया आर्थिक संकट

» "वेतन नहीं तो जनगणना नहीं!" — शिक्षकों ने दी चतरा DEO को चेतावनी, मनमानी और लापरवाही का लगाया आरोप

**चतरा।** जिला मुख्यालय सहित विभिन्न प्रखंडों के हाई स्कूल और प्लस टू विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक पिछले तीन महीनों से वेतन न मिलने के कारण गंभीर आर्थिक और मानसिक संकट से जूझ रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि कई शिक्षकों के घरों में खाने तक के लाले पड़ गए हैं। **दस्तावेजों के नाम पर उलझाने का आरोप:** प्रभावित शिक्षकों का कहना है कि प्राथमिक शिक्षकों और अन्य विभागों के कर्मचारियों का वेतन भुगतान हो चुका है, लेकिन उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। शिक्षकों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी (DEO) कार्यालय पर अनावश्यक देरी करने का आरोप लगाते हुए कहा: पहले निर्धारित प्रारूप में पदस्थापना विवरणी की हार्ड और सॉफ्ट कॉपी मांगी गई। फिर हेडमास्टर के घोषणापत्र के साथ रजिस्टर जमा कराया गया। इसके बाद कोषागार भेजने हेतु पत्र और अंत में सेवा पुस्तिका (Service Book) भी जमा करा ली गई। **नतीजा:** सभी दस्तावेज सौंपने के बाद भी वेतन अब तक लंबित है। **जनगणना कार्य के बहिष्कार का ऐलान:** DEO दिनेश मिश्रा और कार्यालय कर्मियों की कार्यशैली से नाराज सैकड़ों शिक्षकों ने अब आर-पार की लड़ाई का मूड बना लिया है। शिक्षकों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक-दो दिनों में वेतन का भुगतान नहीं हुआ, तो वे आगामी जनगणना कार्य का पूर्ण बहिष्कार करेंगे। **पक्ष-विपक्ष:** DEO ने आरोपों को बताया निराधार दूसरी ओर, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा ने शिक्षकों के आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है: "सरकार के निर्देशानुसार ही दस्तावेजों की जांच की जा रही है। कुछ शिक्षकों द्वारा समय पर कागजात जमा न करने के कारण प्रक्रिया में थोड़ा समय लगा। भुगतान की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। अगले 1 से 2 दिनों के भीतर सभी आवश्यक दस्तावेज ट्रेजरी (कोषागार) भेज दिए जाएंगे और प्राथमिकता के आधार पर वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा।"

### अवैध रूप से बिजली जला रहे लोगों पर कड़ी करवाई दस लोगों पर मुकदमा दर्ज

**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी प्रखण्ड में बिजली चोरी के मामले में 10 लोगों पर स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी कनीय विद्युत अभियंता तरुण कुमार के आवेदन पर विद्युत अधिनियम के तहत 66/ 26 कांड संख्या दर्ज किया गया है। इस मामले पीतीज कलाली पर के वासुदेव केसरी, इटखोरी के रामदेव कुमार, बघमुंडी के राजेन्द्र रविदास, सुरेंद्र दास असढिया के नौसाद अंसारी, मोहम्मद अकबर, मोहम्मद इसराइल, आशीष राणा, रणधीर सिंह समेत अन्य का नाम शामिल है। सभी के विरुद्ध भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इधर विद्युत विभाग के कनीय अभियंता तरुण कुमार ने आम जनों से अपील किया है कि विभाग के राजस्व को नुकसान ना पहुंचाएं गलत तरीके से बगैर मीटर के बिजली का उपयोग न करें, नहीं तो आपके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर कनीय विद्युत अभियंता तरुण कुमार के साथ सहयोगी के रूप में विजय यादव, झगरू यादव, मनीष केसरी, रामजीवन कुमार का नाम शामिल है।

### पाकुड़: व्यवहार न्यायालय के मुख्य द्वार पर प्याऊ का उद्घाटन, प्रधान जिला जज ने राहगीरों को पिलाया शरबत



**पाकुड़।** झालसा रांची के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) पाकुड़ के तत्वाधान में बुधवार को पाकुड़ व्यवहार न्यायालय के मुख्य द्वार पर एक भव्य प्याऊ सह राहत शिविर का उद्घाटन किया गया। इस प्याऊ की व्यवस्था डालसा और लायंस क्लब के संयुक्त सौजन्य से की गई है, जिसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष दिवाकर पांडेय ने फीता काटकर किया। **भीषण गर्मी में आमजन को मिलेगी राहत:** उद्घाटन के बाद प्रधान जिला जज दिवाकर पांडेय ने खुद अपने हाथों से अधिवक्ताओं, राहगीरों और मजदूरों को शीतल जल, फ्रूटी शरबत और ओआरएस का घोल पिलाकर इस पुनीत कार्य की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी और लू के थपेड़ों को देखते हुए इस प्याऊ की सख्त जरूरत महसूस की जा रही थी, ताकि कोर्ट परिसर आने वाले फरियादियों और आम राहगीरों को राहत मिल सके। "इस भीषण और उमस भरी गर्मी में शुद्ध व शीतल जल उपलब्ध कराना सबसे बड़ी सेवा है। कोर्ट आने वाले मुवक्किलों, राहगीरों और जरूरतमंदों को इससे काफी राहत मिलेगी। आम लोग अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ उठाएं।"-दिवाकर पांडेय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश **न्यायिक पदाधिकारी और अधिवक्ता रहे मौजूद:** न्यायालय मुख्य द्वार पर इस राहत शिविर के शुरू होने से स्थानीय लोगों और दूर-दराज से आने वाले मुवक्किलों ने खुशी जाहिर की है। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश (कुटुंब न्यायालय) रजनीकांत पाठक, अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम कुमार क्रांति प्रसाद, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीत कुमार चंद्र, डालसा सचिव रूपा बंदना किरो, बार एसोसिएशन के सचिव दीपक ओझा समेत लायंस क्लब के सदस्य, पैनल अधिवक्ता और न्यायालय कर्मी मुख्य रूप

### बकरीद पर गिद्धौर पुलिस का फ्लैग मार्च



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बुधवार की संध्या बीडीओ राहुल देव, सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा तथा थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर मुख्य चौक, ब्लॉक मोड़ सहित पूरे गांव का भ्रमण किया। इसके बाद बरटा, गांगपुर, द्वारी समेत अन्य गांवों में भी प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांति एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से मुलाकात कर आपसी सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा ने कहा कि पर्व के दौरान हुड़दंगियों एवं शरारती तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री ने कहा कि बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। फ्लैग मार्च में थाना पुलिस के जवानों के साथ होमगार्ड के कर्मी भी शामिल थे। से उपस्थित रहे।

# ग्रामीण विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : हेमंत सोरेन

नई सोच एक्सप्रेस

» आवास योजनाओं में तेजी और सखी मंडलों के विस्तार पर दिया जोर




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग की अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाकर विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना की समीक्षा करते हुए पात्र लाभुकों की पहचान कर समयबद्ध तरीके से आवास उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आवासविहीन और जर्जर मकानों में रहने वाले लोगों तक योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से पहुंचे। बैठक में मुख्यमंत्री ने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (JSLPS) को महिला स्वयं सहायता समूहों यानी सखी मंडलों की संख्या बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महिलाओं की अहम भूमिका है। महिलाओं को खेती के साथ सोलर पावर, जूट प्रोसेसिंग, हनी उत्पादन और अन्य आजीविका गतिविधियों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सखी मंडलों द्वारा तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों और दूसरे राज्यों में भी पलाश मार्ट जैसे बिक्री केंद्र स्थापित किए जाएं। अधिकारियों ने बताया कि कांके रोड, रांची में नया पलाश मार्ट भवन अंतिम चरण में है और इस वर्ष छह नए पलाश मार्ट शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में लिफ्ट इरिगेशन, जल संचय और मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं की भी समीक्षा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रही है और इसका लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाया जाए। इसके लिए जिलावार डाटाबेस तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल कार्यक्रम, बिरसा विशिष्ट जनजातीय विकास योजना और वाटरशेड योजनाओं की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, ग्रामीण विकास सचिव मनोज कुमार, मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय कुमार वर्णवाल और जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अनन्य मित्तल समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में खादी ने बनाया नया रिकॉर्ड



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना/रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2025-26 में नया रिकॉर्ड बनाया है। खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की कुल बिक्री बढ़कर 1,87,105 करोड़ रुपये के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई है। नई दिल्ली में केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने अंतिम आंकड़े जारी करते हुए बताया कि वर्ष 2013-14 की तुलना में बीते 12 वर्षों में बिक्री में 501 प्रतिशत, उत्पादन में 380 प्रतिशत और रोजगार सृजन में 56 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत', 'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल टू ग्लोबल' जैसे अभियानों से खादी को नई पहचान मिली है। वर्ष 2025-26 में कुल उत्पादन बढ़कर 1,25,296 करोड़ रुपये हो गया। वहीं खादी वस्त्रों की बिक्री 7,869 करोड़ रुपये तक पहुंची। केवीआईसी के अनुसार यह उपलब्धि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को भी गति देगी।

## झारखंड के सीमावर्ती जिलों में डिटेंशन सेंटर बनाए सरकार : प्रतुल शाह देव

नई सोच एक्सप्रेस



» अवैध घुसपैठ पर केंद्र की सख्ती का राज्य में भी हो पालन, विशेष अभियान चलाने की मांग

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झारखंड सरकार से सीमावर्ती जिलों में अवैध घुसपैठियों की पहचान और कार्रवाई के लिए तत्काल डिटेंशन सेंटर स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अवैध घुसपैठियों के खिलाफ शुरू की गई कार्रवाई का पालन झारखंड में भी प्रभावी तरीके से होना चाहिए। प्रतुल शाह देव ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अवैध घुसपैठियों की पहचान और कार्रवाई के लिए पूर्व न्यायाधीश प्रकाश प्रभात नवेलकर की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति गठित किया जाना राष्ट्रीय सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश की आंतरिक सुरक्षा और जनसांख्यिकीय संतुलन को लेकर गंभीर है और इस दिशा में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि झारखंड के सीमावर्ती जिले—पाकुड़, जामताड़ा, दुमका और साहिबगंज—लंबे समय से अवैध घुसपैठ की समस्या से प्रभावित रहे हैं। पश्चिम बंगाल में कार्रवाई तेज होने की संभावना के बीच बड़ी संख्या में लोग झारखंड की ओर रुख कर सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की नरम नीति के कारण झारखंड अवैध घुसपैठियों के लिए सुरक्षित ठिकाना बनता जा रहा है।\ प्रतुल शाह देव ने दावा किया कि जनगणना के आंकड़ों से संथाल परगना क्षेत्र में जनसंख्या संरचना में बदलाव देखने को मिला है, जिसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय सामाजिक संरचना, संसाधनों और रोजगार पर असर पड़ सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की कि सीमावर्ती जिलों में तत्काल डिटेंशन सेंटर बनाए जाएं और संदिग्ध विदेशी नागरिकों की पहचान के लिए विशेष सत्यापन अभियान चलाया जाए। साथ ही सभी जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं। प्रतुल शाह देव ने कहा कि यह केवल कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि झारखंड की सामाजिक संरचना, स्थानीय संसाधनों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। भाजपा इस मुद्दे पर जनता की आवाज उठाती रहेगी।

## चान्हो हिंसा मामले में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने किया घटनास्थल का दौरा, जल्द सौंपी जाएगी जांच रिपोर्ट

नई सोच एक्सप्रेस



» दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग, पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा

**रांची।** चान्हो थाना क्षेत्र के कदमटोली गांव में एक हिंदू परिवार के साथ कथित मारपीट की घटना को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू द्वारा गठित सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को घटनास्थल का दौरा कर मामले की जानकारी ली। प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा के नेतृत्व में टीम ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी हासिल की। भाजपा ने कहा कि दौरे के आधार पर तैयार विस्तृत जांच रिपोर्ट जल्द ही प्रदेश अध्यक्ष को सौंपी जाएगी। दौरे के बाद नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि घटना के तीन दिन बीत जाने के बावजूद दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामले में संबंधित धाराएं नहीं जोड़े जाने से पुलिस प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन मामले में टालमटोल कर रहा है और पीड़ित परिवार को न्याय मिलने में देरी हो रही है। भाजपा नेता ने बताया कि कदमटोली गांव में पीड़ित परिवार का अकेला घर है और इसी कारण उन्हें निशाना बनाया गया। उन्होंने दावा किया कि घटना में परिवार की महिला और बच्चों को चोटें आई हैं तथा पूरा परिवार भय के माहौल में जी रहा है। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार पीड़ित परिवार ने आरोपियों द्वारा लगातार धमकी दिए जाने की भी जानकारी दी है। श्री मुंडा ने कहा कि इससे पहले भी परिवार के घर पर पथराव की घटना हुई थी। उन्होंने प्रशासन से सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा आंदोलन करेगी। घटनास्थल के दौरे के दौरान नीलकंठ सिंह मुंडा के साथ पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व विधायक जीतू चरण राम, युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनय जायसवाल, रांची पश्चिमी जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह और पूर्व प्रत्याशी सन्नी टोप्पो भी मौजूद थे।

## झारखंड कांग्रेस का प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर विजय शंकर नायक ने जताया आभार

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नव मनोनीत प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर नायक ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। मंगलवार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश प्रवक्ता जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने पर वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और झारखंड प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व के प्रति हृदय से आभार प्रकट करते हैं। नायक ने विशेष रूप से सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, के.सी. वेणुगोपाल, झारखंड प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय समेत केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व के प्रति धन्यवाद जताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सामाजिक न्याय, लोकतंत्र, संविधान, दलित-आदिवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यक, गरीब, किसान, मजदूर और युवाओं की आवाज उठाती रही है। पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, उसे वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। विजय शंकर नायक ने कहा कि झारखंड की जनता की आवाज को मजबूती से उठाना और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष करना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों का भी आभार व्यक्त किया।

## पाकुड़ में विकास की रफ्तार: वार्ड 9, 10 और 14 में 83 लाख की लागत से बनेगी पीसीसी सड़क और नाली, अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने किया शिलान्यास

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़।** नगर परिषद क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और आम जनता की बुनियादी समस्याओं के समाधान की दिशा में मंगलवार की देर शाम एक बड़ा कदम उठाया गया। वार्ड नंबर 9, 10 और 14 के निवासियों को जलजमाव और खराब रास्तों से निजात दिलाने के लिए लगभग 83 लाख रुपए की लागत से बनने वाली चार सड़कों (PCC) एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। यह शिलान्यास नगर परिषद अध्यक्ष शबरी पाल, उपाध्यक्ष राणा ओझा, कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी सहित संबंधित वार्डों के पार्षदों द्वारा संयुक्त रूप से हर योजना स्थल पर फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया गया। **आवागमन होगा सुगम, जाम से मिलेगी मुक्ति: अध्यक्ष** इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष शबरी पाल ने कहा कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए शहर के विभिन्न वार्डों में नए रास्तों को आपस में जोड़ने की योजना बनाई गई है। इन सड़कों के बनने से आम जनता को आवागमन में सुविधा होगी, लोग आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे और शहर को जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। **गुणवत्ता से नहीं होगा कोई समझौता: उपाध्यक्ष** शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्ष राणा ओझा ने साफ शब्दों में कहा कि पाकुड़ नगर परिषद क्षेत्र में चल रही किसी भी कल्याणकारी योजना या निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने मौके पर मौजूद संवेदक (ठेकेदार) और विभागीय अभियंताओं को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी इंजीनियर खुद निर्माण स्थल पर मौजूद रहकर काम की निगरानी करें और योजनाओं को सही रूप दें, ताकि जनता को लंबे समय तक इसका लाभ मिले। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस निर्माण से लोगों को कीचड़ और जलजमाव की समस्या से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी। **मौके पर कई गणमान्य रहे मौजूद:** इस ऐतिहासिक शिलान्यास के अवसर पर वार्ड पार्षद विमल चंद्र राउत, गुड्डू कुमार भगत, मो. मुस्ताक अंसारी, निभा देवी, पूनम देवी, तनु दास, अनिकेत गोस्वामी, रियाज अंसारी, राखी सरदारनी, कृष्णा शर्मा और विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## पाकुड़: कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई पंडित नेहरू की पुण्यतिथि, कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़।** पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा आधुनिक भारत के निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। **पूर्व प्रधानमंत्रियों के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प:** कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित कांग्रेस के जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार और अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिन परवेज ने पंडित नेहरू के विचारों पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नेहरू जी ने जिस मजबूत भारत की नींव रखी थी, उसे संजोकर रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पंडित जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के पदचिन्हों व विचारधारा पर चलने का आह्वान किया। "पंडित नेहरू ने देश में जिन महान लोकतांत्रिक व औद्योगिक संस्थाओं को खड़ा किया था, आज उन्हें बचाने की जरूरत है। हमें देश की एकता और प्रगति के लिए उनकी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना होगा।"-श्रीकुमार सरकार, जिला अध्यक्ष (कांग्रेस) **कार्यक्रम में कई दिग्गज नेता रहे मौजूद:** इस मौके पर नेहरू जी के सपनों का भारत बनाने और उनके सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा जिला अध्यक्ष बिलाल शेख, नगर अध्यक्ष कृष्णा यादव, नजरूल अंसारी उर्फ डब्लू, सलीम मंसूरी, मो. एहदीन शेख, नईमुद्दीन शेख और असलम अंसारी समेत दर्जनों अन्य कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लावालौंग में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में अफीम, डोडा व पोस्ता दाना बरामद

नई सोच एक्सप्रेस



**लावालौंग।** थाना क्षेत्र में नशा कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जोरदाग गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में सूखा अफीम, डोडा और पोस्ता दाना बरामद किया है। इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार लावालौंग पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि जोरदाग गांव के कुछ ग्रामीण अपने घरों में अवैध रूप से अफीम, डोडा एवं पोस्ता दाना का भंडारण कर उसकी बिक्री करने की तैयारी में हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया नगरगोजे शुभम भाऊ साहब के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने जोरदाग गांव में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान सकिंदर यादव के घर से करीब 1.570 किलोग्राम सूखा अफीम बरामद किया गया। वहीं धनेश्वर यादव के घर से डोडा जब्त किया गया। इसके अलावा रामबली यादव के घर में छापेमारी के दौरान पुलिस ने 7 बोरा डोडा, 1 बोरा पोस्ता दाना तथा 30 हजार रुपये नगद बरामद किए। पुलिस ने बरामद सभी सामानों को जब्त कर लिया है। मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ लावालौंग थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद मादक पदार्थ कहां से लाए गए थे और इसकी सप्लाई किन क्षेत्रों में की जा रही थी। छापेमारी अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नगरगोजे शुभम भाऊ साहब थाना प्रभारी विधायक प्रसाद यादव एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में नशा तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### चांदशहर वार्ड-5 में नया 63 केवीए ट्रांसफार्मर चालू, 100 घरों में लौटी बिजली

**उधवा।**प्रखंड के चांदशहर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-5 में बुधवार को नए 63 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य शाहनारा बीबी, जेएमएम नेता जैनुल आब्दीन शेख एवं उप मुखिया प्रतिनिधि बरकत शेख ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।ट्रांसफार्मर चालू होते ही इलाके में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई, जिससे ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे।जानकारी के अनुसार, वार्ड संख्या-5 में लगा पुराना ट्रांसफार्मर अचानक खराब हो गया था, जिसके कारण करीब 100 घरों की बिजली ठप हो गई थी। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली नहीं रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।इस संबंध में जेएमएम नेता जैनुल आब्दीन शेख ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा समस्या की सूचना मिलने के बाद विभाग, विधायक एवं पार्टी नेताओं को इसकी जानकारी दी गई।ग्रामीणों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए विधायक की पहल पर गांव के लिए नया 63 केवीए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया।नया ट्रांसफार्मर स्थापित होने के बाद इलाके में फिर से रोशनी लौट आई। बिजली बहाल होने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और विभाग, विधायक तथा जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। ग्रामीणों ने कहा कि अब उन्हें भीषण गर्मी से राहत मिलेगी और दैनिक कार्य सुचारु रूप से हो सकेंगे।मौके पर मोजाहिर शेख, मैजुल शेख, छुटुन दास, जहरुल शेख, सरेफुल शेख, कामिल शेख, समूल शेख, राजीव शेख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, एक का आपराधिक इतिहास



**हजारीबाग।**पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लोहसिंघा थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो ब्राउन शुगर तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से कुल 6.28 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि झील के निकट 03 नंबर झील की ओर जाने वाली कच्ची सड़क पर कुछ लोग ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन और त्वरित कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर हजारीबाग के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान निम्नलिखित रूप में हुई है मो. वाजिद अंसारी (उम्र करीब 21 वर्ष), पिता- स्व. मो. साकिर, निवासी- कोल्हघाटी मस्जिद के पास, थाना- लोहसिंघा, जिला- हजारीबाग। मो. वसीम आलम (उम्र करीब 20 वर्ष), पिता- मो. असगर मियां, निवासी- बनहे सिमरिया, थाना- सिमरिया, जिला- चतरा।गिरफ्तार आरोपियों के पास से 6.28 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के अलावा 01 मोबाइल फोन, एक नाप तौल कांटा और एक आर-15 मोटरसाइकिल जब्त की गई है। आपराधिक इतिहासः पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त मो. वाजिद अंसारी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ लोहसिंघा थाना में वर्ष 2022 में कांड संख्या 244/2022 के तहत हत्या का प्रयास (धारा 307/24 भा.द.वि.) और पोक्सो एक्ट (08/12 मामला दर्ज है। इस मामले में लोहसिंघा थाना में कांड संख्या- 98/2026 दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है, तथा गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### वैष्णो देवी मंदिर के रजत जयंती महोत्सव का समापन

» चारों ओर गूंजे जय माता दी के जयघोष , श्रद्धालुओं की उमड़ा हुजूम



**टाटीझरिया।** प्रखंड के बड़ा डहरभंगा स्थित आदिशक्ति वैष्णो देवी मंदिर स्थापना की 25वीं वर्षगांठ रजत जयंती महोत्सव बुधवार को भंडारे और पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गई। दो दिवसीय इस ऐतिहासिक धार्मिक अनुष्ठान से पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में डूबा रहा। बुधवार को सुबह से ही मंदिर प्रांगण में विशेष पूजन और श्रीदुर्गा सप्तशती पाठ से वातावरण गूंजने लगा। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन का आयोजन किया गया। महाआरती के बाद जैसे ही महाभंडारे की शुरुआत हुई, श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भंडारे में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों सहित दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। महोत्सव के पहले दिन मंगलवार शाम को क्षेत्र के विधायक तिवारी महतो भी कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल हुए। इस्कॉन टीम मंडली और स्थानीय महिलाओं के द्वारा मंगलवार रात भव्य भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस्कॉन के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए हरे रामा-हरे कृष्णा के भजनों और कीर्तन पर श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए। वहीं स्थानीय महिलाओं के पारंपरिक भक्ति गीतों ने पूरे माहौल को पूरी तरह आध्यात्मिक और आनंदमय बना दिया। इस ऐतिहासिक धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में समस्त ग्रामीण एकजुट रहे। स्थानीय ग्रामीणों के सक्रिय सहयोग से यह दो दिवसीय रजत जयंती महोत्सव शांतिपूर्ण और गरिमामयी ढंग से संपन्न हुआ।

### कुंदा में भी अफीम तस्करों के खिलाफ बड़ी करवाई एक युवक गिरफ्तार




**चतरा।**कुंदा थाना क्षेत्र के मरगड़ा गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध अफीम बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव निवासी उमेश कुमार (उम्र लगभग 19 वर्ष), पिता गोविंद गंझू, अपने घर में व्यापार करने के उद्देश्य से अवैध अफीम छिपाकर रखे हुए है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अंचलाधिकारी कुंदा के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर छापेमारी की गई, जहां से कुल 1012 ग्राम अवैध अफीम बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से उमेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक मरगड़ा गांव, थाना कुंदा, जिला चतरा का निवासी बताया गया है। इस मामले में कुंदा थाना कांड संख्या 34/2026 दिनांक 26 मई 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 15/18/27/29 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। छापेमारी दल में अंचलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा, थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह, स.अ.नि. नागेश्वर पंडित एवं कुंदा थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में पुलिस का औचक निरीक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग।**बीती रात हजारीबाग पुलिस प्रशासन द्वारा जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में अचानक सघन छापेमारी और औचक निरीक्षण किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक अभियान के नेतृत्व में की गई। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच जिले के दंडाधिकारी भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संदिग्ध वार्डों की हुई सघन जांच अभियान के दौरान पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने केंद्रीय कारागार के विभिन्न संदिग्ध वार्डों को खंगाला। जेल के भीतर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री की उपलब्धता और सुरक्षा में चूक की संभावनाओं को समाप्त करने के उद्देश्य से यह औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक ने कारागार की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। मौके पर उपस्थित जेल के सभी अधिकारियों, पुलिसकर्मियों और जेल कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के संबंध में कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सुरक्षा में कोताही बर्दाश्त नहींः प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि जेल परिसर के भीतर या बाहर किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।इसके साथ ही, हजारीबाग पुलिस की ओर से जेल की सुरक्षा में तैनात (प्रतिनियुक्त) सभी पुलिसकर्मियों को विशेष रूप से ब्रीफ किया गया। उन्हें अपनी

» सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

ड्यूटी के प्रति अत्यंत सतर्क रहने, आने-जाने वालों पर पैनी नजर रखने और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी गई। प्रशासन के अनुसार, जेलों में कानून व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए इस तरह के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता का नाम सूची में होना जरूरी , मुन्ना सिंह

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग।**पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने बुधवार को कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत रोमी पंचायत में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 6 मतदान केंद्रों का भ्रमण कर बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ हजारीबाग जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मुन्ना सिंह ने बूथ लेवल अधिकारियों के साथ विस्तारपूर्वक संवाद कर मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित कार्यों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी जीवित एवं पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से नहीं छूटना चाहिए। यदि किसी योग्य मतदाता का नाम किसी कारणवश सूची में दर्ज नहीं हो पाया है, तो उसका नाम अविलंब जोड़ने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए, ताकि लोकतंत्र में हर नागरिक की भागीदारी बनी रहे। मुन्ना सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता की भागीदारी में निहित है और मतदाता सूची उसकी सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला है। निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की साझा जिम्मेदारी है। कांग्रेस पार्टी हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की मर्यादा और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है।उन्होंने आगे कहा कि बूथ स्तर तक संगठन की सक्रियता, पारदर्शिता और जवाबदेही ही मजबूत लोकतंत्र का परिचायक है। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार सुनिश्चित करना है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। वहीं जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने भी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लोकतंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील की।

# बकरीद को लेकर बरहरवा थाना पहुंचे एसपी अमित कुमार सिंह, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

नई सोच एक्सप्रेस




**बरहरवा।**आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को साहिबगंज पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह बरहरवा थाना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर में पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया तथा पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए।बैठक में एसपी ने विशेष रूप से संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बकरीद जैसे महत्वपूर्ण पर्व के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए हर स्तर पर निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार गश्ती अभियान चलाने, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसपी अमित कुमार सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बिगाड़ने अथवा सामाजिक सौहार्द खराब करने की किसी भी कोशिश को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फैलने वाली अफवाहों एवं भ्रामक संदेशों को लेकर भी प्रशासन की सतर्कता का उल्लेख करते हुए कहा कि अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सोशल मीडिया मॉनिटरिंग और साइबर निगरानी को और अधिक सक्रिय रखने का निर्देश भी दिया। बैठक के दौरान धार्मिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थानों एवं संवेदनशील चौक-चौराहों पर विशेष निगरानी रखने पर भी जोर दिया गया। एसपी ने कहा कि पर्व के दौरान आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शांति समिति के सदस्यों एवं बुद्धिजीवियों के साथ लगातार संवाद बनाए रखने पर बल देते हुए कहा कि सामाजिक समन्वय

» संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी और लगातार गश्ती के निर्देश, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

और आपसी सहयोग से ही त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सकता है। उन्होंने आम नागरिकों से भी बकरीद पर्व को भाईचारे, प्रेम और आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। एसपी ने कहा कि यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अफवाह या कानून व्यवस्था से जुड़ी सूचना मिले तो लोग तुरंत स्थानीय पुलिस प्रशासन को इसकी जानकारी दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में बरहरवा डीएसपी नितिन खंडेलवाल, राजमहल डीएसपी विमलेश कुमार त्रिपाठी, बरहड़वा इंस्पेक्टर संतोष कुमार, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार तथा कोटलपोखर थाना प्रभारी पवन कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

### राजमहल के पेट्रोल पंप पर अचानक बंद हुआ ऑनलाइन भुगतान, वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी



नई सोच एक्सप्रेस

**राजमहल।**राजमहल स्थित भारत पेट्रोलियम के संकट मोचन फिलिंग स्टेशन, बेगमपुरा में बुधवार को अचानक ऑनलाइन पेमेंट सेवा बंद कर दिए जाने से वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पेट्रोल एवं डीजल लेने पहुंचे दर्जनों दोपहिया, चारपहिया समेत अन्य वाहन चालकों को बिना तेल लिए ही वापस लौटना पड़ा।जानकारी के अनुसार, अधिकांश लोग ऑनलाइन भुगतान के भरोसे पेट्रोल पंप पहुंचे थे, लेकिन वहां पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि फिलहाल ऑनलाइन पेमेंट स्वीकार नहीं किया जा रहा है। इससे लोगों में नाराजगी देखी गई और कई उपभोक्ताओं ने इसे आम जनता के लिए असुविधाजनक बताया।पंप संचालक ने बताया कि ऑनलाइन भुगतान बंद करने को लेकर हेड ऑफिस से निर्देश प्राप्त हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑनलाइन पेमेंट के लिए नई मशीन उपलब्ध करा दी गई है, लेकिन अभी तक उसे चालू नहीं किया गया है, जिसके कारण फिलहाल केवल नकद भुगतान ही लिया जा रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि आज के डिजिटल दौर में अचानक ऑनलाइन भुगतान सेवा बंद कर देना आम नागरिकों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। सरकार जहां एक ओर डिजिटल इंडिया और कैशलेस ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर पेट्रोल पंप जैसी जरूरी सेवाओं में ऑनलाइन भुगतान बंद होना कई सवाल खड़े करता है।वाहन चालकों ने जल्द से जल्द ऑनलाइन पेमेंट सेवा बहाल करने की मांग की है ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## बकरीद पर्व को लेकर दारू पुलिस पदाधिकारियों ने किया क्षेत्र भ्रमण, शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

नई सोच एक्सप्रेस




**दारू(हजारीबाग)।**आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से दारू प्रखंड के प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में बीडीओ और सीओ के साथ दारू थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। प्रशासनिक टीम ने ग्राम पिपचो, जबरा, कविलासी और हरली का दौरा कर वहाँ के मस्जिदों के सदर, सेक्रेटरी (सचिव) तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। चिन्हित स्थानों पर ही नमाज अदा करने तथा नमाज स्थलों पर पेयजल (पीने के पानी) एवं सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। कुर्बानी के बाद बचने वाले अवशेषों को इधर-उधर न फेंक कर, उन्हें सुरक्षित तरीके से दफनाने का सख्त निर्देश दिया गया ताकि स्वच्छता बनी रहे। असामाजिक तत्वों पर नजरः प्रशासन ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि किसी भी असामाजिक तत्व द्वारा शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने या सांप्रदायिक सौहार्द को ठेस पहुँचाने का प्रयास किया गया, तो वैसे लोगों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दारू पुलिस प्रशासन ने सभी आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही उन्हें बढ़ावा दें। शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। यदि किसी भी व्यक्ति को कोई संदिग्ध गतिविधि या भ्रामक सूचना (आसूचना) मिलती है, तो वे तुरंत नीचे दिए गए नंबरों पर संपर्क कर प्रशासन को सूचित करें ताकि समय रहते त्वरित कार्रवाई की जा सकेः **आपातकालीन संपर्क नंबरः दारू थाना प्रशासनः** 9113130962, +919471194955. **कंट्रोल रूम, हजारीबागः** 8002529348

## पुरुषोत्तम एकादशी पर भक्तिमय हुआ साहिबगंज, धूमधाम से निकली खाटू श्याम बाबा की निशान शोभायात्रा

नई सोच एक्सप्रेस



**साहिबगंज।**पुरुषोत्तम मास की एकादशी के शुभ अवसर पर बुधवार को शहर भक्तिमय माहौल में डूब गया, जब मारवाड़ी समाज की ओर से खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान शोभायात्रा बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ निकाली गई।राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालुओं ने हाथों में निशान और ध्वज लेकर पूरे नगर में भक्ति का अद्भुत संदेश फैलाया।शोभायात्रा की शुरुआत चौक बाजार स्थित डाकिनाथ मंदिर की ठाकुरबाड़ी से हुई। मारवाड़ी समाज के पुरोहित महेंद्र शर्मा के नेतृत्व में निकली यह यात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए दहला स्थित पुरुषोत्तम गली पहुंची, जहां खाटू श्याम बाबा के शीश की स्थापना की गई है। श्रद्धालुओं ने वहां पहुंचकर बाबा की विधिवत पूजा-अर्चना, परिक्रमा एवं प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर खाटू श्याम बाबा मंदिर के पुरोहित सोनू पांडे ने पुरुषोत्तम मास के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह माह दान, पुण्य और सेवा का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने दानवीर कर्ण का उदाहरण देते हुए कहा कि पुरुषोत्तम मास में किया गया दान विशेष पुण्यदायी होता है।साथ ही लोगों से जरूरतमंदों की सहायता करने की अपील भी की। निशान यात्रा चौक बाजार, महात्मा गांधी चौक, जैन राय रोड, महाजन पट्टी, गुड़ बाजार और धर्मशाला चौक सहित विभिन्न मार्गों से होकर पुनः अपने गंतव्य स्थान पहुंची। यात्रा के समापन पर श्रद्धालुओं ने अपने-अपने निशान और ध्वज की पूजा कर उन्हें खाटू श्याम बाबा के दरबार में समर्पित किया।पूरे आयोजन के दौरान भजन, ढोल-नगाड़ों और "श्याम बाबा की जय" के जयकारों से शहर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

# संघमित्रा कोल परियोजना को लेकर ग्रामीणों का हंगामा, गांव स्तर पर बैठक की मांग

नई सोच एक्सप्रेस



**चतरा।**टंडवा प्रखंड के संघमित्रा कोल परियोजना क्षेत्र में सरादु पंचायत स्तर पर बैठक आयोजित किए जाने की सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव स्तर पर बैठक नहीं कर पंचायत स्तर पर बैठक आयोजित कर उन्हें और अधिकारियों को गुमराह करने की साजिश रची जा रही है। बैठक में उपस्थित मुखिया को इस बैठक के बारे में पूछे जाने पर किसी प्रकाश से जानकारी नही होने और मांग पत्र देने से इनकार कर दिया। जिसके बाद अधिकारियों भी दंग रह गए। अब सवाल उठता है कि इतना बड़ा साजिश कर पंचायत स्तर पर मांग पत्र सौंप कर किसने बैठक का साजिश रच था? इस बैठक के पीछे भु-माफियाओं का क्या राज है, इस धोखा घड़ी पर जांच का विषय है। सरादु एवं कुंडलौंगा गांव के ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि जब तक गांव स्तर पर सीसीएल प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच बैठक कर समस्याओं पर

» संघमित्रा कोल परियोजना खुलने से पहले ही ग्रामीणों व मुखिया सहित अधिकारियों को गुमराह करने को ले भु-माफिया ठग गैंग सक्रिय

» ग्रामीणों व मुखिया और संघमित्रा के अधिकारियों को गुमराह करके कौन पंचायत स्तर पर गुपचुप बैठक का रचा साजिश

विचार-विमर्श नहीं होगा, तब तक किसी भी प्रकार का निर्णय स्वीकार नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि गांव स्तर पर बैठक होने और भूमि का भौतिक सत्यापन किए जाने पर वे स्वयं सीसीएल को एनओसी देने के लिए तैयार हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संघमित्रा परियोजना खुलने से पहले ही भू-माफिया एवं ठग गिरोह सक्रिय हो गए हैं, जो फर्जी जमाबंदी और गलत सत्यापन के आधार पर नौकरी दिलाने का दावा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संघमित्रा प्रबंधन से मांग की कि फर्जी जमाबंदी एवं सत्यापन को तत्काल रद्द कर सरादु और कुंडलौंगा गांव की भूमि का भौतिक सत्यापन कराया जाए। ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया कि मगध परियोजना के कुंडी और देवलगड्डा क्षेत्र में परियोजना शुरू होने के दौरान पंचायत स्तर पर बैठक नहीं की गई थी, तो संघमित्रा में पंचायत स्तर पर बैठक कराने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है? और किसने साजिश रच कर मुखिया और संघमित्रा के अधिकारियों को भी गुमराह कर रहा है, जिसे चिन्हित कर कार्रवाई की मांग किया है। सैकड़ों ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि वे गांव स्तर पर बैठक कर सीसीएल प्रबंधन के साथ सकारात्मक बातचीत के लिए तैयार हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यदि पारदर्शी तरीके से भूमि सत्यापन और वार्ता की प्रक्रिया अपनाई जाती है, तो वे सीसीएल प्रबंधन का स्वागत करते हुए एनओसी भी देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### ईद-उल-जुहा को शांति और भाईचारे के साथ मनाने की अपील



**पाकुड़**।ईद-उल-जुहा (बकरीद) के पावन अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह पर्व त्याग, समर्पण, प्रेम और मानवता का संदेश देता है। सभी लोग आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता और भाईचारे की भावना के साथ पर्व मनाएं तथा जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उपायुक्त ने बताया कि बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जिले के सभी संवेदनशील स्थलों एवं थाना क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, दंडाधिकारी और प्रशासनिक पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी और ड्रोन के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर विशेष मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले पोस्ट साझा करने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर है। ऐसे असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने लोगों से अपील की कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन या पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिल-जुलकर प्रेम, शांति और भाईचारे के साथ पर्व मनाएं तथा जिले की गंगा-जमुनी तहजीब और सामाजिक एकता को मजबूत करें।

### सिमरिया बकरीद को लेकर सिमरिया में पुलिस का फ्लैग मार्च, प्रशासन अलर्ट



**सिमरिया**।अनुमंडल मे (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर सिमरिया पुलिस प्रशासन ने प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न चौक-चौराहों पर फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाऊसाहब ने कहा कि किसी भी गलत अफवाह पर ध्यान न दें, पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। वहीं सीओ गौरव कुमार राय ने कहा कि पूर्व की भांति इस बार भी बकरीद शांतिपूर्ण माहौल में मनाई जाएगी। थाना प्रभारी सूर्यप्रताप सिंह ने सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अफवाह फैलाकर माहौल बिगाड़ने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### इटखोरी के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आँख मिचौनी से आमजनता त्रस्त



**इटखोरी (चतरा)**।प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आँख मिचौनी से आमजनता त्रस्त है। चौबीस घंटे में महज कुछ घंटे ही बिजली मिल पाती है। भीषण गर्मी और उमस के बीच बार बार बिजली की कटौती ने लोगों की नींद उड़ा रखी है। सिंचाई और पेयजल का संकट भी बढ़ गया है। यहां तक कि ग्रामीणों को मोबाइल रिचार्ज करवाने के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से अतिशीघ्र बिजली आपूर्ति बेहतर बनाने की गुहार लगाई है।

### एमजी मैजिस्टर ऑटोमैटिक टॉप ट्रिम लॉन्च



**पटना**।जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एमजी मैजिस्टर लॉन्च की जो भारत की पहली डी प्लस एसयूवी है। भारत की पहली डी प्लस एसयूवी के रूप में पेश की गई मजेस्टर उन ग्राहकों के लिए तैयार की गई है, जो अपनी अगली एसयूवी में दमदार रोड प्रेजेंस, एडवांस्ड इंजीनियरिंग और बेहतरीन ऑल-टेरेन क्षमता चाहते हैं। एमजी मैजिस्टर 4वाई2 ऑटोमैटिक टॉप ट्रिम की एक्स-शोरूम कीमत 40.99 लाख रखी गई है। एमजी मैजिस्टर 4वाई4 ऑटोमैटिक टॉप ट्रिम की एक्स-शोरूम कीमत 44.99 लाख रखी गई है। अनुराग मेहरोत्रा, एमडी, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कहा कि एमजी मेजस्टर हमारे पोर्टफोलियो में एक दमदार एसयूवी है। यह भारत की पहली डी प्लस एसयूवी है जो ताकत, आराम, आधुनिक तकनीक और भरोसेमंदी का बेहतरीन मिश्रण देती है। अपने सबसे बड़े आकार, ऑफ-रोड दमखम और कई सेगमेंट-पहली सुविधाओं के साथ मैजिस्टर नए मानदंड स्थापित करती है। मैजिस्टर अपने ऑफ-रोड प्रदर्शन को और मजबूत बनाते हुए अपने सेगमेंट में पहली एसयूवी है, जिसमें फ्रंट, रियर और सेंटर डिफरेंशियल लॉक दिए गए हैं, जो पहियों की पकड़ खत्म होने की स्थिति में भी वाहन को दोबारा चलने में सक्षम बनाते हैं।

## उपायुक्त नगर निगम क्षेत्र में दौरा, व्यवस्थाओं को सुधारने के दिए निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग**।उपायुक्त हेमन्त सती ने बुधवार को नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों और भवनों का व्यापक निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह भी उपस्थित रहीं। उपायुक्त ने नगर भवन, बस स्टैंड, मटवारी स्थित बालिका विद्यालय और गांधी मैदान का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर भवन का कायाकल्पः उपायुक्त ने भवन के सौंदर्यीकरण, सोलर सिस्टम, फायर सेफ्टी और साउंड सिस्टम को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। छत पर पानी रिसाव की समस्या का जल्द स्थायी समाधान करने को कहा। कम्युनिटी हॉल से हटेगा कब्जाः खीरगांव स्थित कम्युनिटी हॉल के अनुपयोगी और अनधिकृत कब्जे में होने पर उपायुक्त ने जांच के आदेश दिए। उन्होंने इसका उपयोग रैन बसेरा या शेल्टर होम के रूप में करने की संभावना पर काम करने को कहा। बस स्टैंड पर यात्री सुविधाएंः नए और पुराने बस स्टैंड पर साफ-सफाई, व्यवस्थित पार्किंग, हर दुकान के आगे डस्टबिन और गर्मी को देखते हुए पेयजल (प्याऊ) व शेड निर्माण पर विशेष जोर दिया। बालिका आवासीय विद्यालयः मटवारी स्थित पिछड़ी जाति बालिका आवासीय उच्च विद्यालय का निरीक्षण कर उन्होंने छात्रावास, रसोई और बास्केटबॉल कोर्ट की व्यवस्थाएं देखीं तथा यहाँ 4 अतिरिक्त क्लास रूम बनाने पर चर्चा की। मटवारी गांधी मैदान पहुंचकर उपायुक्त ने स्थानीय लोगों से संवाद किया और मैदान में लाइटिंग, डस्टबिन व बैठने की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि नगर क्षेत्र की सभी सार्वजनिक संपत्तियों का बेहतर रखरखाव और जनहित में उनका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा सभी निर्देशों पर अविलंब कार्रवाई हो।

## पाकुड़ः पूर्व मंत्री आलमगीर आलम का पैतृक आवास पर भव्य स्वागत, महिलाओं ने किया सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़**।दो वर्षों के लंबे इंतजार के बाद जमानत पर छूटे पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के अपने पैतृक आवास इस्लामपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। इस मौके पर पाकुड़ जिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव मोनिता कुमारी की अगुवाई में सैकड़ों महिलाओं ने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम एवं तनवीर आलम का शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया और उनका आशीर्वाद लिया। **'विकास पुरुष' के समर्थन में उमड़ी महिलाओं की भीड़ः** युवा नेत्री मोनिता कुमारी अपने समर्थकों और भारी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मंत्री के आवास पर पहुंचीं। उन्होंने आलमगीर आलम का कुशलक्षेम जाना और उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने आलमगीर आलम को झारखंड का 'विकास पुरुष' बताते हुए कहा कि उन्हें एक सोची-समझी साजिश के तहत मुकदमे में फंसाया गया था, लेकिन न्याय की जीत हुई है। "आलमगीर आलम जी ने क्षेत्र के विकास के लिए जो काम किए हैं, उन्हें भुलाया नहीं जा सकता। कार्यकर्ताओं का उनके प्रति विश्वास आज भी उतना ही मजबूत है।" -मोनिता कुमारी, महासचिव (जिला कांग्रेस कमेटी) **सशक्तिकरण परिषद की भी रही गरिमामयी उपस्थितिः** इस विशेष स्वागत समारोह में अखिल भारतीय वीरांगना सशक्तिकरण परिषद की कई महिला सदस्य भी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महिलाओं की इस भारी और सक्रिय भागीदारी ने क्षेत्र के राजनीतिक माहौल को पूरी तरह से गरमा दिया है और कार्यकर्ताओं में एक नया जोश भर दिया है।

### उपायुक्त के निर्देश पर डीएमएफटी मद से 22 दिव्यांग लाभुकों के बीच बैटरी चालित ट्राईसाइकिल का वितरण



नई सोच एक्सप्रेस

**हजारीबाग**।उपायुक्त हेमन्त सती के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डीएमएफटी मद से 22 दिव्यांग लाभुकों के बीच बैटरी चालित ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। इस पहल के तहत पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों एवं रोजगार से जुड़े दिव्यांगजनों को प्राथमिकता देते हुए लाभ प्रदान किया गया, ताकि उनके दैनिक आवागमन को सुगम बनाया जा सके। इस अवसर पर उपायुक्त हेमन्त सती ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि कई दिव्यांग विद्यार्थी एवं नौकरी पेशा से जुड़े दिव्यांग लोग आवागमन की समस्या के कारण कठिनाइयों का सामना करते हैं। बैटरी चालित ट्राईसाइकिल मिलने से अब उन्हें स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, कार्यालय एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आने-जाने में काफी सहूलियत होगी।जिला उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन की कोशिश है कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे और कोई भी व्यक्ति संसाधनों के अभाव में पीछे न रह जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े एवं अन्य दिव्यांगजनों को सहयोग देना समाज को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग लाभुकों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सुविधा से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा तथा वे अपने कार्यों को अधिक आत्मविश्वास एवं स्वतंत्रता के साथ कर सकेंगे।इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती शिप्रा सिंहा सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### गंगा दशहरा पर भक्ति में डूबा साहिबगंज, मां गंगा का दुग्धाभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना



नई सोच एक्सप्रेस

**साहिबगंज**।गंगा दशहरा के पावन अवसर पर साहिबगंज में श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव की ओर से मां गंगा की विशेष पूजा-अर्चना एवं दुग्धाभिषेक का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चारण और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच पुरोहितों ने मां गंगा की विधिवत पूजा की। इस दौरान गर्म गंगा घाट से दुग्धाभिषेक यात्रा की शुरुआत हुई, जो मनिहारी गंगा घाट होते हुए साहिबगंज के मुक्तेश्वरधाम बिजली सीढ़ी गंगा घाट तक पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु जहाज, पाल नौका और अन्य माध्यमों से दूध लेकर पहुंचे तथा मां गंगा को दूध अर्पित कर आस्था प्रकट की।पूरे घाट क्षेत्र में भक्ति गीत, शंखध्वनि और मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्तिमय बना रहा।श्रद्धालुओं ने मां गंगा से सुख, समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।कार्यक्रम के अंत में मुक्तेश्वरधाम स्थित महादेव मंदिर में भी विशेष पूजा कर शिवलिंग पर दुग्धाभिषेक किया गया। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया और गंगा तट देर तक श्रद्धा के रंग में रंगा रहा।

### वृंदावन में स्वास्थ्य क्लस्टर बैठक आयोजित, कालाजार व मलेरिया रोकथाम पर दिया गया विशेष प्रशिक्षण




नई सोच एक्सप्रेस

**बरहरवा**।आयुष्मान आरोग्य मंदिर वृंदावन में सकडभंगा एवं वृंदावन क्लस्टर की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीएचओ एस्टर हेंब्रम ने की। इस दौरान दोनों क्लस्टर की सभी सहिया दीदी एवं सहिया साथी उपस्थित रहीं।बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। खास तौर पर आधार कार्ड से संबंधित कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।वही केटीएस अभिषेक कुमार एवं एमपीडब्ल्यू वीरेंद्र कुमार ने सहिया दीदियों को कालाजार एवं मलेरिया की पहचान और स्लाइड संग्रहण की प्रक्रिया को लेकर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान रोगों की रोकथाम, समय पर जांच एवं जागरूकता बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया। मौके पर एएनएम संगीता कुमारी, सहिया साथी मेरी कर्मकार एवं सजोनी मुर्मू, पिरामल संस्था के दीपक कुमार तथा सहिया पर्यवेक्षक अवधेश कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। सभी ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## हंटरगंज में झामुमो कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न,संगठन विस्तार व एसआईआर अभियान पर चर्चा

नई सोच एक्सप्रेस






**हंटरगंज(चतरा)**।हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के परियोजना बालिका विद्यालय के समीप मनोज सिंह के आवास में मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रंजीत प्रजापति ने किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा झामुमो जिलाध्यक्ष निलेश गयासेन और जिला उपाध्यक्ष अमरदीप साहू शामिल हुए। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने प्रखंड के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया।उन्होंने जोर देकर कहा कि संगठन की मजबूती और जमीनी स्तर पर सक्रियता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है।गयासेन ने सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने, आम जनता की समस्याओं को सुनने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने एसआईआर एवं जनगणना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यकर्ताओं को सजग और सक्रिय रहने का आह्वान किया। गयासेन ने कहा कि कार्यकर्ता घर -घर जलकर लोगों की मैपिंग करें तथा एसआईआर में छुटे लोगों का नाम जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएं। मौके पर झामुमो प्रखंड सचिव महेंद्र यादव, प्रखंड कोषाध्यक्ष राजेश यादव, अनुसूचित जाति के प्रखंड अध्यक्ष गौतम दास, गेरुआ पंचायत अध्यक्ष सुधीर कुमार, लेंजवा पंचायत अध्यक्ष संजय रजक, इरफान अंसारी,जबडा पंचायत अध्यक्ष प्रमोद दास, कटैया पंचायत अध्यक्ष चंद्रदीप दास सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

» बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर दिया जोर

## उपायुक्त ने किया सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण, समय पर काम पूरा करने के निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़**।जिले की प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करने और आम जनता के कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बुधवार को कई सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अनुमंडल कार्यालय, भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय और जिला अभिलेखागार पहुंचकर कामकाज की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। **आम जनता के मामलों का समय पर हो निष्पादनः** उपायुक्त निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अनुमंडल और एलआरडीसी कार्यालय में चल रहे प्रशासनिक व राजस्व संबंधी कार्यों की प्रगति जानी। उन्होंने लंबित मामलों पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त लहजे में कहा कि आम जनता से जुड़े हर मामले का निपटारा पूरी संवेदनशीलता और तय समय सीमा के भीतर होना चाहिए ताकि लोगों को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। "कार्यालयों में बेहतर कार्य संस्कृति और पारदर्शी व्यवस्था से ही आम जनता का प्रशासन पर भरोसा मजबूत होता है। लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।"— मेघा भारद्वाज, उपायुक्त **जिला अभिलेखागार में रैक मैनेजमेंट दुरुस्त करने का निर्देशः** उपायुक्त ने जिला अभिलेखागार का गहन निरीक्षण करते हुए वहां रखे रिकॉर्ड और फाइलों के रख-रखाव को देखा। उन्होंने आवेदन प्राप्ति पंजी, उपस्थिति पंजी और सीसीटीवी व्यवस्था की जांच की। रिकॉर्ड रूम को और अधिक सुगम बनाने के लिए उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक रैक पर स्पष्ट रूप से जानकारी लिखी जाए ताकि पुरानी फाइलों को खोजने में समय बर्बाद न हो।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 दुनिया के लिए खुशखबरीःफिर खुलेगा होर्मुज स्ट्रेट,ईरान नहीं वसूलेगा जहाजों से टोल

2 कनाडा में अपने ही लूट रहे भारतीय कारोबारियों को,हिंसक अपराधों वाले गैंग के 17 पंजाबी युवक गिरफ्तार,डिपोर्टेशन की लटकी तलवार

3 75 साल की दोस्ती पर चीन-पाकिस्तान का खुला ऐलान,हर मुश्किल में एक-दूसरे के साथ

4 चीन-पाक की जुगलबंदी पर भारत की खरी-खरी,जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमारा अभिन्न हिस्सा किसी तीसरे देश को बोलने का हक नही

5 दावाःकर्नाटक CM सिद्धारमैया आज इस्तीफा दे सकते हैं,मंत्रियों को ब्रेकफास्ट पर बुलाया;कांग्रेस की डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने की तैयारी

6 यूपी में आंधी-तूफान से 6 की मौत,बांदा का पारा लगातार 8वें दिन 47°C पार,मानसून केरलम से 35km दूर अटका

7 जनसंख्या में जहां अचानक बदलाव आया,वहां की जांच होगी,केंद्र सरकार ने कमेटी बनाई;गृह मंत्री शाह बोलेःघुसपैठ देश के लिए बड़ी चुनौती

8 महिलाओं को मिलेंगे 3 हजार और 5 में मछली-चावल, स्कूल-मंदिरों के पास शराबबंदी,बंगाल सरकार का एलान

9 दो-तीन साल पहले बांग्लादेश से आए थे,सीमा पर अवैध प्रवासियों का कबूलनामा,बंगाल में घुसपैठियों पर कार्रवाई

10 युद्धविराम के बीच अमेरिका का ईरान पर हमला,बंदर अब्बास में एयरस्ट्राइक से पश्चिम एशिया में बढ़ा तनाव

11 शुरू हो गया महायुद्ध 2.0 ! ईरान ने दिया अमेरिकी हमले का जवाब,मार गिराया MQ-9

12 मोजतबा ने इजराइल को बताया कैंसर,जवाब मिला-आपके अब्बू ने भी यही कहा था

13 सुप्रीम कोर्ट में आज आएगा SIR की वैधता पर फैसला

14 भारतीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स आतंकियों के रडार पर,ISI समर्थित गैंगस्टर ने दी रॉकेट लॉन्चर से उड़ाने की धमकी

15 ममता बनर्जी की TMC में बहुत बड़ी टूट के आसार,भाजपा में जा सकते हैं 18 सांसद

16 इंडिगो फ्लाइट में टेकऑफ से पहले मचा हड़कंप,विमान के अंदर धुआं दिखते ही यात्रियों को निकाला गया बाहर

17 IPL 2026: पांचवीं बार आईपीएल के फाइनल में पहुंची RCB,क्वालिफायर-1 में गुजरात को दी मात

18 विराट कोहली ने रचा इतिहास,लगातार चार IPL सीजन में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने

19 सिर्फ बॉर्डर नहीं, 50 किमी तक हर हलचल पर नजर रखें,अमित शाह ने दिया बीएसएफ जवानों को संदेश

20 भारत-पाक सीमा पर तैनात बीएसएफ जवानों के बीच पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह ने रेगिस्तान की कठिन परिस्थितियों में जवानों के साहस और बलिदान की तारीफ की। उन्होंने सांचू पोस्ट पर हाईटेक सर्विलांस सिस्टम और ड्रोन तकनीक का भी जायजा लिया।

21 जनसंख्या में जहां अचानक बदलाव आया,वहां की जांच होगी,केंद्र सरकार ने कमेटी बनाई;गृह मंत्री शाह बोलेःघुसपैठ देश के लिए बड़ी चुनौती

22 भारत ने जम्मू-कश्मीर पर चीन-पाकिस्तान का बयान खारिज किया, कहाःदूसरे देश को टिप्पणी का हक नहीं; चीन ने इतिहास से जुड़ा विवाद बताया था

23 चुनाव आयोग के पास SIR कराने का अधिकार या नहीं? कांग्रेस-RJD,TMC की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट आज सुनाएगा फैसला

24 घुसपैठियों के खिलाफ बंगाल में कड़ा ऑपरेशन,CM शुभेंदु की चेतावनी के बाद भारत से भाग रहे सैंकड़ों बांग्लादेशी

25 ममता बनर्जी की पार्टी में हलचल? भाजपा की बैठकों में TMC नेता,CM शुभेंदु अधिकारी से मिले करीबी

26 अहमदाबाद प्लेन क्रैश जिस हॉस्टल पर हुआ था,वह फिर बनेगा,सुपर स्पेशियलिटी हॉस्टल पर 105 करोड़ खर्च होंगे,236 डॉक्टर रहेंगे

27 अब राजनीति में उतरेगी कॉकरोच जनता पार्टी'? चुनाव आयोग में दाखिल हुई बड़ी अर्जी

28 भरोसे के लायक नहीं अमेरिका,हमलों पर भड़का ईरान; इंटरनेट बहाली के बीच फिर बढ़ा तनाव

29 देश में महंगाई का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है और अब इसका असर सीधे आम आदमी की रसोई पर दिखाई देने लगा है। आने वाले दिनों में चना और अरहर दाल के दाम और बढ़ सकते हैं। वहीं डीजल-पेट्रोल की महंगाई और माल ढुलाई खर्च बढ़ने से खाने-पीने की चीजों से लेकर रोजमर्रा के सामान तक महंगे होने की आशंका है। अल-नीनो के कारण कमजोर मानसून की चिंता ने भी बाजार का तनाव बढ़ा दिया है

30 प्री-मानसून बारिश 29 मई से 5 जून तक संभव,90% भारत कवर होगी,केरल में नमी कमजोर इसलिए अटका मानसून;UP का बांदा 47.4°C

31 बेंगलुरु लगातार दूसरे IPL के फाइनल में,क्वालिफायर-1 में गुजरात को 92 रन से हराया,पाटीदार के नाबाद 93 रन,डफी को 3 विकेट

32 सूर्यवंशी के पास गेल का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका,IPL एलिमिनेटर में आज राजस्थान Vs हैदराबाद;क्लासन टॉप स्कोरर बन सकते हैं

33 ट्विशा केसःमध्य प्रदेश HC ने गिरिबाला सिंह की जमानत रद्द करने की याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रखा

34 दिल्ली में पीएम मोदी से मिले सीएम विजय,12 साल बाद हुई मुलाकात

35 ट्रेड डील के लिए अमेरिकी टीम 1 से 4 जून तक भारत का दौरा करेगी

36 गिरिबाला की बेल रद्द हो,CBI ने हाईकोर्ट में मांगी ट्विशा की सास की कस्टडी

37 गौतमबुद्ध नगर में धारा 163 लागू,28 से 30 मई तक रहेगी लागू

38 रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की हाईलेवल मीटिंग शुरू,मिडिल ईस्ट संकट पर होगी चर्चा

39 असम में समान नागरिक संहिता विधेयक पास, उत्तराखंड-गुजरात के बाद ऐसा करने वाला तीसरा राज्य

40 केरलःED की छापेमारी से गुस्साए पूर्व सीएम विजयन के समर्थक,अधिकारियों की गाड़ियों में तोड़फोड़

# मोइनुल हक स्टेडियम के पुनर्विकास एवं परिसर खाली कराने की प्रक्रिया तेज, खेल सचिव ने की समीक्षा बैठक

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**खेल विभाग के सचिव श्री विनोद सिंह गुंजियाल की अध्यक्षता में तथा जिला पदाधिकारी, पटना श्री त्यागराजन एवं नगर पुलिस अधीक्षक (सेंट्रल) सुश्री दीक्षा की उपस्थिति में आज विकास भवन, पटना में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार क्रिकेट संघ (BCA), पटना मेट्रो परियोजना तथा भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) केंद्र, पटना के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य विषय मोइनुल हक स्टेडियम से संबंधित विभिन्न लंबित एवं आवश्यक विषयों की समीक्षा करना था। बैठक में बिहार क्रिकेट संघ द्वारा मोइनुल हक स्टेडियम से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। बिहार क्रिकेट संघ ने स्टेडियम के विकास एवं निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए लगभग तीन वर्ष की समय-सीमा निर्धारित किए जाने की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, खेल सचिव श्री विनोद सिंह गुंजियाल ने बिहार क्रिकेट संघ को भविष्य में बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी को ध्यान में रखते हुए अग्रिम रूप से भीड़ प्रबंधन की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्टेडियम की पूर्ण क्षमता लगभग 40,000 दर्शकों की होगी, इसलिए सभी व्यवस्थाओं की योजना उसी अनुरूप बनाई जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मोइनुल हक स्टेडियम राज्य की सबसे महत्वपूर्ण खेल अवसंरचना परियोजनाओं में से एक है तथा इसके संचालन एवं आयोजन प्रबंधन के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक होगा। स्टेडियम परिसर में वर्तमान में संचालित भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) केंद्र को अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने पर भी चर्चा हुई। इस संबंध में बिहार सरकार एवं SAI के बीच एक नया समझौता ज्ञापन (MoU) किए जाने पर सहमति बनी। SAI केंद्र से जुड़े 42 खिलाड़ियों/विद्यार्थियों को पटना में ही अन्य उपयुक्त खेल सुविधाओं में स्थानांतरित किया जाएगा, ताकि उनके प्रशिक्षण एवं खेल गतिविधियों पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। बैठक में परिसर को खाली कराने से संबंधित विभिन्न विषयों की भी समीक्षा की गई। पटना मेट्रो परियोजना के अधिकारियों ने जानकारी दी कि उनके उपकरणों को स्टेडियम परिसर से हटाने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है तथा संबंधित क्षेत्र बिहार क्रिकेट संघ को उपलब्ध करा दिया गया है। मोइनुल हक स्टेडियम परिसर में संचालित थाना को भी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा हुई। इस संबंध में जिला पदाधिकारी, पटना श्री त्यागराजन ने जानकारी दी कि थाना के स्थायी स्थानांतरण को स्वीकृति एवं प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। साथ ही, परिसर खाली कराने की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के लिए अस्थायी व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि थाना को अंतरिम रूप से स्थानांतरित किया जा सके और बिहार क्रिकेट संघ स्टेडियम परिसर में विध्वंस कार्य एवं आगे की विकास प्रक्रिया प्रारंभ कर सके। खेल सचिव ने खेल विभाग के अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल को स्थल का दौरा करने का निर्देश भी दिया, ताकि परिसर खाली कराने की प्रक्रिया की प्राथमिकता के आधार पर निगरानी सुनिश्चित की जा सके तथा सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर समयबद्ध कार्रवाई की जा सके। बैठक में सभी संबंधित पक्षों ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए मोइनुल हक स्टेडियम के विकास एवं खेल अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह भी स्पष्ट किया गया कि राज्य सरकार इस परियोजना को बिहार की प्रमुख खेल अवसंरचना पहलों में से एक के रूप में आगे बढ़ा रही है, जिससे भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### अस्थमा के लिए डॉक्टरो की सलाह :जल्दी नियंत्रण जरूरी, सिर्फ रिलीवर इनहेलर पर निर्भर न रहे

» केवल लक्षण नहीं, जड़ से सूजन (इन्फ्लेमेशन)का इलाज करना बेहतर अस्थमा नियंत्रण के लिए है बेहद जरूरी

**पटना।**भारत में अस्थमा के इलाज में अब भी बड़ी संख्या में मरीज केवल लक्षणों से राहत पाने पर निर्भर हैं, जिसके कारण बीमारी पर सही नियंत्रण नहीं हो पाता और स्थिति और बिगड़ सकती है। डॉक्टरों का कहना है कि अस्थमा के बेहतर प्रबंधन के लिए शुरुआती नियंत्रण और दीर्घकालिक इलाज पर ध्यान देना बेहद जरूरी है, ताकि मरीजों के जीवन की गुणवत्ता बेहतर हो सके। अस्थमा को अक्सर एक ऐसी बीमारी माना जाता है जिसमें खांसी या सांस फूलने जैसे लक्षण आने पर रिलीवर इनहेलर का उपयोग किया जाता है, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार यह एक क्रॉनिक बीमारी है, जो एयरवे (वायुमार्ग) में सूजन (इन्फ्लेमेशन)के कारण होती है। "अगर अस्थमा को शुरुआती चरण में नियंत्रित नहीं किया गया, तो वायुमार्ग में लगातार सूजन बनी रह सकती है, भले ही लक्षण कभी-कभी ही दिखाई दें। इससे बार-बार अटैक, गंभीर स्थिति और अस्पताल में भर्ती होने का खतरा बढ़ जाता है। वायुमार्ग में संरचनात्मक बदलाव आ सकते हैं, जिससे फेफड़ों की क्षमता भी कम हो सकती है और बीमारी को संभालना और मुश्किल हो सकता है," डॉ. सुधीर कुमार,कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजिस्ट, रामकृष्ण चेस्ट हॉस्पिटल, पटना ने कहा | "रिलीवर इनहेलर अस्थाई राहत प्रदान करते हैं, लेकिन सूजन का इलाज नहीं करते। यदि किसी मरीज को बार-बार रिलीवर इनहेलर की जरूरत पड़ रही है, तो यह संकेत है कि अस्थमा सही तरीके से नियंत्रित नहीं है। ऐसे में लंबे समय तक कंट्रोलर इनहेलर का सही उपयोग, नियमित जांच और डॉक्टर की सलाह का पालन जरूरी है," डॉ. दीपेंद्र कुमार राय, हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट ऑफ पल्मोनरी मेडिसिन, एम्स, पटना ने कहा । इस सूजन के इलाज के लिए इनहेल्ड कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स (आईसीएस) को मुख्य उपचार माना जाता है। कंट्रोलर इनहेलर, यानी एंटी-इंफ्लेमेटरी इनहेलर, नियमित रूप से लेने से वायुमार्ग की अंदरूनी सूजन का इलाज किया जा सकता है और बीमारी पर लंबे समय तक बेहतर नियंत्रण पाया जा सकता है. जबकि रिलीवर इनहेलर, जैसे कि शॉर्ट-एक्टिंग बीटा-एगोनिस्ट (एसएबीए), अस्थमा के दौरे के समय वायुमार्ग की मांसपेशियों को रिलैक्स कर केवल अस्थायी राहत देते हैं। भारत में लगभग 3.5 करोड़ लोग अस्थमा से पीड़ित हैं। लंग इंडिया जर्नल में प्रकाशित एक रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, जिन मरीजों को आईसीएस उपचार की आवश्यकता है, उनमें से लगभग 90% मरीज इसका उपयोग नहीं कर रहे हैं। यह अस्थमा के इलाज में मौजूद खामियों को दिखाता है और कंट्रोलर इनहेलर आधारित उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत पर जोर देता है। ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर अस्थमा (जीआईएनए) की 2026 की नई गाइडलाइंस भी यही सुझाव देती हैं कि केवल रिलीवर इनहेलर (एसएबीए) पर निर्भर रहने के बजाय आईसीएस-आधारित उपचार को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि अस्थमा को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सके।

### दानापुर मंडल के स्टेशनों पर ''एक पेड़ माँ के नाम'' कार्यक्रम के अंतर्गत सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया गया

» जलवायु परिवर्तन विषय पर रेलवे स्कूल, खगौल में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया



**पटना।**दानापुर मंडल में 15 मई से शुरू होकर 05 जून 2026 तक चलने वाले विश्व पर्यावरण दिवस-2026 अभियान के अंतर्गत दानापुर मंडल द्वारा मंडल के विभिन्न महत्त्वपूर्ण स्टेशनों जैसे पटना जंक्शन, दानापुर, पाटलिपुत्र जंक्शन, मोकामा एवं राजेंद्रनगर टर्मिनल आदि पर "एक पेड़ माँ के नाम" कार्यक्रम के अंतर्गत सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, हरित आवरण में वृद्धि करना तथा आमजन एवं रेल यात्रियों के बीच प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा स्टेशन परिसरों, कॉलोनियों एवं आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जल संरक्षण, प्लास्टिक उपयोग में कमी लाने एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण हेतु सामूहिक सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। सभी उपस्थित कर्मियों द्वारा पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया गया। इसके अतिरिक्त विश्व पर्यावरण दिवस-2026 के अवसर पर ही खगौल स्थित दानापुर मंडल के पूर्व मध्य रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल खगौल में छात्र-छात्राओं के बीच "जलवायु परिवर्तन" विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपने विचारों एवं कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित जीवनशैली के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर दानापुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में एडीआरएम(इंफ्रा), राजीव कुमार, एडीआरएम(ओपी) वीरेंद्र कुमार, सीनियर डीएमई (कोऑर्डिनेशन), पुष्कर कुमार, डीईएनएचएम विनय कुमार एवं अन्य द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक, दानापुर द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

### हिमालया बेबीकेयर ने लॉन्च किया गोल्डन बेबी गिफ्ट पैक



**पटना।**भारत के सबसे भरोसेमंद बेबी केयर ब्रांड्स में से एक हिमालया बेबीकेयर ने हिमालया बेबी गोल्डन बेबी गिफ्ट पैक लॉन्च करने की घोषणा की। भारत में नवजात शिशुओं को उपहार देना भावनाओं और परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है, जिसमें सोना पवित्रता, आशीर्वाद और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इसी सांस्कृतिक भावना को ध्यान में रखते हुए हिमालया बेबीकेयर ने गोल्डन बेबी गिफ्ट पैक को इस परंपरा की आधुनिक व्याख्या के रूप में प्रस्तुत किया है, जिसमें भरोसेमंद बेबी केयर के लिए जरुरी वस्तुओं को एक आकर्षक गोल्ड थीम पैक में एक साथ लाया गया है जो देखभाल और अपनापन दोनों को दर्शाता है। चक्रवर्ती एन वी, निदेशक, बेबीकेयर, हिमालया वेलनेस कंपनी ने कहा कि हम समझते हैं कि शुरुआती माता-पिता बनने का सफर कई ऐसे पलों से भरा होता है जो बेहद व्यक्तिगत होते हैं और जश्न मनाने योग्य होते हैं। इस चरण में उपहार देना केवल उत्पादों के बारे में नहीं है, बल्कि देखभाल, आशीर्वाद, शुभकामनाओं और विश्वास व्यक्त करने के बारे में भी है। 501 रूपये की कीमत वाला गोल्डन बेबी गिफ्ट पैक नवजात शिशु के आगमन का जश्न मनाने वाले दोस्तों और परिवार के लिए एक प्रीमियम लेकिन सुलभ गिफ्टिंग विकल्प के रूप में सोच-समझ कर तैयार किया गया है।

# सैमसंग ने भारत में पेश की 2026 विज़न एआई टीवी सीरीज़, 72 मॉडल लॉन्च

नई सोच एक्सप्रेस




» माइक्रो आरजीबी, ओएलईडी, नियो क्यूएलईडी, द फ्रेम, मिनी एलईडी और यूएचडी रेंज शामिल

**पटना।** सैमसंग इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी नई 2026 विज़न एआई टीवी लाइनअप लॉन्च कर दी है। कंपनी ने माइक्रो आरजीबी, ओएलईडी, नियो क्यूएलईडी, द फ्रेम, मिनी एलईडी और यूएचडी श्रेणी में कुल 72 नए मॉडल पेश किए हैं। सैमसंग का कहना है कि इस नई श्रृंखला के जरिए कंपनी ज्यादा उपभोक्ताओं तक एआई आधारित बेहतर पिक्चर, साउंड और पर्सनलाइज्ड टीवी अनुभव पहुंचाने पर जोर दे रही है। कंपनी लगातार 20 वर्षों से वैश्विक स्तर पर नंबर-1 टीवी ब्रांड बनी हुई है। सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट विप्लेश डांग ने कहा कि नई विज़न एआई टीवी श्रृंखला भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इसमें स्थानीय कंटेंट प्लेटफॉर्म्स के साथ बेहतर इंटीग्रेशन, मल्टीलिंगुअल सपोर्ट और ऊर्जा-कुशल तकनीक दी गई है। **एआई फीचर्स से मिलेगा बेहतर अनुभवः** नई टीवी श्रृंखला में कई उन्नत एआई फीचर्स शामिल किए गए हैं। एआई अपस्केलिंग प्रो लो-रिजॉल्यूशन कंटेंट को बेहतर गुणवत्ता में बदलता है। कलर बूस्टर प्रो रंगों को अधिक जीवंत और प्राकृतिक बनाता है। वहीं एआई सॉकर मोड मैच के दौरान तस्वीर और आवाज को रियल टाइम में बेहतर करता है, जबकि एआई साउंड कंट्रोलर प्रो दर्शकों को डायलॉग, बैकग्राउंड म्यूजिक और अन्य ऑडियो एलिमेंट्स को अपनी पसंद के अनुसार एडजस्ट करने की सुविधा देता है। **माइक्रो आरजीबी से प्रीमियम तकनीक का विस्तारः** कंपनी ने पहली बार भारत में माइक्रो आरजीबी तकनीक पेश की है। यह R95H और R85H सीरीज में 55 इंच से 115 इंच तक उपलब्ध होगी। कंपनी के अनुसार यह तकनीक ज्यादा सटीक रंग, बेहतर ब्राइटनेस और अधिक स्पष्ट डिटेल देती है। **ओएलईडी और द फ्रेम में भी नए विकल्पः** सैमसंग की ओएलईडी रेंज में S95H, S90H और S85H मॉडल शामिल हैं। इनमें गहरे ब्लैक और शानदार रंगों के साथ ग्लेयर-फ्री तकनीक दी गई है। वहीं द फ्रेम टीवी आर्ट पसंद करने वाले उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो घर को गैलरी जैसा लुक देता है और बेहतर क्यूएलईडी पिक्चर क्वालिटी उपलब्ध कराता है। **कीमत और ऑफरः** सैमसंग ने लॉन्च के साथ आकर्षक ऑफर्स भी पेश किए हैं। चुनिंदा मॉडल्स पर ग्राहकों को 1,02,990 रुपये तक का कॉम्प्लिमेंट्री साउंडबार और 23,990 रुपये का फ्री म्यूजिक स्टूडियो मिलेगा। इसके अलावा 20 प्रतिशत तक कैशबैक और आसान ईएमआई विकल्प भी उपलब्ध हैं। **शुरुआती कीमतें इस प्रकार हैं : माइक्रो आरजीबी :** 1,24,990 रुपये,**ओएलईडी :** 1,14,990 रुपये,**द फ्रेम :** 56,990 रुपये,**नियो क्यूएलईडी :** 52,990 रुपये,**मिनी एलईडी :** 42,990 रुपये,**यूएचडी टीवी :** 36,990 रुपये नई टीवी श्रृंखला आज से सैमसंग के रिटेल स्टोर्स, आधिकारिक वेबसाइट और प्रमुख ऑनलाइन-ऑफलाइन चैनलों पर उपलब्ध होगी।

# दानापुर में बदमाशों ने दो महिला के गले से सोने का चेन झपट कर हुआ फरार



नई सोच एक्सप्रेस

**दानापुर।**नगर के सगुना मोड़ के करीब बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने का चेन झपट कर फरार हो गए। इस संबंध में पीड़ित महिला सब्जपुरा मोड़, फुलवारी शरीफ की रहने वाली प्रियंका किरण ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ दानापुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि ऑटो से अपने घर जा रही थी तभी सगुना मोड़ पहुंचने पर पीछे से बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके गले से सोने के चेन झपट लिया। वह अपने आप को संभल पाती तब तक बदमाश बाइक तेज रफ्तार से चलाते हुए फरार हो गया। हालांकि झपटमारी की घटना में शामिल बदमाशों की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई है। वहीं दूसरी तरफ खगौल रोड में अपने बेटे को कोचिंग से लेकर लौट रही ममता सिंह को भी बाइक सवार बदमाशों ने निशाना बनाते हुए झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन छीन ली, जिससे उनके गले में जख्म हो गया। इस संबंध में अपर थाना अध्यक्ष सिंटू झा ने बताया कि उक्त आवेदक के आधार पर घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी एवं आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए आगे की करवाई की जा रही है।

# एईएस/चमकी बुखार की रोकथाम एवं उपचार को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट

नई सोच एक्सप्रेस

» प्रभावित जिलों में विशेष निगरानी, अस्पतालों में बेड, दवा एवं एम्बुलेंस की समुचित व्यवस्था : स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत

**पटना।**बिहार सरकार के माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि राज्य सरकार बिहार में मौसमी एवं संक्रामक बीमारियों, विशेषकर एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (AES/चमकी बुखार) की रोकथाम एवं उपचार को लेकर पूरी गंभीरता एवं सतर्कता के साथ कार्य कर रही है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं तथा मरीजों को त्वरित एवं बेहतर उपचार उपलब्ध कराने हेतु व्यापक एवं विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि एईएस से अत्यधिक प्रभावित 15 जिलों में 10 बेड वाले पीआईसीयू (PICU) वार्ड स्थापित किए गए हैं। वहीं, मुजफ्फरपुर स्थित एसकेएमसीएच में 100 बेड वाले अत्याधुनिक पीआईसीयू वार्ड की व्यवस्था की गई है, ताकि गंभीर मरीजों को त्वरित एवं बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सके। इसके अतिरिक्त अत्यधिक प्रभावित 15 जिलों को छोड़कर अन्य जिलों के सभी जिला अस्पतालों में 5 तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (PHC) में 2 डेडिकेटेड बेड आरक्षित रखे गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि गर्मी एवं उमस के मौसम को देखते हुए पूरे राज्य, विशेषकर पटना, वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, सारण, सिवान, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, सीतामढ़ी एवं शिवहर जिलों में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में कार्य कर रहा है। एईएस/चमकी बुखार की रोकथाम, समय पर पहचान एवं त्वरित उपचार के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) लागू की गई है। मुजफ्फरपुर सहित प्रभावित जिलों में चिकित्सा महाविद्यालयों से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, HWC स्तर तक एईएस/जेई के नोडल पदाधिकारियों को चिन्हित किया गया है तथा विशेष वार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि प्रभावित जिलों के अस्पतालों में आवश्यक दवाओं, जांच सुविधाओं एवं चिकित्सकीय उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। सभी मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पतालों को आवश्यक दवाओं एवं उपकरणों का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि मरीजों को बेहतर एवं त्वरित उपचार उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाओं की निःशुल्क उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही निःशुल्क जांच, निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा एवं मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के अंतर्गत एईएस मरीजों के लिए वाहन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। चिन्हित 12 प्रभावित जिलों में परिजन के द्वारा अपने निजी वाहन से मरीज को अस्पताल लाने पर नियमानुसार उन्हें तत्काल नगद राशि के भुगतान की भी व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जापानी इंसेफेलाइटिस (JE) का निःशुल्क नियमित टीकाकरण अभियान लगातार चलाया जा रहा है। वहीं, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (HWC) पर टेलीमेडिसिन कार्यक्रम के अंतर्गत टेली कंसल्टेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। आशा एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ ग्राम स्तर पर समन्वय स्थापित कर बच्चों में बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। अभिभावकों को बच्चों को तेज धूप से बचाने, रात में भूखे नहीं सुलाने, पर्याप्त पानी एवं ओआरएस देने तथा झाड़-फूंक में समय न व्यर्थ करते हुए लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें।

# हिंदी फिल्म रजनी की बारात का ट्रेलर लॉन्च, 29 मई को सिनेमाघरों में होगी प्रदर्शित

नई सोच एक्सप्रेस



» मिथिलांचल की पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म पूरे परिवार के साथ देखने लायक : आदित्य अमन

**पटना।**29 मई 2026 को रिलीज हो रही हिंदी फिल्म रजनी की बारात बिहार की नई सांस्कृतिक पहचान, खूबसूरती और भोलेपन को बड़े पर्दे पर पेश करने की कोशिश है। इस फिल्म की सबसे खास बात यह है कि इसे पूरी तरह बिहार के दरभंगा और मिथिलांचल की असली लोकेशनों पर शूट किया गया है वो भी बिना सेट, बिना बनावट, सिर्फ असली कहानियों और असली लोगों के साथ। एपीएफई एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म रजनी की बारात का ट्रेलर लॉन्च दानापुर स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल में किया गया। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल धर्मशीला पांडेय, वाईस प्रिंसिपल पी के सामंत रे, शिक्षक डॉ. सी वी पांडेय, ए के चौधरी, पी के मोहंती सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी ने फिल्म की पूरी टीम का उत्साह बढ़ाया। फिल्म के निर्देशक आदित्य अमन, जो आर्मी पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र रहे हैं, बिहार की नई पीढ़ी के उन फिल्मकारों में शामिल हैं जो बिहार को अपराध या पिछड़ेपन की नहीं, बल्कि संस्कृति, खूबसूरती और संवेदनशील कहानियों की धरती के रूप में दिखाना चाहते हैं। इतना ही नहीं, आदित्य अमन ने महाराष्ट्र के निर्माताओं को भी बिहार की प्रतिभा और कहानियों पर भरोसा कर निवेश करने के लिए सफलतापूर्वक प्रेरित किया है। एपीएफई एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता तनया आडारकर और तेज एच आडारकर हैं, जबकि फिल्म के एसोसिएट प्रोड्यूसर मोहसिन खान हैं। आदित्य अमन ने कहा कि रजनी की बारात संभवतः मिथिलांचल की पृष्ठभूमि पर बनी पहली ऐसी फिल्म है, जहां सीता जी की जन्मभूमि और रामजी के स्वयंवर की ऐतिहासिक-सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक सोच के साथ जोड़ा गया है। फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की की है जो समाज की पुरानी परंपराओं को चुनौती देते हुए अपनी खुद की बारात लेकर निकलती है। फिल्म में अभिनेत्री उल्का गुप्ता स्कूटर पर अपनी ही बारात लीड करती नजर आएंगी, एक ऐसा दृश्य जिसने रिलीज से पहले ही लोगों का ध्यान खींच लिया है। फिल्म में उल्का गुप्ता, सुनीता राजवार, ज़रीना वहाब, अश्वथ भट्ट, कनिष्क और इशिता सिंह प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। आज जब दर्शक साफ-सुथरी और परिवार के साथ बैठकर देखी जा सकने वाली फिल्मों की तलाश में हैं, रजनी की बारात एक जरूरी फिल्म बनकर सामने आती है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की फिल्म नीतियों से प्रेरित होकर बिहार सरकार द्वारा 2025 में लाई गई फिल्म नीति अब राज्य में नई संभावनाओं के दरवाजे खोल रही है। यह फिल्म मनोरंजन के साथ-साथ समाज में महिलाओं के फैसलों, सम्मान और बराबरी की बात भी करती है। 29 मई 2026 को अपने नजदीकी सिनेमाघर में आइए और पूरे परिवार के साथ रजनी की बारात का हिस्सा बनिए। क्योंकि यह बिहार की मिट्टी से निकली एक अपनी कहानी है।

# मोरेपेन लैब्स का क्यू4 मुनाफा 69 प्रतिशत बढ़ा

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।**मोरेपन लैबोरेट्रीज ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी का शुद्ध लाभ 69 प्रतिशत बढ़कर 20 करोड़ रुपये हो गया, जबकि सकल राजस्व 22 प्रतिशत बढ़कर 472 करोड़ रुपये पहुंच गया। कंपनी ने इस वृद्धि का श्रेय निर्यात कारोबार में तेजी और मेडिकल डिवाइसेज बिजनेस के विस्तार को दिया है। कंपनी के एपीआई कारोबार में क्यू4 के दौरान 17 प्रतिशत और मेडिकल डिवाइसेज बिजनेस में 31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का स्टैंडअलोन सकल राजस्व 1,700 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। बोर्ड ने शेयरधारकों को 10 प्रतिशत लाभांश देने का प्रस्ताव रखा है। कंपनी ने लगातार चौथी बार यूएसएफडीए निरीक्षण बिना किसी प्रतिकूल टिप्पणी के सफलतापूर्वक पास किया है। साथ ही, 825 करोड़ रुपये के बहुवर्षीय सीडीएमओ कॉन्ट्रैक्ट के तहत कमर्शियल प्रोडक्शन भी शुरू हो गया है। मोरेपेन लैब्स के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुशिल सूरी ने कहा कि कंपनी अब दीर्घकालिक विनिर्माण साझेदारियों, क्षमता विस्तार और बेहतर परिचालन क्षमता पर केंद्रित विकास के अगले चरण में प्रवेश कर रही है। कंपनी अपनी उत्पादन क्षमता को लगभग 500 केएल से बढ़ाकर 800 केएल करने पर काम कर रही है और आगे इसे 1000 केएल तक ले जाने की योजना है। वहीं मेडिकल डिवाइसेज कारोबार का राजस्व एफवाई2026 में 21 प्रतिशत बढ़कर 598 करोड़ रुपये पहुंच गया।

# बॉक्स ऑफिस पर चांद मेरा दिल की कमाई में मामूली उछाल, कम कमाई पर एक दिन को छोड़ दिया पीछे





लक्ष्य और अनन्या पांडे की फिल्म चांद मेरा दिल को रिलीज हुए 2 दिन हो गए हैं. फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर एवरेज रिस्पॉन्स मिल रहा है. दो दिन में फिल्म ने सिर्फ 6 करोड़ का ही कलेक्शन किया है. हालांकि, इस रोमांटिक ड्रामा ने जुनैद खान की एक दिन को पीछे छोड़ दिया है. सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने दूसरे दिन 3.65 करोड़ कमाए. फिल्म को 4,884 शोज मिले. वहीं फिल्म को 15 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म ने पहले दिन 3 करोड़ का बिजनेस किया था. दो दिन में फिल्म ने 6.65 करोड़ का टोटल कलेक्शन कर लिया. वहीं ओवरसीज मार्केट में फिल्म ने दूसरे दिन 50 लाख कमाए. फिल्म ने दो दिन में 80 लाख की कमाई की. फिल्म ने वर्ल्डवाइड 8.69 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म के दो दिन के कलेक्शन के आंकड़े बहुत ज्यादा नहीं हैं लेकिन फिल्म ने एक दिन को पीछे छोड़ दिया. जुनैद खान और साई पल्लवी की फिल्म एक दिन ने दूसरे दिन 1.20 करोड़ कमाए थे. अब देखना होगा कि फिल्म रविवार को कैसा कलेक्शन करती है. फिल्म को धर्मा प्रोडक्शन ने प्रोड्यूस किया है. वहीं विवेक सोनी ने फिल्म को डायरेक्ट किया. फिल्म में अनन्या पांडे और लक्ष्य की लव स्टोरी देखने को मिली. फिल्म के ट्रेलर में दोनों की केमिस्ट्री को बहुत सराहा गया.

मालूम हो कि एबीपी न्यूज ने फिल्म को 4 स्टार दिए. फिल्म की कहानी को सराहा गया. फिल्म में लक्ष्य आरव के रोल में हैं. वहीं अनन्या चांदनी के रोल में दिखीं. दोनों की कॉलेज लाइफ लव स्टोरी देखने को मिलती है. दोनों की एक्टिंग को पसंद किया गया. फिल्म का म्यूजिक भी जबरदस्त है. आयुष्मान खुराना की 3 हीरोइनों वाली कॉमेडी फिल्म पति पत्नी और वो दो का दूसरे हफ्ते के पहले दिन यानी शुक्रवार को इसका कारोबार गिरकर सिर्फ 1.35 करोड़ रुपये रह गया था, लेकिन शनिवार की छुट्टी का फिल्म को फायदा मिला। रिलीज के नौवें दिन (शनिवार) ने 2.77 करोड़ रुपये कमाए। इसी के साथ फिल्म का कुल कारोबार अब 33.12 करोड़ रुपये हो गया है। सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी इसमें मुख्य भूमिका में हैं।



## फिल्म हॉन्टेड 3डी से जारी हुआ पहला गाना जन्मों जनम छा गई मोहित चौहान की आवाज

निर्देशक विक्रम भट्ट की हॉरर-मिस्ट्री फिल्म हॉन्टेड 3डी: घोस्ट ऑफ द पास्ट अगले महीने सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती के बेटे मिमोह चक्रवर्ती मुख्य किरदार में हैं, जिन्हें 2011 में आई हॉन्टेड 3डी में देखा गया था। उनके साथ मुख्य किरदार में अभिनेत्री चेतना पांडे नजर आएंगी। अब निर्माताओं ने फिल्म का पहला गाना जारी कर दिया है, जिसका शीर्षक जन्मों जनम है। जन्मों जनम को सारेगामा म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर जारी किया गया है। इसे आवाज मोहित चौहान ने दी है, जबकि कंपोज प्रतीक वालिया ने किया है। इसके बोल निर्देशक विक्रम ने लिखे हैं। मोहित की आवाज में यह गाना लोगों को बेहद पसंद आ रहा है। फिल्म की बात करें, तो आनंद पंडित और राकेश जुनेजा द्वारा निर्मित हॉन्टेड 3डी का निर्माण प्रोमोएज मीडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है। यह 12 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## रामचरण-जान्हवी कपूर की पेद्दी को सेंसर बोर्ड से मिली हरी झंडी; मिला यू/ए सर्टिफिकेट

रामचरण अपनी आगामी फिल्म पेद्दी को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनके साथ जान्हवी कपूर नजर आएंगी। फिल्म को सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिल गई है। सिनेमाघरों में दस्तक देने से पहले सीबीएफसी की तरफ से इसे यू/ए 16+ सर्टिफिकेट दिया गया है। सेंसर बोर्ड की तरफ से कराए गए कुछ एडिट के बाद फिल्म के रनटाइम का खुलासा हो गया है। फिल्म पेद्दी बुच्ची बाबू सना द्वारा निर्देशित एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) से यू/ए 16+ सर्टिफिकेट मिला है। निर्माताओं के अनुसार, पेद्दी का फाइनल रनटाइम 189 मिनट है यानी यह फिल्म तीन घंटे और 9 मिनट लंबी होगी। कथित तौर पर, सर्टिफिकेशन से जुड़ी जानकारी जारी की गई थी। सर्टिफिकेशन प्रोसेस के तहत सीबीएफसी ने फिल्म में कुछ बदलावों का सुझाव दिया। यह फिल्म ग्रामीण पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसमें कुछ गाली-गलौज वाले शब्द थे, जिन्हें सेंसर के सुझाव पर म्यूट किया गया है। चिकिरी चिकिरी गाने के कुछ द्विअर्थी बोलों को बदलने का आदेश सेंसर बोर्ड की तरफ से दिया गया है। फिल्म की यूनिट की तरफ से इसके लिए सहमति दे दी गई है। इसके अलावा फिल्म से राजस्थान शब्द और एक समुदाय का जिक्र हटाया गया है। इन सभी बदलावों के बाद फिल्म की अवधि तीन घंटे 9 मिनट है। फिल्म पेद्दी में रामचरण लीड रोल अदा कर रहे हैं। वहीं, जान्हवी कपूर अचियम्मा के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म में शिवा राजकुमार, जगपति बाबू, बोमन ईरानी और दिव्येंदु भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 04 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।





## बॉक्स ऑफिस पर छाया करुप्पु का जादू 9 दिनों में ही निकाला बजट, सूर्या ने 10 साल बाद दी पहली सक्सेसफुल फिल्म



सूर्या की करुप्पू की बात करें तो फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कब्जा जमा लिया है. पहले दिन से ही फिल्म रिकॉर्ड ब्रेक कमाई कर रही है. सूर्या के करियर के लिए ये फिल्म अहम साबित हुई है. फिल्म ने सक्सेसफुली बजट रिकवर कर लिया है. कोईमोई के मुताबिक, फिल्म का बजट 130 करोड़ करोड़ है. वहीं बॉक्स ऑफिस पर अब फिल्म ने 133.85 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने नौवें दिन 12.20 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म को 4,987 शोज मिले और 42.1 परसेंट ऑक्यूपेंसी मिली. वीं फिल्म ने ग्रॉस 154.99 करोड़ की कमाई कर ली है. वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने ओवरसीज मार्केट में 9वें दिन 3.5 करोड़ कमाए. ओवरसीज मार्केट में फिल्म ने 62.75 करोड़ का टोटल कलेक्शन कर लिया है. इसी के साथ फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 217.74 करोड़ हो गया है. इसी के साथ ये फिल्म सूर्या के करियर में 10 साल के बाद पहली सक्सेसफुल फिल्मों में शामिल हो गई है. एक्टर ने पिछली बार 2015 में फिल्म पसंगा 2 हिट दी थी. करुप्पू ने सूर्या के करियर को एक ई उड़ान दी है. फिल्म ने पहले दिन 15.50 करोड़ कमाए थे. वहीं दूसरे दिन फिल्म ने 24.15 करोड़ का कलेक्शन किया. तीसरे दिन फिल्म ने 28.35 करोड़, चौथे दिन 14.30 करोड़, पांचवें दिन 12.75 करोड़, छठे दिन 10.70 करोड़, सातवें दिन 8.10 करोड़ कमाए. फिल्म ने पहले हफ्ते में 113.85 करोड़ का कलेक्शन किया. आठवें दिन फिल्म ने 7.80 करोड़ कमाए.

## फ्रिज में प्लास्टिक और कांच की बोतल में से किसमें पानी रखना होता है बेहतर?



पानी को स्टोर करने के लिए प्लास्टिक और कांच की बोतल, दोनों का इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि, जब बात फ्रिज में पानी स्टोर करने की आती है तो इस पर काफी चर्चा होती रहती है। कुछ लोग कहते हैं कि प्लास्टिक की बोतल में पानी रखना हानिकारक है, वहीं कुछ लोग कांच की बोतल को बेहतर मानते हैं। आइए जानते हैं कि फ्रिज में पानी स्टोर करने के लिए कौन-सी बोतल का इस्तेमाल करना चाहिए। प्लास्टिक की बोतल में पानी स्टोर करना सुरक्षित है या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप किस तरह की प्लास्टिक का इस्तेमाल कर रहे हैं। अगर आप बिना हानिकारक रसायनों वाली प्लास्टिक का इस्तेमाल कर रहे हैं तो यह सुरक्षित है। हालांकि, सस्ती और घटिया गुणवत्ता की प्लास्टिक में नुकसानदायक रसायन होते हैं, जो पानी में मिल सकते हैं और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। कांच की बोतल एक अच्छा विकल्प हो सकता है, क्योंकि यह बिना किसी हानिकारक रसायन के होती है। इसके अलावा कांच की बोतलें लंबे समय तक चलती हैं और इनमें रखा पानी ताजा भी लगता है। हालांकि, कांच की बोतलें भारी होती हैं और टूटने का खतरा अधिक होता है, इसलिए इन्हें संभालते समय सावधानी बरतें। इसके साथ ही इन्हें धोकर साफ रखना भी जरूरी है, ताकि इनमें बैक्टीरिया न पनप सकें।

अब सवाल यह है कि प्लास्टिक और कांच में से कौन-सी बोतल बेहतर है? इसका जवाब देना मुश्किल है, क्योंकि दोनों के अपने-अपने फायदे और नुकसान हैं। अगर आप लंबे समय तक चलने वाला समाधान चाहते हैं तो कांच की बोतल बेहतर है, लेकिन अगर आप यात्रा के दौरान या ऑफिस में आसानी से इस्तेमाल करना चाहते हैं तो प्लास्टिक एक अच्छा विकल्प है। सबसे जरूरी है कि आप हमेशा बिना हानिकारक रसायनों वाली प्लास्टिक का ही चयन करें।

प्लास्टिक की बोतल में मौजूद कुछ रसायन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। ये रसायन पानी में मिल सकते हैं और शरीर में जाकर कई समस्याएं पैदा कर सकते हैं। इसके विपरीत कांच की बोतलें पूरी तरह से सुरक्षित होती हैं और इनमें रखे पानी का स्वाद भी प्रभावित नहीं होता। इसलिए, स्वास्थ्य के लिहाज से कांच की बोतल अधिक सुरक्षित मानी जाती है। प्लास्टिक की बोतलों में प्लास्टिक के महीन कण भी घुल जाते हैं।

प्लास्टिक की बोतलों का इस्तेमाल पर्यावरण के लिए हानिकारक होता है, क्योंकि ये आसानी से नष्ट नहीं होतीं और जमीन पर कई साल तक पड़ी रहती हैं। इससे प्रदूषण बढ़ता है और जलीय जीव-जंतु भी प्रभावित होते हैं। दूसरी ओर कांच की बोतलें दोबारा इस्तेमाल की जा सकती हैं और इन्हें लंबे समय तक चलाया जा सकता है। इसलिए, पर्यावरण के लिए कांच की बोतलें बेहतर विकल्प साबित होती हैं।

## राज साई दुर्गा तेज की नई फिल्म एसडीटी19 का ऐलान, पोस्टर भी आउट

मेगा सुप्रीम हीरो साई दुर्गा तेज एसडीटी 19 के साथ एक नई फिल्मी यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। यह फिल्म एक बेजोड़ विज़ुअल अनुभव देने का वादा करती है। इसके अनाउंसमेंट पोस्टर में एक अकेला योद्धा एक विशाल खगोलीय संरचना के सामने खड़ा दिखाई देता है, जो एक ऐसी कहानी की ओर इशारा करता है जो पैमाने में भव्य और कल्पना से भरपूर है।

इस फिल्म का निर्देशन सुजीत और संदीप ने किया है, जो अपने काम केए के लिए जाने जाते हैं। इसे साहू गारापाटी ने शाइन स्क्रीन्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। शाइन स्क्रीन्स एक ऐसा प्रोडक्शन हाउस है जिसका सफल फिल्में देने का एक शानदार ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। इस सहयोग ने फैंस के बीच काफी उत्साह जगा दिया है, और कई लोग एक शानदार फिल्मी अनुभव की उम्मीद कर रहे हैं। एसडीटी 19 पौराणिक साइंस-फिक्शन और ज़ोरदार कहानी कहने के अंदाज़ का एक अनोखा मेल है, जो एक बेमिसाल सिनेमाई अनुभव देने का वादा करता है। साई दुर्गा तेज का किरदार काफ़ी दमदार और दिलचस्प होने की उम्मीद है, खासकर उनकी पिछली फ़िल्मों जैसे विरूपाक्ष और ब्रो में उनके शानदार अभिनय को देखते हुए। प्रोडक्शन हाउस, शाइन स्क्रीन्स,



लगातार असरदार फ़िल्में बनाता आया है, और एसडीटी 19 को भी उनकी कामयाबी में एक और मील का पत्थर माना जा रहा है। एक मज़बूत क्रिएटिव सोच और साई दुर्गा तेज जैसे ज़बरदस्त कलाकार के साथ, यह फ़िल्म एक बेहतरीन और अनोखा सिनेमाई अनुभव बनने की राह पर है। जैसे-जैसे रिलीज़ की तारीख़ नज़दीक आ रही है, एसडीटी 19 को लेकर लोगों में उत्सुकता बढ़ती जा रही है; फ़ैन्स इस शानदार सिनेमाई नज़ारे को देखने के लिए बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।

# आईपीएल के पहले क्वालिफायर में शुभमन ने हार के लिए खराब फील्डिंग को जिम्मेदार बताया

**एजेंसी, धर्मशाला**

गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल आईपीएल 2026 के पहले क्वालिफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मिली हार से निराश नजर आये। शुभमन ने इस बार के लिए खराब फील्डिंग को जिम्मेदार बताया। साथ कहा कि उनकी टीम दबाव का सामना ठीक से नहीं कर पायी। इस मैच में गुजरात टाइटंस की टीम बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए ढ़ह गयी और उसे 92 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा। मैच में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 254 रन बनाये थे। जिसके बाद गुजरात केवल 162 रन ही बना पायी।




शुभमन ने टीम की बार के कारणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी टीम मैच में बनी हुई थी पर कई अवसरों पर हुई गलतियों ने मुकाबला उनके हाथ से फिसल गया। साथ ही कहा कि 12वें-13वें ओवर तक उनकी टीम मुकाबले में थी पर जिस प्रकार से कैच गिरे उससे विरोधी टीम हावी हो गयी। शुभमन ने कहा, मुझे लगता है कि हम 12वें-13वें ओवर तक मैच में अच्छी स्थिति में थे। हमारी फील्डिंग बिल्कुल स्तर के अनुसार नहीं थी हालांकि हम ये मैच भूलकर अब दूसरे क्वालीफायर में जीतने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने साथ हीकहा, दबाव वाले मौकों पर हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। हमार शुरुआत ही अच्छी नहीं रही। आउटफील्ड तेज थी, लेकिन जिस तरह पिच खेल रही थी, उस हिसाब से लक्ष्य हासिल किया जा सकता था। टीम के लक्ष्य तक नहीं पहुंचने का एक कारण बल्लेबाज साई सुदर्शन का बदकिस्मती से हिट-विकेट आउट होना भी रहा। जिस गेंद पर उन्होंने चौका लगाया, उसी गेंद पर उनका बल्ला विकेट से टकरा गया। इस पर गिल ने कहा, ऐसे विकेट बहुत कम देखने को मिलते हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था।

टीम की खराब फील्डिंग हार का सबसे बड़ा कारण रही। टीम ने एक ही ओवर में आरसीबी की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले रजत पाटीदार के दो कैच गिरा दिए। पाटीदार ने इन मौकों का पूरा फायदा उठाया और आक्रामक बल्लेबाजी कर केवल 33 गेंदों में नाबाद 93 रन बना दिये जिससे मैच पलट गया। दिए। उनकी पारी में चौकों और छक्कों की बरसात देखने को मिली। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम दबाव में आ गयी और कोई भी बल्लेबाज विकेट पर टिक नहीं पाया।

## रैना ने शुभमन और सुदर्शन की जोड़ी को आईपीएल की सबसे अच्छी जोड़ी बताया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने गुजरात टाइटंस टीम के कप्तान शुभमन गिल और सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि इनकी जोड़ी आईपीएल इतिहास की सबसे अच्छी सलामी जोड़ी है। रैना ने कहा कि शुभमन और सुदर्शन ने जिस तेजी और निरंतरता के साथ रन बनाए हैं। ऐसा करने में कोई भी दूसरी जोड़ी सफल नहीं रही है। इन दोनों ने साथ मिलकर केवल 46 पारियों में ही तेजी से खेलते हुए 21 बार 50 या उससे अधिक रनों की साझेदारी की है। इससे उनकी आपसी समझ और मैदान पर एक दूसरे के साथ अच्छे तालमेल का पता चलता है। रैना ने कहा कि इस जोड़ी ने विराट कोहली और क्रिस बेल के अलावा एबी डिविलियर्स और-विराट की जोड़ी को भी पीदे छोड़ दिया है। रैना ने कहा, जहां गेल और कोहली को 21 बार 50 से अधिक रनों की साझेदारी तक पहुंचने में 59 पारियां लगी थीं, वहीं डिविलियर्स और कोहली ने यह उपलब्धि 76 पारियों में हासिल की थी जबकि शुभमन और सुदर्शन ने यह आंकड़ा केलव 46 पारियों में ही हासिल कर लिया। इन जोड़ी ने आईपीएल के अलावा टी20 क्रिकेट में भी कई बड़े रिकॉर्ड बनाये हैं। इस जोड़ी ने अब तक 10 शतकीय साझेदारियाँ बनायी हैं, और यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह सबसे तेज जोड़ी है। इस जोड़ी ने आईपीएल में बिना कोई विकेट खोये 200 रन के लक्ष्य को भी आसानी से हासिल किया है। इन दोनो ने ही पारी शुरु करते हुए आईपीएल में 2000 से अधिक रन बनाये हैं, और उनकी साझेदारी का औसत 67 से अधिक का है, जो उनकी निरंतरता और एक-दूसरे के प्रति समझ को स्पष्ट रूप से दिखाता है। यह औसत उनकी बल्लेबाजी की गहराई और हर हाल में प्रदर्शन करने की क्षमता भी दिखाता है।




## यूनिटी कप फुटबॉल में 27 मई को भारत का मुकाबला जमैका से होगा

**एजेंसी, लंदन**

भारतीय सीनियर पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम आजकल यूनिटी कप 2026 में भाग लेने इंग्लैंड गयी हुई है। भारतीय टीम यहां अपना पहला मुकाबला भारतीय समयानुसार 27 मई की रात को दूसरे सेमीफाइनल में जमैका से खेलेगी। ये 24 साल बाद पहला अवसर है जब भारतीय टीम इंग्लैंड की धरती पर कोई अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलेगी। इससे पहले आखिरी बार भारतीय फुटबॉल टीम ने साल 2002 में इंग्लैंड में मैच खेला था। ऐसे में इस मैच को लेकर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह है। फीफा रैंकिंग में अभी भारतीय टीम 136वें स्थान पर है, जबकि जमैका 71वें स्थान पर है। वहीं, पहले सेमीफाइनल में नाइजीरिया और जिम्बाब्वे की टीमें टकरायेंगी। नाइजीरिया की टीम फीफा रैंकिंग में 26वें स्थान पर एक मजबूत दावेदार है, जबकि जिम्बाब्वे 130वें नंबर पर मौजूद है। इस टूर्नामेंट का प्रारूप ऐसा है कि सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों टीमें तीसरे स्थान के लिए भी प्ले-ऑफ मैच खेलेंगी, जिससे सभी टीमों को कम से कम दो अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का मौका मिलेगा। सभी मुकाबले लंदन के द वैली स्टेडियम में खेले जाएंगे। ऐसे में भारतीय टीम के लिए यह इंग्लैंड में अपनी क्षमताओं को साबित करने और अंतरराष्ट्रीय अनुभव हासिल करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। मुख्य कोच खालिद जमील की ये पहली परीक्षा होगी। इस टूर्नामेंट से पहले भारती टीम ने राष्ट्रीय कैंप में भी अभ्यास किया था।



## एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप पर हैं मनु की नजरें

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता महिला निशानेबाज मनु आजकल एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारियों में लगी हैं। मनु का लक्ष्य इन टूर्नामेंटों में बेहतर प्रदर्शन कर पेरिस ओलंपिक क्वालिफिकेशन चक्र के लिए अपनी दावेदारी पक्की करना है। मनु का कहना है कि अभी उनका ध्यान अपना फॉर्म बनाये रखते हुए बेहतर प्रदर्शन करने पर है। मनु ने दृढ़ता से कहा, इस साल एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट्स हमारे सामने हैं, और हम इन दोनों बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने कोच के साथ बैठकें की हैं और आगामी टूर्नामेंट्स तथा अपनी तैयारी की एक संपूर्ण और सुनियोजित रूपरेखा तैयार कर ली है। इससे ये साफ है कि उनकी रणनीति केवल तात्कालिक सफलता पर नहीं, बल्कि एक लंबी अवधि की योजना का हिस्सा है। उन्होंने पिछले साल 10 मीटर एयर पिस्टल में वर्ल्ड कप रजत पदक जीता और इस साल भी 25 मीटर पिस्टल में एशियन चैंपियनशिप में रजत हासिल किया। अब उनका लक्ष्य एक बार फिर अपनी पुरानी, शीर्ष स्तरीय लय हासिल करना है, जो उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक निर्विवाद मजबूत दावेदार बनाएगी।

## टी20 में दोहरा शतक लगाना चाहते हैं वैभव सूर्यवंशी

**एजेंसी, मुम्बई**

डंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से कई नये रिकार्ड बनाने वाले राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का लक्ष्य अब टी20 क्रिकेट में दोहरा शतक लगाना है। 15 साल की उम्र में ही इस सत्र में 500 से अधिक रन बनाकर ऑरेंज कैप के दावेदारों में शामिल वैभव का कहना है कि वह वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर क्रिस गेल का 175 रनों का रिकॉर्ड भी तोड़ना चाहते हैं। वैभव ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन के एक शो में ये बातें कहीं। जब पीटरसन ने उनसे पूछा कि क्या उन्हें अर्धशतक का जश्न मनाना अच्छा लगता है तो वैभव का जवाब था, मुझे 50 रन का जश्न मनाना ज्यादा पसंद नहीं है। मैं टी20 में 200 रन बनाना चाहता हूं। मैं गेल का रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। उनका ये बयान सोशल मीडिया में छा गया है। गौरतलब है कि गेल ने आईपीएऐ 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलते हुए पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ मात्र 66 गेंदों में नाबाद 175 रन बनाए थे। इस पारी में गेल ने 13 चौके और 17 छक्के लगाये थे, और इसी मैच में उन्होंने 30 गेंदों में लीग का सबसे तेज शतक भी जड़ा था। ये रिकार्ड आज भी बरकरार है।




वहीं वैभव इस सत्र के सबसे बड़े युवा सितारे बनकर उभरे हैं। उन्होंने 14 मैचों में 41.64 की शानदार औसत और 232.27 की विस्फोटक स्ट्राइक रेट से कुल 583 रन बनाए हैं।

# बिजनेस

## केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री ने एसईसीएल के कार्य संचालन की समीक्षा की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने दक्षिण पूर्वी कोयला क्षेत्र लिमिटेड (एसईसीएल) का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कंपनी के परिचालन प्रदर्शन, अवसंरचना संबंधी पहलों और भविष्य की विकास योजनाओं की समीक्षा की। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि इस दौरे के दौरान कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने रायपुर में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भी मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों के बीच राज्य में कोयला उत्पादन, अवसंरचना विकास, रसद संपर्क, ऊर्जा सुरक्षा और औद्योगिक विकास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। मंत्रालय के मुताबिक इन चर्चाओं का मुख्य लक्ष्य प्रमुख विकास परियोजनाओं में तेजी लाना, परिचालन सुगम बनाना और कोयला उत्पादक क्षेत्रों में आर्थिक विकास एवं रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच में समन्वय को मजबूती देना था।






इस मौके पर उन्होंने कोयला क्षेत्र के विकास के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दिए जा रहे निरंतर समर्थन की सराहना की और विश्वास व्यक्त किया कि सहयोगात्मक दृष्टिकोण से राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा में राज्य का योगदान और अधिक मजबूत होगा। कोयला मंत्रालय के मुताबिक एसईसीएल मुख्यालय के अपने दौरे के दौरान सतीश चंद्र दुबे ने व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में कोयला के उत्पादन, ढुलाई, गुणवत्ता प्रबंधन, सुरक्षा, डिजिटलीकरण पहल, पर्यावरण स्थिरता उपायों, कोयला गैसीकरण परियोजनाओं, खदान बंद करने की गतिविधियों, सीएसआर पहल और कंपनी की भविष्य की कार्य योजनाओं की समीक्षा की गई। मंत्रालय के मुताबिक इस अवसर पर एसईसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरीश दुहान ने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान एसईसीएल ने कोल इंडिया के 100 मिलियन टन के संचयी उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने में 26.86 मिलियन टन का सर्वोच्च योगदान दिया है। उन्होंने कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एसईसीएल की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस बैठक में एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहान, कार्यात्मक निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी, कोयला मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और एसईसीएल के अधिकारी उपस्थित थे।

## आयकर विभाग ने शुरू की 2026-27 के लिए आईटीआर-2 ऑनलाइन दाखिल करने की सुविधा

**एजेंसी, नई दिल्ली** । आयकर विभाग ने बुधवार को आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न-2 को ऑनलाइन दाखिल करने की सुविधा शुरू कर दी है। अब करदाता आयकर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर जाकर अपना आईटीआर-2 को ऑनलाइन भर सकते हैं। आयकर विभाग के मुताबिक आईटीआर-2 उन व्यक्तिगत करदाता के लिए है, जिनकी इनकम व्यवसाय या पेशे से नहीं होती, लेकिन उन्हें पूंजीगत लाभ से प्राप्ति होती है। इससे पहले आयकर विभाग ने 15 मई को आईटीआर-1 और आईटीआर-4 को ऑनलाइन दाखिल करने की सुविधा शुरू की थी, जिनका इस्तेमाल छोटे और मझोले करदाता करते हैं। आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 की इनकम के लिए आयकर रिटर्न फॉर्म 30 मार्च को अधिसूचित किए गए अब आकलन वर्ष (ए.वाई.) 2026–27 के लिए आईटीआर-2 की ऑनलाइन फाइलिंग और एक्सेल यूटिलिटी अब ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध हैं। ऐसे में करदाता रिटर्न दाखिल करना शुरू कर सकते हैं। व्यक्तिगत करदाताओं के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-2 को दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय की गई है।

## गोयल ने कनाडा के निवेशकों को स्वच्छ ऊर्जा, एआई क्षेत्र में भागीदारी के लिए किया आमंत्रित



**एजेंसी, नई दिल्ली**

तीन दिन के आधिकारिक दौरे पर कनाडा गए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को वहां प्रमुख पेंशन कोष, सॉवरेन और संस्थागत निवेशकों के साथ बैठकें कीं। गोयल ने इन बैठकों में निवेशकों को भारत के साथ स्वच्छ ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा (एआई) डिजिटल ढांचे और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में भागीदारी का न्योता दिया। बैठक में गोयल ने सतत विकास और साझा समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय बाजारों में सहयोग को और गहरा करने के अवसरों की तलाश करने का भी आह्वान किया। गोयल ने कहा कि विशेष रूप से सनलाइफ फाइनेंशियल के प्रमुख केविन स्ट्रेन के साथ हुई बैठक में बीमा, सेवानिवृत्ति समाधान, स्वास्थ्य वित्तपोषण और भारत के तेजी से बढ़ते वित्तीय सेवा क्षेत्र में दीर्घकालिक निवेश के अवसरों पर चर्चा हुई। कई प्रमुख कारोबारी दिग्गजों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स के वी प्रेम वत्स, मनुलाइफ फाइनेंशियल कॉरपोरेशन के अध्यक्ष व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) फिलिप विदरिंगटन, सनलाइफ कनाडा के अध्यक्ष और सीईओ केविन स्ट्रेन, टोरंटो डोमिनियन बैंक समूह के अध्यक्ष और सीईओ रेमंड चुन, नियो परफार्मेंस मैटिरियल्स के अध्यक्ष और सीईओ रहीम सुलेमान और मैक्केन फूड्स के अध्यक्ष और सीईओ मैक्स कोइयून शामिल रहे।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी में बदलाव नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। हालांकि चांदी के भाव में आज लगातार दूसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर हिस्सों में ये चमकीली धातु आज 470 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 510 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ती हो गई है। भाव में आई गिरावट के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,58,880 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,60,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,45,640 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,47,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,59,030 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,58,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,45,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,58,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,60,680 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,47,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।



## खतरनाक और विस्फोटक पदार्थों की ऑनलाइन बिक्री और सूचीकरण के खिलाफ कार्रवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली** । केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने खतरनाक और विस्फोटक पदार्थों की ऑनलाइन बिक्री और सूचीकरण के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। सीसीपीए ने कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है, जिनमें इंडियामार्ट, जस्टडायल, सिग्मा-एल्ड्रिच इंडिया, डायल4ट्रेड और एक्सपोर्टर्स इंडिया शामिल हैं। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय सीसीपीए ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के तहत डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर खतरनाक रसायनों, विस्फोटक पदार्थों और संबंधित अग्रदूतों की अनधिकृत ऑनलाइन बिक्री और विज्ञापन के खिलाफ नियामक कार्रवाई शुरू की है। सीसीपीए की इस कार्रवाई का उद्देश्य उपभोक्ता सुरक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा और जिम्मेदार ई-कॉमर्स प्रथाओं को मजबूत करना है। मंत्रालय के मुताबिक सीसीपीए ने विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर खतरनाक और विनियमित पदार्थों की ऑनलाइन लिस्टिंग और बिक्री के संबंध में मिली सूचनाओं के बाद यह कार्रवाई शुरू की है, जिसमें इंडियामार्ट, जस्टडायल, सिग्मा-एल्ड्रिच इंडिया, डायल4ट्रेड और एक्सपोर्टर्स इंडिया शामिल हैं।

## कोल इंडिया में दो फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी सरकार, बिक्री पेशकश खुली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की खनन कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) में अपनी दो फीसदी हिस्सेदारी ब्रिकी की प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। ये प्रक्रिया गैर-खुदरा निवेशकों के लिए बिक्री पेशकश (ओएफएस) बुधवार को खुल गई। इसके लिए न्यूनतम 412 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है। सरकार को इस बिक्री से लगभग 5,000 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। सीआईएल में दो दिन चलने वाली बिक्री पेशकश के तहत सरकार लगभग 12.32 करोड़ शेयर बेच रही है। इसमें एक फीसदी के ग्रीनशू विकल्प को भी शामिल किया है। खुदरा निवेशक इसमें निवेश करने के लिए अब 29 मई को शेयरों के बोली लगा सकेंगे, क्योंकि 28 मई को शेयर बाजार बंद रहेगा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के आंकड़ों के अनुसार शेयर बाजार खुलने के एक घंटे के भीतर ही गैर-खुदरा निवेशकों की ओर से लगभग 27.39 करोड़ शेयरों के लिए बोली लगाई गई। यह उनके लिए आरक्षित 5.54 करोड़ शेयरों की तुलना में कहीं अधिक है। सीआईएल के शेयरों के लिए 414.57 रुपये के संकेतात्मक मूल्य पर बोली लगाई गई। सरकार के द्वारा बिक्री पेशकश के लिए तय 412 रुपये का न्यूनतम मूल्य मंगलवार के बंद भाव 458.25 रुपये से लगभग 10 फीसदी कम है।





स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।